सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-311 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 06 मई 2025
07 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## न्यूज डायरी

### राहुल गांधी को राहत, नागरिकता को लेकर दाखिल याचिका खारिज



**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता कर्नाटक के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर को अन्य कानूनी वैकल्पिक उपाय अपनाने की छूट दी है। न्यायमूर्ति ए. आर. मसूदी और न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने कहा कि केंद्र सरकार याचिकाकर्ता की शिकायत के समाधान के लिए कोई समय सीमा नहीं दे पा रही है, ऐसे में इस याचिका को लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं है।

### पूर्व सांसद पर जानलेवा हमला



**बहराइच।** पूर्व सांसद बहराइच व वर्तमान बहराइच सांसद डॉ. आनंद गोंड के पिता अक्षयवर लाल गोंड पर सोमवार को दूसरे समुदाय के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पूर्व सांसद एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। लाठी-डंडा व धारदार हथियारों से लैस करीब 38 लोगों के अचानक पहुंचने से मौके पर अफरातफरी मच गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें कमरे में बंद कर उनकी जान बचाई। हमले में पूर्व सांसद बाल-बाल बच गए, लेकिन उनके सुरक्षागार्ड घायल हो गए। मोतीपुर क्षेत्र के मटेही कला निवासी राम सरोज पाठक के यहां रविवार को यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम था।

### बरेली में डिरेल होने से बची ट्रेन

**बरेली।** बरेली-बदायूं रेल खंड के बमियाना स्टेशन के पास सोमवार को रेल पटरी चटकने के कारण 55328 बरेली सिटी-कासगंज पैसेंजर डिरेल होने से बच गई। यह ट्रेन 80 मिनट खड़ी रही। बदायूं की ओर से आ रही 55311 कासगंज-लालकुआं पैसेंजर को भी 65 मिनट रोकना पड़ा। रेल पटरी चटकने के मामले में जांच के लिए कमेटी बना दी गई है। प्रारंभिक जांच में पटरी चटकने का कारण तापमान में उतार-चढ़ाव को माना जा रहा है। सही कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। सोमवार सुबह बरेली सिटी-कासगंज पैसेंजर बरेली सिटी से 7:34 बजे चली थी।

## 1971 के बाद पहली बार युद्ध की आशंका

# सभी राज्यों में होगा 'मॉक ड्रिल'

- केंद्रीय गृह मंत्रालय का निर्देश
- आम जनता को युद्ध के लिए तैयार करने की कवायद तेज
- बुधवार को पूरे देश में होगा सिविल डिफेंस का माक ड्रिल
- हवाई हमलों के अलर्ट के लिए सायरन सिस्टम होगा चालू



**सरकार को विपक्षी दलों का समर्थन**

आतंकी हमले के बाद सरकार ने सशस्त्र बलों को छूट दी है कि वह अपने समय और तरीके से फैसला ले सकते हैं। इस हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी और विपक्षी दलों ने भी इस हमले के दोषियों के खिलाफ सरकार की किसी भी कार्रवाई के लिए अपना समर्थन दिया है।

**सिविल डिफेंस को पूरी तरह चुस्त बनाने की कोशिश**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ युद्ध की आशंका को देखते हुए देश की जनता को इसके लिए तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है।

इस सिलसिले में गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को सिविल डिफेंस का मॉक ड्रिल करने को कहा है। इसके साथ ही हवाई हमलों की चेतावनी देने के लिए सभी शहरों में सायरन सिस्टम को चालू करने और आम लोगों को सुरक्षित करने के लिए जरूरी ट्रेनिंग देने को कहा गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार युद्ध के समय आम जनता को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने से लेकर जरुरी वस्तुओं की आपूर्ति सुचारू रखने में सिविल डिफेंस की अहम भूमिका होती है। मॉक ड्रिल के माध्यम से सिविल डिफेंस को पूरी तरह से चुस्त बनाने की कोशिश की जाएगी। 1971 के बाद कोई युद्ध नहीं होने के कारण हवाई हमलों को लेकर अलर्ट करने के लिए सायरन सिस्टम की जांच नहीं की गई थी। सभी राज्यों को सायरन सिस्टम को चालू करने और जरूरत पड़ने पर नए सिस्टम लगाने को कहा गया है। **बिजली सप्लाई से जुड़े अधिकारियों को भी अलर्ट रहने की जरूरत**-हवाई हमले की स्थिति में बिजली आपूर्ति रोककर तत्काल ब्लैक आउट सामान्य बात है। लेकिन इसके लिए बिजली सप्लाई से जुड़े अधिकारियों को तैयार रहना जरूरी है। इसके साथ ही दुश्मन की नजर से अहम प्लांट और संस्थानों को बचाने के लिए जरूरी उपाय करने को भी कहा गया है। हवाई हमलों के दौरान आम लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना का अहम होता है। इसमें आम लोगों की ट्रेनिंग के साथ-साथ सिविल डिफेंस की अहम भूमिका होती है। गृह मंत्रालय ने राज्यों से आम जनता को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने का प्लान तैयार करने और उसका रिहर्सल करने को कहा है। इससे पहले रविवार रात पंजाब के पूरे फिरोजपुर कैंट इलाके में 30 मिनट (रात 9 बजे से 9:30 बजे तक) का ब्लैकआउट रिहर्सल की गई थी। यह रिहर्सल कैंटोनमेंट बोर्ड/स्टेशन कमांडर के दिशा-निर्देशों पर की गई थी। इस दौरान लाइटें पूरी तरह से बंद कर दी गई थीं। अगर किसी वाहन की लाइट जलती हुई मिली तो उसे बंद करा दिया गया था।

## गलती न करें, सैन्य समाधान कोई हल नहीं : एंटोनियो

### यूएन प्रमुख ने की पहलगाम हमले की निंदा



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते इन दिनों कई सालों में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण हो गए हैं। गुटेरेस ने साफ कहा, यह देखकर मुझे दुख होता है कि भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तनाव पर हैं।

उन्होंने दो टूक कहा कि सैन्य समाधान कोई समाधान नहीं है और इस रास्ते पर जाना हालात को और बिगाड़ सकता है। बता दें कि, पहलगाम हमले को लेकर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव और भारत के सख्त तेवर से सहमे पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से आपातकालीन बैठक बुलाकर तनाव कम करने के प्रयास करने की गुहार लगाई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले पर भी यूएन प्रमुख ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नागरिकों को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसके जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाकर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट रहना चाहिए, लेकिन इसके साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा और कानून का पालन सबसे जरूरी है।

## भारत की कार्रवाई के बाद फिर चीन के सामने गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

**चीनी राजदूत से मिले राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी**

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच, चीन के राजदूत जियांग जेदोंग ने सोमवार को पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान के लिए समर्थन दोहराया। जेदोंग ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए पाकिस्तान का समर्थन करता रहेगा।

सरकार नियंत्रित रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, जेदोंग ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की और भारत-पाकिस्तान तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। रिपोर्ट में बताया गया कि बैठक के दौरान जरदारी ने पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से उठाए गए कदमों पर चिंता जताई और कहा कि इस तरह के कदम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। आतंकी हमले में मारे गए थे 26 लोग

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। मारे गए लोगों में अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में गिरावट आ गई है। भारत ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई रणनीतिक कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी चेक पोस्ट बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, जेदोंग ने चीन और पाकिस्तान के बीच स्थायी मित्रता की पुष्टि की।

## सीबीआई के नए निदेशक के नाम पर मंथन, पीएम मोदी ने की अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हुए। यह बैठक मौजूदा सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के दो साल के कार्यकाल के 25 मई को समाप्त होने से पहले हुई है। सीबीआई निदेशक की नियुक्ति केंद्र सरकार की तरफ से तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति की सिफारिश पर की जाती है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करते हैं और इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं। बता दें कि, सीबीआई के डायरेक्टर की नियुक्ति कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) करती है। इस उच्च-स्तरीय समिति में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा के विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।

## प्रदेश में अवैध पार्किंग पर लगेगा प्रतिबंध

### प्रमुख स्थलों पर अधिक शुल्क वसूलने की तैयारी



योगी कैबिनेट की बैठक आज

**लखनऊ।** प्रदेश में अवैध पार्किंग के धंधे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की नियमावली तैयार कर ली गई है। नियमावली में प्राइम टाइम जैसे सुबह 7 से 12 और शाम 5 से 8 बजे तक अधिक शुल्क वसूलने की भी व्यवस्था की जा रही है। नई नियमावली में शहर के प्रमुख स्थलों पर भी अधिक पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। इस नियमावली को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में मंजूरी दी जाएगी । इसके अलावा कैबिनेट में आठ अन्य प्रस्तावों को विचार के लिए रखा जाएगा। बता दें कि नगर विकास विभाग ने उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण एवं प्रचालन) नियमावली-2025 को तैयार करते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण किया था। इसके आधार पर स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव है। पार्किंग स्थल पर सीसीटीवी कैमरा, डिजिटल संकेतक, बूम बैरियर, पार्किंग स्थल पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग की व्यवस्था, एएनपीआर कैमरा, सिस्टम, हैंडहेल्ड पीओएस डिवाइस, फास्टैग से भुगतान आदि की व्यवस्था होगी। सचिवालय सेवा के आठ विशेष सचिव के पद भी बढ़ाने पर विचार हो सकता है।

## नेवी ने किया एमआईजीएम का सफल परीक्षण, रक्षामंत्री राजनाथ ने दी बधाई

- समुद्र के अंदर भी नहीं बचेगा दुश्मन



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच भारतीय नौसेना और डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) ने सोमवार को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

यह प्रणाली भारतीय नौसेना की समुद्री युद्ध क्षमताओं को और बढ़ाएगी। मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन के सफल परीक्षण पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और नौसेना को बधाई दी है। यह आधुनिक समुद्री बारूदी सुरंग है। जिसे नौसेना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला विशाखापत्तनम द्वारा डीआरडीओ समेत कई प्रयोगशालाओं के सहयोग से विकसित किया गया है। एमआईजीएम को आधुनिक स्टील्थ जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ भारतीय नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, विशाखापत्तनम और अपोलो माइक्रोसिस्टम्स लिमिटेड, हैदराबाद मिलकर इस प्रणाली का उत्पादन करेंगे। मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन एक प्रकार की आधुनिक समुद्री बारूदी सुरंग है, जो विभिन्न प्रकार के खतरों को भांपकर जहाजों या पनडुब्बियों को निशाना बनाती है। यह पारंपरिक बारूदी सुरंगों से अधिक उन्नत होती है, क्योंकि यह एक साथ कई सेंसरों और ट्रिगर मैकेनिज्म का उपयोग करती है, जिससे इसे निष्क्रिय करना या बचना मुश्किल हो जाता है।

## भारत को मिला रूस का साथ

- राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से की बात



**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है तथा पहलगाम आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''मोदी के साथ बातचीत में पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।''

रूसी दूतावास की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि पुतिन ने आतंकवादी हमले को ''बर्बर'' करार दिया और दोनों नेताओं ने हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ ''बिना समझौता किए लड़ाई'' की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ने इस वर्ष भारत में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। पुतिन 22 अप्रैल के आतंकवादी हमले की सबसे पहले निंदा करने वाले विश्व नेताओं में शामिल हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। जायसवाल ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को ''पूर्ण समर्थन'' देने की बात कही।

## पाकिस्तान ने भारतीय रक्षा कंपनियों पर किया साइबर अटैक



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार एक्शन ले रहा है। भारत हर मोर्चे पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान हैकर्स भारतीय वेबसाइट्स को निशाना बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, ताजा प्रकरण भारतीय रक्षा वेबसाइट को निशाना बनाने से जुड़ा हुआ सामने आया है। दरअसल, पाकिस्तान साइबर फोर्स नाम के एक एक्स हैंडल ने दावा किया है कि कुछ हैकर्स ने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज और मनोहर परिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज एंड एनावलिसिस के कुछ संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना ली है। समाचार एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दावा यह है कि हमलावरों ने लॉगिन क्रेडेंशियल सहित रक्षा कर्मियों से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी से समझौता किया हो सकता है। वहीं, इस समूह ने रक्षा मंत्रालय के तहत एक पीएसयू कंपनी आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट को भी निशाना बनाने की कोशिश की है। सूत्रों ने बताया कि एहतियाती उपाय के तौर पर बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड की वेबसाइट को पूरी तरह से ऑडिट के लिए ऑफलाइन कर दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि अवैध तरीके से होने वाले किसी भी एक्शन से किसी भी संभावित नुकसान का आकलन किया जा सके और वेबसाइट की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


GLA UNIVERSITY
Recognised by UGC Under Section 2(f) & 12B Status
Accredited with A+ Grade by NAAC
Mathura | Greater Noida
27 Years EDUCATIONAL EXCELLENCE
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS
Uttar Pradesh Shines in Asia!
Congratulations to the 5 leading private universities of Uttar Pradesh ranked in the Times Higher Education Asia University Rankings 2025.

| University Name | Band/ Rank among Private Universities | | |
|---|---|---|---|
| | Asia | India | U.P. |
| Amity University, Noida | 251-300 | 10 | 1 |
| GLA University, Mathura | 351-400 | 18 | 2 |
| Sharda University, Greater Noida | 401-500 | 22 | 3 |
| Galgotias University, Greater Noida | 501-600 | 27 | 4 |
| Shiv Nadar University, Greater Noida | 601+ | 46 | 5 |

Special applause to faculty members of GLA University for reinforcing our commitment to excellence and innovation.
— Narayan Das Agrawal, Chancellor, GLA University, Mathura
ADMISSION OPEN 2025-26
Mathura Campus: 17km Stone, NH-19, Mathura -Delhi Road, P.O. Chaumuhan, Mathura-281406 (U.P.) India
Gr. Noida Campus: 15 A, Knowledge Park - II, Greater Noida - 201310 (U.P.) INDIA
+91-9027068068 | Visit us: www.gla.ac.in
EMPOWER YOUR GROWTH WITH GLA ONLINE | Find details at online.gla.ac.in


## शराब घोटाला

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार

# आप बिना सबूत के लगा रहे आरोप

- जमानत याचिका पर हो रही थी सुनवाई
- कोर्ट ने पूछा क्या वह शेयर होल्डर था
- तीन आरोपपत्र किए जा चुके है दाखिल



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीगढ़ शराब घोटाला मामले में एक आरोपी के खिलाफ ''बिना किसी सबूत'' के आरोप लगाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सोमवार को फटकार लगाई और कहा कि यह एक चलन बन गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ छत्तीसगढ़ में कथित 2,000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा, ''ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आप बिना किसी सबूत के सिर्फ आरोप लगाते हैं। अभियोजन इस तरीके से अदालत के सामने टिक नहीं पाएगा।'' सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने आरोप लगाया कि सिंह ने विकास अग्रवाल नामक एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलीभगत करके 40 करोड़ रुपये कमाए। जब अदालत ने पूछा कि क्या अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है, तो राजू ने जवाब दिया कि वह फरार है। पीठ ने कहा, ''आपने एक विशिष्ट आरोप लगाया है कि उन्होंने (सिंह ने) 40 करोड़ रुपये कमाए। अब आप इस व्यक्ति का इस या किसी अन्य कंपनी से संबंध नहीं दिखा पा रहे हैं।'' अदालत ने कहा, ''आपको यह बताना चाहिए कि क्या वह उन कंपनियों के निदेशक हैं, क्या वह बहुलांश शेयरधारक हैं, क्या वह प्रबंध निदेशक हैं। कुछ तो होना ही चाहिए।''

राजू ने कहा कि कोई व्यक्ति किसी कंपनी को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि वह कंपनी के संचालन के लिए जिम्मेदार हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि एजेंसी बेबुनियाद आरोप लगा रही है। मामले की अगली सुनवाई नौ मई को होगी।शीर्ष अदालत ने 28 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सरकार की खिंचाई करते हुए पूछा था कि वह राज्य सरकार के अधिकारियों द्वारा दर्ज शराब घोटाला मामले में आरोपी को कब तक जेल में रखेगी। अदालत ने उल्लेख किया था कि मामले में तीन आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं और जांच अब भी जारी है। पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा था, ''जांच अपनी गति से चलती रहेगी। यह अनंत काल तक चलती रहेगी। तीन आरोपपत्र दाखिल किए जा चुके हैं। आप व्यक्ति को हिरासत में रखकर एक तरह से उसे दंडित कर रहे हैं। आपने प्रक्रिया को ही सजा बना दिया है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 06 मई, 2025



## लखीमपुर कलेक्ट्रेट को मिली नई पहचान अटल सभागार



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पुराने सभागार का नवीनीकरण (सौंदर्यीकरण) कार्य पूर्ण हो गया है। सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशासनिक अफसरों और कलेक्ट्रेट कर्मियों के साथ नवपरिवर्तित सभागार में भव्य प्रवेश किया और इसे अटल सभागार÷ के नाम से जनता को समर्पित किया। यह नामकरण भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में किया गया है, जिनकी दूरदर्शी नेतृत्व शैली और लोकतांत्रिक मूल्यों की आज भी मिसाल दी जाती है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि अटल सभागार केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनपद प्रशासन की कार्यसंस्कृति और विचारशीलता का प्रतीक बनेगा। यह स्थान नीतियों के निर्माण, योजनाओं की समीक्षा और जनता से जुड़ी संवेदनशील चर्चाओं का केंद्र बनेगा। ठीक वैसे ही जैसे अटल जी का जीवन संवाद, समाधान और समर्पण का प्रतीक रहा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिवार का उत्साह देखने लायक था। डीएम ने कलेक्ट्रेट कर्मियों को मिठाई खिलाई और सभी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है कि कलेक्ट्रेट परिसर को आज अटल सभागार के रूप में एक नई पहचान मिली है। यह केवल एक संरचना नहीं, बल्कि प्रशासनिक मूल्यों और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का सजीव प्रतीक है। पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की विचारशीलता, संवाद की शैली और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा अब इस सभागार की आत्मा बनेगी। कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में यह सभागार न केवल भौतिक रूप से आधुनिक हुआ है, बल्कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी एक नई सोच को प्रतिबिंबित करता है। यहां होने वाली चर्चाएं, योजनाएं और निर्णय निश्चय ही जनपद के विकास को नई दिशा देंगे।

## अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए एक महिला को किया गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना प्रभारी पलिया के नेतृत्व में दिनांक 05.05.2025 को थाना पलिया पुलिस द्वारा, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 450 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर), 90,633 रुपया भारतीय मुद्रा, 1,32,900 रुपया नेपाली मुद्रा, 04 मोबाइल फोन तथा पीली व सफेद धातु के कीमती आभूषण बरामद किये गये है।

बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 20 लाख रुपये है द्य प्रकरण मे थाना पलिया पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार महिला पूर्व मे भी मादक पदार्थों की तस्करी मे जेल जा चुकी है।

विगत दिनों मे बॉर्डर एरिया से भारी मात्रा मे मादक पदार्थों की लगातार बरामदगी व गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही कर अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। कैलाश कौर पत्नी गुरमीत सिंह नि0 मोहल्ला रंगरेजान प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी, स्थायी पता-मजरा पूरब थाना पढुआ जनपद खीरी।

## बरसात से मौसम खुशनुमा हुआ पर खेतों में खड़ी और कटी पड़ी गेहूं की फसल को हुआ काफी नुकसान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** रविवार देर शाम आई तेज आंधी से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं तेज बरसात होने से मौसम खुशनुमा हो गया, जिससे लोगों को गर्मी से निजात मिली। आंधी ने खड़ी फसलें गिरा दीं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है रविवार देर शाम हुई बरसात से मौसम खुशनुमा हुआ पर खेतों में खड़ी और कटी पड़ी गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। आंधी से घरों और मकानों पर पड़े टिन शेड उड़ गए। बारिश से नगर में कई मोहल्लों की नालियां भरने से सड़क पर पानी बहने लगा, जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई तेज बारिश और धूल भरी आंधी से लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। जिन लोगों के गेहूं गहाई का भूसा खेतों में पड़ा था, वर्षा से वह भीग गया है, जिससे ग्रामीणों के पशुओं को चारे की समस्या हो सकती है क्षेत्र में रविवार को आई तेज आंधी के साथ हुई बारिश से कुछ किसानों के गेहूं की फसल भीग गई। हालांकि कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी से रविवार को अचानक मौसम बदलने, तेज आंधी के साथ बारिश हुई। तेज आंधी से आम की फसल को नुकसान हुआ है आंधी के कारण बिजली सप्लाई बाधित रहने से लोगो को अंधेरे में गुजारा करना पड़ा। इस बारिस से गन्ने की फसल को लाभ हुआ है। वही खेतों में भूसा भीग गया।

## खीरी जनपद ने गेहूं खरीद में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया

**लखीमपुर खीरी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जनपद लखीमपुर खीरी ने गेहूं खरीद में नया इतिहास रचते हुए प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के पीछे डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की सक्रिय निगरानी, रणनीतिक प्रबंधन एवं किसान-हितैषी सोच का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिले में अब तक 4641 किसानों से 40513.89 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। यह आंकड़ा न केवल प्रशासनिक व्यवस्था की सफलता को दर्शाता है, बल्कि जनपद के किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संकेत भी है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि हमारा लक्ष्य यही है कि हर किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य, समय से और बिना किसी बाधा के मिले। मोबाइल क्रय केंद्रों की शुरुआत इसी सोच का हिस्सा रही है, और इसका परिणाम हमारे सामने है।

## महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली धौरहरा के एक गांव में छत पर लेटी महिला के साथ उसके नंदोई ने छेड़छाड़ की महिला के शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की है गांव निवासी महिला ने बताया कि वह रात करीब दस बजे अपनी छत पर लेटी हुई थी कुछ देर बाद इसी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला उसका नंदोई जाहिद अली आ गया आरोप है कि जाहिद ने उसे दबोच लिया जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसका मुंह बंद कर छेड़छाड़ शुरू कर दी। किसी तरह से उसने शोर मचाया, जिस पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली धौरहरा पुलिस को तहरीर दी है।

### ठंडी हवा के चलने से लोगों को मिली गर्मी से राहत

**लखीमपुर खीरी।** रविवार रात तेज आंधी और हल्की बारिश के बाद सोमवार सुबह मौसम काफी खुशगवार रहा। बादल छाए रहे और ठंडी हवा के चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। शहर में आसमान में काले बादल छाए रहे। मौसम में हुई ठंडक से लोगों ने काफी राहत महसूस की रविवार रात आई तेज आंधी के चलते जिले में सैकड़ो गांव की बिजली गुल हो गई। फरधान, मैलानी, बिजुआ और निघासन समेत अन्य क्षेत्रों के 300 से ज्यादा गांवों की बिजली रात भर गुल रही।

## आजाद ई रिक्शा वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक का हुआ आयोजन



**नजीबाबाद।** आज़ाद ई रिक्शा वैलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जिले भर की रिक्शा यूनियनो के कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने पहुंच कर बैठक को सफल बनाने का कार्य किया। रविवार को रायपुर रोड स्थित बेंकिट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर की रिक्शा यूनियनो ने एक जुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऋषिपाल जी ने कहा की किसी भी रिक्शा चलाक का उत्पीड़न अब बर्दास्त नहीं किया जायेगा। पूर्व चेयरमैन बिजनौर शमशाद अंसारी ने कहा की जल्द ही पूरे जिले की कमेटी बना कर रिक्शा चलाको की हको की लड़ाई लड़ने का कार्य किया जायेगा। शाहिल मेहरा अध्यक्ष किरतपुर ने कहा की सभी रिक्शा चालक अपना डराइविंग लाइसेंस सहित सभी कागजात को पूरा करने कार्य करें। कार्यक्रम में नजीबाबाद अध्यक्ष ईदरीश अहमद, महासचिव मोहम्मद ज़फर, मुकीम अहमद, आज़म एडवोकेट, महमूद अहमद, मुस्तक़ीम कुरैशी, हरी प्रसाद, शहरोज खान आदि ने मुख्य अतिथि ऋषि पाल जी, पूर्व चेयरमैन बिजनौर शमशाद अंसारी, शाहिल मेहरा अध्यक्ष किरतपुर, असद फारुकी, आदि अतिथियों का फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया।

### ई-रिक्शा की चपेट में आकर दो माह की मासूम की मौत

**बदायूं।** थाना बिसौली कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा की टक्कर से दो माह की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना के समय मासूम अपनी बड़ी बहन की गोद में थी टक्कर लगने से वह उसकी गोद से छूटकर जमीन पर गिर गई इसी दौरान ई रिक्शा उसके ऊपर से गुजर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना बिसौली क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी सुरेंद्र की दो बटियां गांव के बच्चों के साथ गांव में स्थित बाग में खेलने निकली थी रही।बताया जाता है इसी दौरान गांव का उमेश पुत्र रामसोवरन जो कि ई-रिक्शा चलाता है,तेज गति से अपना ई रिक्शा यहां से लेकर गुजरा, इसी दौरान किसी तरह उसका ई रिक्शा बाग में खेल रहे बच्चों की तरफ को दौड़ पड़ा,और उसकी चपेट में सुरेंद्र की दो माह की लड़की आकांक्षा आ गई घटना के समय वह अपनी बड़ी बहन की गोद में थी टक्कर लगने के कारण वह उसकी गोद से छूटकर जमीन पर गिर पड़ी और ई-रिक्शा उसके ऊपर से गुजर गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजो है वहीं चालक घटना के बाद से ही फरार बताया जा रहा है।

### टेंपो और ईको की आपसी भिड़ंत में महिला की मौत, अन्य घायल

**बदायूं।** थाना दातागंज क्षेत्र में टेंपो और इको कार की आपसी भिड़ंत में महिला की मौत हो गई।महिला टेंपो में सवार थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दातागंज क्षेत्र के ग्राम धरेली निवासी कमला देवी पत्नी श्री कृष्ण अपने पति तथा रिश्तेदारों के साथ शादी समारोह का कपड़ा खरीदने के लिए बरेली गई थी।वहां से खरीदारी करने के बाद वह रिश्तेदारों तथा पति सहित टेंपो में सवार होकर अपने घर वापस लौट रही थी इसी दौरान उनके टेंपो की सड़क से गुजर रही ईको कार से भिड़ंत हो गई। बताया जाता है कि हादसे में कमला देवी की मौके पर भी मौत हो गई,जबकि टेंपो में सवार अन्य लोग घायल हो गए।घटना के बाद राहगीरों ने कार चालक को मौके पर ही पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस में महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

## पीड़ित ने लगाई क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार



*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** नजीबाबाद आदर्श नगर पुलिस चौकी इंचार्ज के सामने नगर निवासी गली नंबर 6 बी के रहने वाले गौरव मलिक पुत्र वेदपाल सिंह अपनी फुटवियर की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है और गौरव मलिक को प्यार के झासे में लेकर एक लड़की आदर्श नगर निवासी ने एक प्रार्थनापत्र पूर्व में 19 फरवरी को मारपीट को लेकर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार को दिया था जिस पर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करने का दबाव बनाकर एक लाख रुपए एक पुलिसकर्मी के द्वारा परिवार से ले लिए थे और हल्की धाराओं में चालान कर छोड़ दिया था, जिसके बाद उक्त लड़की गौरव मलिक से शादी करने की शर्त पर लड़के से रिलेशनशिप में दोबारा से आ गई। इसको लेकर गौरव मलिक भी उसकी चाल को समझ नहीं पाया और उसके कहने के अनुसार चलता रहा और उसका खर्च भी उठाता रहा। जब गौरव मलिक को उक्त लड़की का रिलेशनशिप किसी और लड़के के साथ होना पाया गया तो गौरव मलिक ने उससे दूरी बनानीं शुरू कर दी। जिसको लेकर लड़की ने एक प्रार्थना पत्र कप्तान साहब को देकर कार्रवाई की मांग की और 500000 की डिमांड कर डाली जिसको लेकर दरोगा प्रवीण कुमार ने गौरव मलिक के परिवार से पैसों की मांग की पैसे ना देने पर कुछ नेताओं के कहने पर कई संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर दिया परिवारजनों ने कहा कि हमने तो पहले ही कर्ज पर पैसे लेकर आपको दिए थे अब हमारे पास कुछ नहीं है। तो दरोगा प्रवीण कुमार अब एससी एक्ट धारा और बढ़ाने की बात करते हैं जिससे परिवार के व्यक्ति परेशान है। गौरव मलिक का परिवार किराए के मकान और किराये की दुकान लेकर कार्य करता है जिसके सामने रोजी-रोटी का भी संकट आ गया है क्योंकि दुकान लगभग 20 दिन से बंद है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार अपनी समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के मंडल मीडिया प्रभारी के पास पहुंचा समस्या को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन प्रधान मांग करती है कि उचित जांच कराकर कार्रवाई करने की कृपा करें।

गौरव मालिक लॉकडाउन के समय में पुलिस मित्र भी रहा है जो कि हमेशा पुलिस के सहयोग में रहा है। और दरोगा प्रवीण कुमार से जांच हटाकर अन्य किसी पुलिस अधिकारी से उक्त मामले की जांच कराई जाए। जिससे परिवार को इंसाफ मिल सके। और आदर्श नगर चौकी इंचार्ज दरोगा प्रवीण कुमार के खिलाफ जांच कराई जाए। और चौकी आदर्श नगर से इनका ट्रांसफर कराया जाए। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन प्रधान अग्रिम कार्यवाही कराने के लिए धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी, जिसके कुछ शाक्षीय प्रार्थना पत्र के साथ संकलन है।

### आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांस्फार्मर फुंका, बिजली के उपकरण जले

**सहारनपुर।** गंगोह थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से 400 केवी का ट्रअंस्फार्मर फूक गया। साथ ही बिजली गुल होने के कई घरों के विद्युत उपकरण भी जल गये। देर रात आयी तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से गंगोह क्षेत्र के लोग सहम गए। आकाशीय बिजली गिरने से मौहल्ला कुरैशियान चुंगी पर रखा एक ट्रांसफार्मर फूंक गया। साथ ही मौहल्ला शाहविलायत में कई घरों के बिजली के उपकरण फूंक गए। वार्ड सभासद दानिश कुरैशी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचित किया और दैवीय आपदा के बारे बताया। मौके पर पहुंचे अवर अभियन्ता राजकुमार ने मौके पर पहुंचकर तीन नम्बर फीडर से सम्बद्ध उक्त फूंके ट्रअंस्फार्मर के बारे विभागीय अधिकारियों से बात की। जेई राजकुमार ने सभासद दानिश व मौहल्ले के तमाम लोगों को आगामी 24 घंटे के भीतर ही फूंके ट्रअंस्फार्मर को बदलवाने का भरोसा दिलाया।

## भारतीय किसान यूनियन ने विधुत अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) संगठन ने किसने की समस्याओं को देखते हुए विद्युत अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं का निवारण करने के लिए कहा! ज्ञापन में कहा कि गांव के अंदर खेत में खम्भे लेकर जेई को कई बार अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, खेतो में लाईन नीचे होने से हादसों का खतरा है। विभाग द्वारा खम्भे ने को लेकर आनाकानी की जा रही है। कई स्थानों पर विद्युत पोल टूटे हुए है। हल्का जेई द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है बिल सही न होने के कारण जबरन उनके कनेक्शन काटे जा रहे है और हल्का जेई द्वारा उपभोक्ताओं को बेवजह मुकदमें में फसाने की धमकी देकर झूठी सच्ची वीडियो बनाकर उन्हे गुमराह किया जा रहा है। जलालाबाद में उपभोक्ता फय्याज से कनेक्शन के नाम पर जेई द्वारा हजारों रुपयों की रिश्वत लेकर कनेक्शन किया और कनेक्शन के नाम पर बेवजह अवैध उगाही की जा रही है। खाईखेड़ी बिजली घर पर जेई द्वारा उपभोक्ताओं को मुकदमें की धमकी दी जा रही है। कई बार उपभोक्ताओ द्वारा प्रार्थना पत्र देने के बावजूद मीटर बदले नहीं जा रहे है। लाइन मैंन वीरेश न स्थानांतरण होने के बाद भी ज्वाइनिंग नहीं हुई। खाई खेड़ी फिटर पर हल्का जेई के द्वारा उपभोक्ताओं को परेशान और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, उपभोक्ताओं को बेवजह मुकदमें में फसाने की धमकी देने से ग्राम वासियों में रोष है, शीघ्र ही जेई का ट्रांसफर किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा कि अगर पांच दिनो में इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत धरना देने पर बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालो में जिला अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, कुलदीप मोर, शहजाद मलिक, राजपाल सिंह, सुरेंद्र, इसरार, आरिफ , बहार आलम, फैयाज अंसारी, सोहेल अंसारी, युवा तहसील अध्यक्ष आमिर, इसाक, कपिल चौधरी, कफील अंसारी,जगबीर चौधरी, आदि किसान मौजूद रहे।

## स्वच्छता और स्वस्थता के लिए कूड़ा कलेक्शन जरुरी: मृत्युंजय



**सहारनपुर।** 'स्वच्छ भारत मिशन 2.0' (कैपेसिटी बिल्डिंग) के अंतर्गत नगर निगम द्वारा आज निगम के सफाई मित्रों, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे सफाई मित्रों, सीवर सफाई मित्रों व ड्राइवर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया गया। प्रशिक्षण में आईटीसी मिशन सुनहरा कल से जुड़े तीनों एनजीओ के वालंटियर्स ने भी हिस्सा लिया। प्रशिक्षण पांच मई से 22 मई तक चलेगा। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि महानगर के सभी घरों, संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों को शत-प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की परिधि में लाएं। उन्होंने कूड़ा क्या है, सूखे-गीले कूड़े की पहचान कैसे करें, उसे अलग-अलग कैसे करें तथा कूड़े को अलग-अलग कलेक्शन करना क्यों जरुरी है, आदि विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जहां शहर की स्वच्छता के लिए कूड़ा कलेक्श जरुरी है वहीं शहरवासियों को स्वस्थ रखने के लिए भी यह कार्य आवश्यक है। निष्ठा एवं समर्पण भाव से स्वच्छता कार्य करने के लिए उन्होंने सफाई मित्रों की सराहना की। अपर नगरायुक्त ने स्वच्छता और स्वस्थता के लिए शहर के लोगों से घर व प्रतिष्ठान का कूड़ा इधर उधर न फेंककर सफाई मित्रों को देने की अपील की। अपर नगरायुक्त ने इस बात पर भी बल दिया कि गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के बाद बचने वाले वेस्ट को एमआरएफ सेंटर पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सफाई मित्रों और आईटीसी मिशन सुनहरा कल के एनजीओ उमंग, फोर्स व स्पेस सोसायटी के वालंटियर्स को प्रभावी ढंग से काम करने के सम्बंध में टिप्स दिए। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में लगे सफाई मित्रों को जल्दी ही आई कार्ड जारी किये जायेंगे। नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह ने स्वास्थय मित्रों के स्तर पर स्वच्छता एवं सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया। उमंग के मयंक पाण्डेय ने कूड़ा कलेक्शन के लिए लोगों का व्यवहार परिवर्तन कैसे किया जाए? इस सम्बंध में उसके सातों चरणों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य सफाई निरीक्षक इद्रपाल सिंह व परमानंद सहित सभी सफाई निरीक्षक, आईटीसी मिशन सुनहरा कल की सहायक प्रोग्राम मैनेजर रिया गुप्ता, एनजीओ फोर्स के मौ.अर्श, स्पेस सोसायटी के मदन भारती आदि शामिल रहे।

## मौके पर पहुंच कर रुकवाया गया प्रस्तावित बाल विवाह

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** बाल विवाह की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट तथा थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर बाल विवाह को रुकवाया गया है।




चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक कमल शर्मा मैं जानकारी देते हुए बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर पर सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव में बाल विवाह होने जा रहा है। जिसके बाद श्री शर्मा द्वारा इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को तत्काल दे दी गई अधिकारियों से देश मिलने के बाद श्री शर्मा विकास कश्यप सुपरवाइजर, दुर्वेश चंद्र केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन, थाना प्रभारी एएचटी अजय कुमार, उप निरीक्षक आकाश कुमार, आदि सहित मौके पर पहुंच गए। टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बालिका के परिजनों से बालिका के आयु के साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा गया। जिसके अनुसार बालिका की आयु लगभग16 वर्ष निकली। टीम द्वारा बालिका के पिता को बालिका विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए शादी न करने के बारे में समझाया गया।

टीम द्वारा पिता को कानूनी जानकारी देते हुए बताया गया कि यदि आप 18 वर्ष से पहले अपनी बेटी का विवाह करते हैं तो आपके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही हो सकती है जिसमें एक लाख रुपए जुर्माना तथा 2 वर्ष की सजा का प्रावधान है।

इन द्वारा समझे जाने पर बालिका के पिता ने बताया कि उसे इसकी जानकारी नहीं थी।पिता द्वारा टीम को शपथ पत्र देते हुए आश्वस्त किया गया कि अब जब तक उसकी बेटी की आयु पूरी नहीं हो जाएगी तब तक वह उसका विवाह नहीं करेगा। परियोजना समन्वयक श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान वर्ष में अब तक दस बाल विवाह को रोका जा चुका है। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई सदस्य, ग्राम प्रधान सावित्री दवी एवं प्रधान पति मौजूद रहे।

## मोंट फोर्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने ट्राफी पर किया कब्जा




**सहारनपुर।** जिला कलारीयापट्टू संघ ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कलारीयापट्टू प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें जूनियर एवं सब जूनियर कैटेगरी में मोंट फोर्ट स्कूल गागलहेडी के विद्यार्थियों ने परचम लहराते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता उद्घाटन मुख्य अतिथि आज नेता योगेश दहिया, क्षेत्रीय ओलंपिक संघ के सचिव प्रोफेसर अशोक कुमार गुप्ता, जिला कलारीयापट्टू सहारनपुर के संरक्षक मुकुल चौधरी, चेयरमैन अशोक सक्सेना, सहारनपुर मंडल कलारीयापट्टू संघ के चेयरमैन डॉ.मनोज कुमार सिंधी, सहारनपुर मंडल कलारीयापट्टू संघ के अध्यक्ष पुण्य गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि टेरेंस, प्रवाह स्पोर्ट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हैदर अली गुर्जर, न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विकास सैनी, मोंट फोर्ट स्कूल के निर्देशक पंकज गर्ग, आयशा मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य मुजाहिद खान, अमित चौधरी, कार्यक्रम संयोजक लाल धर्मेंद्र प्रताप ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान पर मोंट फोर्ट स्कूल गागलहेड़ी, द्वितीय स्थान न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल चिलकाना, तृतीय स्थान पर खालसा पब्लिक स्कूल अंबाला रोड, चौथे स्थान पर शिवांश स्पोर्ट्स एकेडमी ने ट्रॉफी जीती। सब जूनियर कैटेगरी में भी प्रथम स्थान पर मोंट फोर्ट स्कूल गागलहेडी, द्वितीय स्थान पर वर्धमान एकेडमी, तृतीय स्थान पर सेंट मैरी स्कूल चौथे स्थान पर नालंदा वर्ल्ड स्कूल ने ट्रॉफी जीती।

## वीर सुभाष मैमोरियल पब्लिक स्कूल की टीम बनी विजेता

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता में वीर सुभाष मैमोरियल पब्लिक स्कूल की टीम ने सर्वाधिक पदकों पर कब्जाकर प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बना। जबकि इन्फेंट पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता बनने का खिताब अपने नाम किया। जबकि एसजेएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्वाइंट फाइट इवेंट व लाइट कॉन्टैक्ट इवेंट में किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा, मीडिया प्रभारी हरप्रीत कौर, जन समस्या जागरुक समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी एडवोकेट, सहारनपुर मंडल ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ.अशोक कुमार गुप्ता, सीमा सैनी ने विजेता खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता



में वीर सुभाष मैमोरियल पब्लिक स्कूल की टीम ने विजेता व इन्फेन्ट पब्लिक स्कूल की टीम ने उपविजेता बनने का खिताब अपने नाम किया। तीसरे स्थान पर एसजेएस मैमोरियल पब्लिक स्कूल की टीम रही। किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ सहारनपुर के अध्यक्ष अजय कुमा व सचिव मनोज प्रजापति ने बताया कि प्रतियोगिता में प्वाइंट फाइट इवेंट में 7 से 9 आयु ब्वायज वर्ग के 18 किलोग्राम में अर्जुन ने स्वर्ण पदक, 21 किलोग्राम में कर्ण ने स्वर्ण, जायश ने रजत, पृथ्वी व फजल ने कांस्य, 24 किलोग्राम में हार्दिक ने स्वर्ण, आरव ने रजत, वंश नें कांस्य, 27 किलोग्राम में शौरया धीमान ने स्वर्ण, 30 किलोग्राम में आदित्य सैनी ने स्वर्ण, ईशू कुमार ने रजत पदक हासिल किया। 10 से 12 आयु ब्वायज वर्ग के 28 किलोग्राम में गगन (एमटीएस टीम) ने स्वर्ण, गगन ने रजत, फरहान व रीति ने कांस्य पदक, 32 किलोग्राम में आर्यन ने स्वर्ण, आनव ने रजत, नक्श व आरनव ने कांस्य, 37 किलोग्राम में विहान ने स्वर्ण, राघव यादव ने रजत, निहाल ने कांस्य, 47 किलोग्राम में वंश ने स्वर्ण, कार्तिक ने रजत, प्लस 47 किलोग्राम में वंश ने स्वर्ण, आयुष ने रजत पदक जीता। जूनियर ब्वायज वर्ग के 16 से 18 आयु वर्ग में 51 किलोग्राम में अंकुश स्वर्ण, रोहन रजत, 54 किलोग्राम में अनश ने स्वर्ण, 57 किलोग्राम में लविश ने स्वर्ण, 63 किलोग्राम में सुहैल ने स्वर्ण पदक जीता।

# बिजलीकर्मियों ने अपने घरों की बिजली बन्द कर निजीकरण का किया विरोध

अवधनामा संवाददाता




- अनिश्चितकालीन अनशन के दबाव में टूटा पांच माह का गतिरोध
- पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने संघर्ष समिति को वार्ता के लिए बुलाया
- उत्पीड़न की कार्यवाहियां वापस लेकर प्रबंधन सार्थक वार्ता

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों और पावर कारपोरेशन के चेयरमैन व शीर्ष प्रबंधन के बीच आज पांच महीने के गतिरोध के बाद निजीकरण के मामले को लेकर पहली बार वार्ता हुई। संघर्ष समिति ने चेयरमैन से साफ शब्दों में कहा कि सार्थक वार्ता का वातावरण बनाने हेतु उत्पीड़न की समस्त कार्यवाहियां वापस ली जाए। चौथे दिन भी बिजली कर्मियों का क्रमिक अनशन जारी रहा। बिजली कर्मचारियों ने अपने घरों पर एक घंटा बिजली बंद कर निजीकरण के बाद आम जनता को लालटेन युग आने का संदेश दिया।

क्रमिक अनशन के तीसरे दिन 04 मई की रात 10 बजे संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे का शुगर लेवल बहुत ज्यादा गिर गया और उनका बीपी बहुत अधिक बढ़ गया और उनकी हालत निरंतर खराब होने लगी।शैलेन्द्र दुबे ने अपना अनशन जारी रखा।रात 12 बजे से 02 बजे तक पॉवर कॉरपोरेशन प्रबन्धन ने पुलिस और मेडिकल टीम का दबाव बनाकर उनका अनशन समाप्त कराने की कोशिश की किन्तु समाचार मिलते ही आधी रात को शक्ति भवन पर सैकड़ों बिजली कर्मी पहुंच गए और विरोध में जोरदार नारे लगाने लगे।जिससे अनशन जबरदस्ती समाप्त कराने की प्रबन्धन की चाल कामयाब न हो सकी। पांच मई को संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने ऐलान कर दिया कि जब तक चेयरमैन संघर्ष समिति से वार्ता नहीं करते तब तक उनका अनशन जारी रहेगा।उनके इस अनिश्चितकालीन अनशन के ऐलान से प्रबन्धन के हाथ पैर फूल गए और अंततः पांच महीने का गतिरोध टूटा और चेयरमैन को निजीकरण के मामले में संघर्ष समिति को वार्ता हेतु बुलाना पड़ा। वार्ता में संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सुधार हेतु हमेशा सहयोग देने के लिए तैयार हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि प्रबंधन ने आज तक सुधार के लिए कोई सहयोग नहीं लिया और एकतरफा निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी।चेयरमैन ने कहा कि सुधार कैसे होगा यह बिजली कर्मियों का नहीं सरकार का कार्य है।इस पर संघर्ष समिति ने कहा की वे हमेशा सहयोग देने के लिए तैयार है,यह प्रबंधन की इच्छा है कि वह सहयोग लेना चाहे तो ले ना लेना चाहे तो ना लें।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के सामने प्रबन्धन ने पीपीटी प्रेजेंटेशन करना शुरू कर दिया जिसके आंकड़े विवादास्पद हैं।संघर्ष समिति ने कहा कि वार्ता का समय निर्धारित किया जाए संघर्ष समिति भी सुधार हेतु अपना प्रेजेंटेशन देगी।चेयरमैन ने शीघ्र विस्तृत वार्ता करने के लिए कहा।संघर्ष समिति ने साफ शब्दों में कहा कि वार्ता के पहले वार्ता का वातावरण बनाया जाना बहुत जरूरी है और वार्ता का वातावरण बनाने हेतु निजीकरण के संघर्ष के दौरान मनमाने ढंग से की गई उत्पीड़न की सभी कार्यवाहियां वापस लिया जाना जरूरी है।संघर्ष समिति ने कहा कि 25000 से अधिक संविदा कर्मी निजीकरण के नाम पर निकाल दिए गए हैं।उन्हें नौकरी में तुरंत वापस लिया जाए और हटाए जाने की प्रक्रिया बंद की जाए। इसके साथ ही फेशियल अटेंडेंस के नाम पर एक तरफा आर्डर करके बड़े पैमाने पर हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारियों का काटा गया वेतन तत्काल दिया जाए।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखो का माल राख




**जालौन अवधनामा संवाददाता।** शॉर्ट सर्किट से मिठाई व कन्फैशनरी की दुकान में आग लगने से दुकानदार को करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। वहीं, सूचना मिलने पर एसडीएम व राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का जायजा लिया। बता दे कि नगर के देवनगर चौराहे पर गायर निवासी राजाबाबू की मिठाई व कन्फैक्शनरी की दुकान है। दोपहर लगभग डेढ़ बजे अचानक बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी के चलते उनकी दुकान में आग लग गई। टट्टर की दुकान में आग तेजी से फैली और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते में दुकान में लगे टट्टर के साथ ही फ्रीजर, इंवर्टर समेत दुकान में रखा सामान जलने लगा। आग लगने की जानकारी तुरंत दमकल को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया। दुकान में दो गैस सिलिंडर भी रखे रहे थे। गनीमत रही कि दुकानदार ने सिलिंडरों को बाहर निकाल लिया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। नगर के मुख्य देवनगर चौराहे पर स्थित दुकान में आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ।

## मोमबत्ती के माध्यम से दी गयी भावभीनी श्रद्धाजंलि




**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सत्संग भवन माहिल तालाब, उरई (जालौन) में पहलगांव के आतंकी हमले में, शहीद हुए लोगों को स्मरण करते हुए संस्था के सभी सदस्यों के साथ, मिलकर उनको भावभीनी श्रद्धाजंलि मोमबत्ती के माध्यम से दी गई और प्रार्थना की गई कि ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे, एवं परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें, संस्था की संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता विशम्भर नारायण तिवारी, हरिओम पाण्डेय, अरविन्द नगाइच अवनीश अवस्थी, ज्ञानेन्द्र कुमार, अमृता सक्सेना (एडवोकेट), दिनेश गुप्ता, कल्लू सौरभ शुक्ला (एडवोकेट) डॉ. सविता सिंदूर, आशीष पाठक, मानवोत्म द्विवेदी, हकीम सिंह, मोती यादव आदि सदस्य उपस्थित रहे ,और आज की इस श्रंद्धाजलि सभा रूपी कार्यक्रम को सफल बनाया।

## शराब के नशे में पिता बना हैवान, बेटे के सीने और बहू के पेट में मारी गोली

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कोतवाली बड़हलगंज के चौतीसा गांव में शनिवार रात एक दिल दहलाने वाला घटना सामने आयी डीजे, जहां नशे में धुत एक पिता ने अपनी ही लाइसेंसी दोनाली बंदूक से अपने पुत्र और बहू पर गोलियां चला दीं। इस हमले में पुत्र अनूप यादव (38) और छोटी बहू सुप्रिया यादव (30) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जिला अस्पताल से दोनो को बीआरडी मेडिकलकॉलेज भेजा गया। जहा इलाज के दौरान पुत्र अनूप की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी पिता हरि यादव, जो रिटायर्ड होमगार्ड है, शराब के नशे में घर पहुंचा था। परिजनों ने उसके शराब पीने की आदत और आए दिन होने वाले घरेलू विवाद पर आपत्ति जताई। इससे नाराज हरि ने अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाली और अपने बेटे अनूप के सीने में गोली मार दी, जबकि बहू सुप्रिया के बाएं हाथ और पेट में गोलियां लगीं। गोली चलने की आवाज से गांव में सनसनी फैल गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी हरि यादव को बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह ने बताया कि हरि को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, हरि यादव शराब का आदी है और अक्सर नशे में घर में विवाद करता था। घायल सुप्रिया का पति जीतनारायन यादव इस समय बाहर है। इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। यह घटना नशे की लत के भयावह परिणामों की एक दर्दनाक मिसाल है।

## डीपीओ केके राय ने ब्लॉक जवां में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय द्वारा ब्लॉक जवां के अंतर्गत संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का खंड परियोजना अधिकारी प्रीति सिंह, सुपरवाइज़र गायत्री एवं रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक जयप्रकाश के साथ औचक निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र रामगढ़ पंजीपुर के निरीक्षण के दौरान केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री समुन देवी एवं सहायिका सावित्री देवी उपस्थित पाई गई। बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही और निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली जानकारी उपयुक्त स्तर पर पाई गई। केंद्र पर पोषण, शौचालय, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं भी क्रियाशील पाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र रामगढ़ पंजीपुर संख्या 2 व 3 दोनों केंद्र एक साथ संचालित हैं, तथापि बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने एवं केंद्र पर कुछ बड़े बच्चे भी उपस्थित पाए जाने पर इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मालती देवी एवं सहायिका लंकिनी से पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की स्थिति असंतोषजनक रही



जबकि निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली सामान्य जानकारी न्यून स्तर पर पाई गई। इस दौरान हॉट कुक्ड मील वितरण, भवन की संरचनात्मक स्थिति, स्वच्छता, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। आंगनबाड़ी केंद्र हैबतपुर सिया के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सर्वेश देवी एवं सहायिका मुन्नी उपस्थित पाई गई। केंद्र पर समुचित साफ-सफाई व्यवस्था न होने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री की कार्यप्रणाली असंतोषजनक न पाए जाने एवं पूर्वान्ह 11:30 बजे भी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति होने पर डीपीओ के0के0 राय ने असंतोषजनक प्रगति वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में सीडीपीओ जवां से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए।

## सीडब्ल्यूसी की टीम और स्थानीय पुलिस ने रुकवाया बाल विवाह

**जालौन।** नगर क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी के बाल विवाह की सूचना पर सीडब्ल्यूसी और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शादी को रूकवाया। साथ ही दूल्हे को कोतवाली लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। बता दे कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी कल्लू के बेटे खालिद का निकाह पड़ोस में ही रहने वाले घसीटे की बेटी किस्वत (16) के साथ करीब एक माह पूर्व तय हुआ था। दोनों पक्षों के शादी के कार्ड बंट चुके थे। विवाह की तैयारियां चल रही थीं। घर के बाहर टैंट सजे थे और मेहमानों के लिए खाने का इंतजाम चल रहा था। तभी किसी ने दुल्हन के नाबालिग होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों से संपर्क कर सीडब्ल्यूसी (चाइल्ड वेलफयर कमेटी) के सदस्यों के साथ एसआई राजपाल, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने परिजनों से पूछताछ की और लड़की का आधार कार्ड देखा तो उसमें लड़की की उम्र करीब 16 वर्ष थी। टीम ने परिजनों को बाल विवाह कानून की जानकारी दी और दूल्हा खालिद को लेकर कोतवाली पहुंची। जहां पुलिस पूछताछ कर रही है। इस संदर्भ में कोतवाल अजीत सिंह ने बताया कि बाल विवाह की जानकारी हुई थी। सीडब्ल्यूसी टीम के साथ मौके पर जाकर बाल विवाह को रूकवाया गया। साथ ही पुलिस पूछतांछ कर उचित कार्रवाई करेगी।

## अमजद हैदर मेदांता के आईसीयू में भर्ती

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ की मोहब्बत भरी सरज़मीन पर तहज़ीब, शायरी और पत्रकारिता का रूहानी नाम वरिष्ठ पत्रकार व एडवाइज़र एडिटर ग्रुप अमजद हैदर आज मेदांता अस्पताल के आईसीयू में ज़िंदगी की सबसे अहम लड़ाई लड़ रहे हैं। हाल ही में हार्ट अटैक के बाद उन्हें भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने बायपास सर्जरी की तैयारी की थी, मगर फेफड़ों में पानी और तेज़ खांसी के कारण सर्जरी आज स्थगित कर दी गई है। यह अब कल संभावित है। चचा अमजद हैदर केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक अहसास हैं—जो कलम से सच्चाई लिखते हैं, ज़मीनी स्तर पर मज़लूमों के हमदर्द बनते हैं, और हर दर्दमंद के लिए रहनुमा साबित होते हैं। उनके अज़ीज़ों, चाहने वालों और तमाम शुभचिंतकों से अपील है कि वे उनकी जल्द सेहत-ए-कामिल और सफल सर्जरी के लिए दुआ करें।



## सुहेलदेव भा.स.पा. ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद पत्र सौंपा



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के निर्देश पर एनडीए सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने ऐतिहासिक कदम को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित धन्यवाद पत्र को तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया को सौंपा। प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 2002 से सत्ता में रहे सभी पार्टियों से जाति जनगणना कराने की मांग करते आ रहे है। एनडीए सरकार ने यह ऐतिहासिक कदम उठा कर सराहना कार्य किया है। ज्ञापन सौंपने वालो में केशव राजभर, रामचरण राजभर, चंद्र प्रकाश राजभर, नैमीनाथ राजभर, इंद्रदेव मौर्य, अनिरुद्ध राय, पवन राय, संगम भट्ट, कलावती राजभर मौजूद थे।

## डे नाईट क्रिकेट का हुआ आयोजन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के बसिया निवासी पूर्व विधायक दादा स्व रामकरन सिंह की 25 वीं पुण्य तिथि पर डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्व पूर्व विधायक के पौत्र साकेत विक्रम सिंह ने उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किए। उन्होंने अपने संबोधन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। केवल उन्हें निखारने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी देश और विदेश में अपने खेल का जौहर दिखा कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है। आयोजक धनंजय सिंह ने आए हुए आगंतुकों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन छोटू सहारा ने किया। इस दौरान राजेश सिंह सोलंकी,अमित सिंह, सूर्यकांत सिंह, बेचन यादव, ताहिर, अरुण यादव, अरुण सिंह, रविंद्र सिंह, राजेश सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक घायल सहित चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी अतरौली सर्जना सिंह के पर्यवेक्षण व कुशल नेतृत्व में स्वॉट / सर्विलान्स व थाना हरदुआगंज पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा रविवार की रात्रि पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक घायल बदमाश सहित 4 शातिर लुटेरों को मय लूट के 75,000 रुपये, अवैध तमंचा कारतूस, एक मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त कार स्विफ्ट डिजायर सहित गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी अनुसार दिनांक 25 अप्रैल 2025 को मुकदमा वादी नरेन्द्र पुत्र किशन पाल निवासी ग्राम भूतपुरा थाना हरदुआगंज जनपद अलीगढ़ समय 20.00 बजे अपनी परचून की दुकान को बन्द करके मोटर साईकिल से अपने घर जा रहा था। तभी उखलाना भट्टे के पास अज्ञात स्विफ्ट डिजायर रंग सफेद कार सवार द्वारा वादी से 1,10,000 रूपये ( एक लाख दस हजार रूपेये ) लूट लिये थे। घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वॉट टीम व सर्विलान्स टीम लगाई गयी थी। रविवार को स्वॉट/सर्विलान्स टीम व थाना हरदुआगंज की पुलिस टीम उपरोक्त लूट की घटना के अभियुक्तों की पतारसी सुरागरसी व तलाश में मामूर थीं तभी चेकिंग के दौरान बरौठा नहर से माछुआ पुल की तरफ आती हुई कार स्विफ्ट डिजायर कार नं0-यूपी 80 एचके 9953 रंग सफेद को रूकने का इशारा किया। जिसमें बैठे बदमाशों के द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें अभियुक्त दीपक पुत्र सुरेश निवासी शेफपुर थाना पाली मुकीमपुर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हुआ तथा अन्य बदमाश विशाल पुत्र राजपाल निवासी खेडिया धोकल थाना पालीमुकीमपुर जनपद अलीगढ़ उम्र करीब 23 वर्ष, छोटू उर्फ अंकुश पुत्र विनोद कुमार निवासी चंदनपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 18 वर्ष, विपिन शौर्य पुत्र राम किशोर निवासी जेड़ा थाना एका जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 23 वर्ष को मौके से गिरफ्तार किया गया एवं एक अन्य बदमाश रात्रि में मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त दीपक उपरोक्त का पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल कालेज अलीगढ़ में उपचार चल रहा रहा है। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि हम इस कार से घूम फिरकर रैकी करते हैं एवं चोरी व लूट की घटनाओं करते हैं। दिनांक 25.04.25 को हम सभी ने मिलकर 12 नम्बर अतरौली में दुकान चलाने वाले व्यापारी से साधु आश्रम से जवां की तरफ जाने वाले रोड पर एक भट्टे के पास से इसी गाड़ी से 1,10,000 रुपये की लूट की थी, तथा लूट करने के बाद जवां की तरफ भाग गये थे एवं लूटे हुए रुपये आपस में बाँट लिये थे।

## टेंट हाउस की दुकान में अवैध रूप से भंडारण किए गए खाद्यान्न पकड़ा, गोदाम सीज

अवधनामा ब्यूरो

- हाटा पिपराइच मार्ग पर स्थित तुर्कडीहा में प्रशासन ने की छापेमारी
- 120 बोरी गेहूं व 60 बोरी चावल मौके से बरामद



**कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के तुर्कडीहा में सोमवार को एक टेंट की दुकान में अवैध रूप से की जा रही खाद्यान्न भंडारण पर प्रशासन ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 120 बोरी गेहूं और 60 बोरी चावल अवैध भंडारण की पुष्टि होने पर गोदाम सीज कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार हटा पिपराइच मार्ग पर स्थित तुर्कडीहा में ओम टेंट एंड लाइट हाउस में अवैध तरीके से अनाज भंडारण की सूचना पर पहुंचे मंडी निरीक्षक प्रेम शंकर तिवारी देवरिया, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी हाटा राजीव सिंह, विपणन निरीक्षक मोतीचक दयानंद चौधरी व विपणन निरीक्षक सुकरौली गौरव कुमार की टीम ने उक्त टेंट हाउस पर पहुंचकर जांच किया। जांच के दौरान टेंट हाउस के प्रोपराइटर सुनील सेठ पुत्र वीरेंद्र गुप्ता निवासी सेंदुआर थाना अहिरौली बाजार के पास कोई दस्तावेज या मंडी लाइसेंस नहीं दिखाया गया। इससे यह प्रतीत होता है कि सुनील शेट्टी द्वारा टेंट हाउस की दुकान में अभय तरीके से खाद्यान्न का भंडारण किया जा रहा है। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने अगल-बगल के कई दुकानों पर जांच किया तो सुनील सेठ की बोर में भरी खाद्यान्न रखने की पुष्टि हुई। इस दौरान अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित गोदाम को सीज कर दिया तथा मौके से 120 बोरी गेहूं व 60 बोरी चावल अग्रिम कारवाई तक देखभाल हेतु सौंपा गया, जैसे जांच अख्ता मिलेगी उसी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक

**अमेठी।** जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को बैठक दारुलशफा, कामन हाल लखनऊ में हुई । बैठक में 6 व 7 सितम्बर को प्रांतीय कार्यकारिणी का अधिवेशन और चुनाव कराने का निर्णय लिया गया है। बैठक में चुनाव के एक महीने पहले सभी जनपदों को सदस्यता की कोटा मनी और प्रतिनिधियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## सूचना

मैं सुल्तान पुत्र रशीद निवासी ग्राम दुमझेडी डा. चिलकाना प. सुल्तानपुर तह. व ज़ि. सहारनपुर सूचित कर रहा हूं कि मेरा पुत्र मोहम्मद अहमद गत 10 मार्च 2007 से लापता है। पुलिस को सूचित किया खूब ढूंढा मगर कोई भी मेरे पुत्र मोहम्मद अहमद का पता नहीं लगा पाया है।

## कारवाई की मांग को लेकर सीओ से की शिकायत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र की भेलाखरग में 20 अप्रैल को शराब के नशे में दो पक्षों के बीच हुए विवाद को लेकर पुलिस ने एक पक्षीय कारवाई करते हुए पीड़ित के बेटे को हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जेल भेज दिया था। थाने पर तहरीर देने के बाद पुलिस द्वारा कोई कारवाई नहीं किया गया है। पीड़ित गणेश शुक्ल निवासी भेलाखरग थाना हरपुर बुदहट ने सीओ गीडा को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि 20 अप्रैल को अपराह्न 2 बजे बेटे कृष्ण मोहन शुक्ल को पड़ोस गांव के कुछ मनबढ़ रास्ते में पकड़ कर मोबाइल,चैन छीन लिए विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिए थे। एक आरोपी बाइक से भागने की कोशिश में सड़क पर गिर गया।उसने थाने में जाकर फर्जी केस दर्ज करा कर बेटे को जेल भेज दिया। पुलिस को शिकायत करने पर कोई कारवाई नहीं किया गया। इस संदर्भ में सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि प्रकरण की जानकारी है। मुकदमा दर्ज करने का आदेश दे दिया गया।

## संयुक्त कृषि निदेशक ने बेहटा और पैगा से लिए उच्च एवं निम्न उत्पादकता के मृदा नमूने

**अमेठी।** सोमवार को पूरे प्रदेश में मृदा नमूना संकलन अभियान चलाया गया। कृषि निदेशालय , लखनऊ से आए जनपद के नोडल अफसर संयुक्त कृषि निदेशक अनिल कुमार यादव ने बेहटा ग्राम से उच्च उत्पादकता और पैगा ग्राम से निम्न उत्पादकता के दो दो मृदा नमूने लिए। ग्राम चौहानापुर में गठित क्लस्टर में चयनित कृषक इन्द्र पाल और नंद कुमार के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया और जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र आदि से उगाई जा रही फसल का अवलोकन किया।

## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की सांसद की अध्यक्षता में बैठक

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सांसद नारायणदास अहिरवार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद जी ने पूर्व बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा करते हुए अनुपालन आख्या पर संतोष व्यक्त किया तथा लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण आदि योजनाओं की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की और उनकी गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। सांसद जी ने कहा कि योजनाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण टीमों का गठन किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों को योजनाओं की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से दी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी योजना में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाय । बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र देव शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेन्द्र चौबे, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 30 दिवसीय फिल्म, टेलीविजन एवं थिएटर वर्कशॉप का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** अभियान थिएटर ग्रुप और गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 15 मई से 15 जून तक 25वां प्रस्तुतिपरक नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी अभियान थिएटर ग्रुप के अध्यक्ष श्रीनारायण पांडेय ने सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि गोरखपुर में रंगमंच को समृद्ध करने के लिए अभियान थिएटर ग्रुप पिछले 23 वर्षों से ऐक्टिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में ऐक्टिंग, वायस एंड स्पीच, मूवमेंट, म्यूजिक, डांस, पर्सनालिटी डेवलपमेंट आदि का अभ्यास कराया जायेगा। प्रशिक्षण के मापन पर एक नाटक का मंचन भी किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर से बच्चों में लीडरशिप क्षमता, विपरीत परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता, एकाग्रता, त्याग की भावना,सृजनशीलता, कल्पनाशीलता आदि का विकास होता है। समाज में मानवीय दृष्टिकोण का विकास होता है। वर्कशॉप से ऐक्टिंग में करियर बनाने वाले बच्चों को थियेटर, फिल्म, टेलीविजन में करियर बनाने के लिए सही मार्गदर्शन मिलता है। पिछले 23 वर्षों में अभी तक 25 वर्कशॉप का आयोजन किया जा चुका है। परिणामस्वरुप अभियान थिएटर ग्रुप से अभी तक 9 लड़कों का प्रवेश



राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली, दो लड़कों का प्रवेश फिल्म टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ इंडिया, पूणे, एक रंगकर्मी का चयन फिल्म टेलीविजन इंस्टीट्यूट आफ अरुणाचल प्रदेश एवं कई रंगकर्मियों का चयन भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ, मध्य प्रदेश स्कूल आफ ड्रामा, भोपाल एवं देश के अन्य राष्ट्रीय अकादमियों में भी हो चुका है। श्रीनारायण पांडेय ने कहा कि फिल्म, टेलीविजन एवं थिएटर में करियर बनाने वालों के लिए सहायक इस वर्कशॉप में पत्रकार के बच्चों का चयन पूरी तरह निःशुल्क होगा। यह वर्कशॉप अभियान थिएटर ग्रुप, शाही मार्केट में संचालित किया जाएगा। इसका रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो गया है। प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 11 बजे से सायं 7 बजे तक रजिस्ट्रेशन फॉर्म पाया जा सकता है। प्रशिक्षण 15 मई से प्रारम्भ हो जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए 9532110951 एवं 9336046162 पर फोन कर प्राप्त किया जा सकता है।

# डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल कर रहा अयोध्या मेडिकल कॉलेज

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दर्शननगर में स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान के साथ कदमताल कर रहा है। मरीजों के लाभ को प्राथमिकता देते हुए यह संस्थान लगातार नए ऑनलाइन मॉड्यूल लागू कर रहा है। इसी दिशा में कॉलेज प्रशासन ने अब फार्मेसी और मेडिकल रिकॉर्ड डिपार्टमेंट (एमआरडी) मॉड्यूल शुरू कर दिए हैं। इन सुविधाओं से मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी। इनके लागू होने से मरीज एक क्लिक में अपनी मेडिकल हिस्ट्री और इलाज के दौरान दी गई दवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद देश-विदेश में बैठे रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालु व सैलानियों की सेहत का ख्याल रखते हुए योगी सरकार रामनगरी की स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत करने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में मेडिकल कालेज प्रशासन ने रोगियों के हित को देखते हुए दो मॉड्यूल लागू किये हैं।



**एचएमआईएस से संचालित होती हैं मेडिकल कॉलेज की ऑनलाइन सेवाएं**

मेडिकल कॉलेजों में ऑनलाइन सेवाएं हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के माध्यम से संचालित की जाती हैं। फार्मेसी और एमआरडी मॉड्यूल को लागू करने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं, जो अब पूरी हो चुकी हैं। एचएमआईएस के इंजीनियर विकास पाठक के मुताबिक फार्मेसी मॉड्यूल के तहत अब दवा काउंटर पर मरीजों के पर्चे का सीआर नंबर सिस्टम में दर्ज किया जा रहा है। पर्चे में लिखी गई दवाओं का विवरण भी सिस्टम में अपलोड होगा। इससे मरीज को सालों बाद भी यह जानकारी मिल सकेगी कि उसे कब, किस डॉक्टर ने कौन-सी दवाएं लिखी थीं। साथ ही दवाओं के दुरुपयोग पर भी अंकुश लगेगा, क्योंकि खपत का पूरा लेखा-जोखा ऑनलाइन रहेगा। एमआरडी मॉड्यूल में मरीज कभी भी अपनी फाइल एक क्लिक में प्राप्त कर सकेंगे। डाटा सेव करने का कार्य किया जा रहा है।

**ई-सुश्रुत ऐप पर मिलेगी सभी जानकारी**

मेडिकल कॉलेजों की ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी के लिए ई-सुश्रुत ऐप उपलब्ध है। इसे डाउनलोड करने के बाद मरीज अपनी निर्धारित दवाओं का विवरण देख सकते हैं। हालांकि, यह सुविधा एमआरडी मॉड्यूल पर लागू नहीं है।

# एथलीट स्वर्ण पदक विजेता आंचल ठाकुर की फीस माफः मंत्री शाही

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 22वें अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद रहे। कुलपति ने स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेंटकर कृषि मंत्री का स्वागत किया। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के अनुरोध पर कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने एथलीट की तीन-तीन स्वर्ण पदक विजेता आंचल ठाकुर की फीस को माफ करने का आदेश दे दिया है। कहा कि इससे खिलाड़ियों के अंदर खेल की भावना जागृत होगी साथ ही साथ खेल को प्रोत्साहन मिलेगा और खिलाड़ी नई ऊंचाईयों की तरफ आगे बढ़ेंगे। समापन के अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की योगी सरकार खिलाड़ियों के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। कहा कि ओलंपिक व एशियाई खेलों में मेडल की संख्या तेजी के साथ बढ़ी है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को ओलंपिक और एशियाई खेलों के लिए तैयार करना होगा। 2024 के ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते थे लेकिन इसे और बढ़ाने की जरूरत है। मंत्री शाही ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश की योगी सरकार ने 5 करोड़ रुपये की धनराशि और कोच को 50 लाख रुपये दिया। पहले कहा जाता था खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन वह समय अब बीत चुका है। आज के समय में खेलने से आपकी दुनिया में पहचान बनेगी। कृषि विवि में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता कराए जाने पर मंत्री कुलपति व विवि परिवार की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में विवि ने तेजी के साथ विकास किया है। यह देश का पहला कृषि विवि है जिसने नैक में ++ रैंक हासिल किया है। कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि कृषि विवि में 24 राज्यों से 56 कृषि विश्वविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 2000 खिलाड़ी प्रतिभाग किए। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व कृषि मंत्री के दिशा-निर्देशन में खेल आयोजित किया गया।

# नगर निगम के दावे पर न करें एतबार, हो सकते है धोखे के शिकार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वस्थ उत्तर प्रदेश, सशक्त उत्तर प्रदेश- सरकार के इस संकल्प को साकार करने के लिए नगर निगम क्षेत्र में पब्लिक हेल्थ एटीएम केंद्रों की स्थापना की गई थी। उद्देश्य था कि आम आदमी को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं समय से, सुलभ और तकनीक आधारित मिल सकें। लेकिन जमीनी हकीकत नारे और वादों से बिल्कुल उलट है। इन केंद्रों पर ताले लटके हैं, मशीनें धूल फांक रही हैं और जनता इनसे अब तक एक पेनकिलर तक नहीं ले सकी।

नगर निगम क्षेत्र में दर्जनभर से अधिक हेल्थ एटीएम लगाए गए थे। इन केंद्रों के बाहर झिलमिलाते बोर्ड पर लंबी-चौड़ी सुविधाओं की फेहरिस्त चस्पा है।

डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श, ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह, डेंगू, टायफाइड, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड जैसी दर्जनों जांचें। लेकिन ये सेवाएं केवल पोस्टरों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर न तो डॉक्टर हैं, न तकनीशियन और न ही कोई जवाबदेही।

स्थानीय निवासी राजकुमार साहू कहते हैं, सरकार ने बड़ी बातें की थीं कि मोहल्ले में ही जांच की सुविधा



मिलेगी, लेकिन यहां तो सालों से ताले लगे हैं। पूछो तो अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते हैं।÷ इन हेल्थ एटीएम केंद्रों की स्थापना में लाखों रुपये खर्च किए गए। लेकिन आज इनका हाल देखकर यही कहा जा सकता है कि ये 'सफेद हाथी' बन चुके हैं—जो खड़े तो हैं, लेकिन किसी काम के नहीं।जब इस विषय में नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ÷कुछ तकनीकी और ठेकेदार स्तर की दिक्कतों के कारण संचालन रुका हुआ है। जल्दी ही व्यवस्था को फिर से शुरू किया जाएगा। हालांकि यह जल्दी कब आएगी, इसका जवाब किसी के पास नहीं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता नीलम तिवारी सवाल उठाती हैं, ÷अगर केंद्र बंद ही रहने थे तो जनता को झूठे वादे क्यों दिए गए? क्या सिर्फ स्लोगन से लोगों की सेहत सुधरेगी? अयोध्या में हेल्थ एटीएम केंद्र एक अच्छे उद्देश्य की मिसाल थे, लेकिन अमल में लापरवाही, जवाबदेही का अभाव और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने इन्हें मज़ाक बना दिया है। यह सिर्फ योजनाओं की असफलता नहीं, बल्कि जनता के 'स्वास्थ्य अधिकार' के साथ किया गया एक भद्दा मज़ाक है।

# उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार अंकिता कनौजिया ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बीकापुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 3 तेंदुआ माफी में हुए



सभासद पद के उपचुनाव में सोमवार को निर्दलीय उम्मीदवार अंकिता कनौजिया ने सभी को चौंकाते हुए भाजपा की अधिकृत उम्मीदवार गायत्री देवी को 109 मतों से पराजित कर बड़ी जीत हासिल की।तहसील सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह से शुरू हुई मतगणना में अंकिता को 399 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी को केवल 290 मतों से संतोष करना पड़ा। चुनाव में कुल 8 मत अवैध घोषित किए गए।निर्वाचन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह ने विजेता घोषित करते हुए अंकिता को प्रमाणपत्र सौंपा। गौरतलब है कि यह सीट अनुसूचित महिला वर्ग के लिए आरक्षित थी, जहां पूर्व सभासद राधा कनौजिया के निधन के बाद उपचुनाव कराया गया। दिवंगत सभासद की बहू होने के नाते अंकिता को मतदाताओं की सहानुभूति का लाभ मिला, जो जीत में निर्णायक साबित हुआ।

चुनाव परिणाम आते ही निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मिठाइयां बांटी गईं और समर्थकों ने जश्न मनाया।इस मौके पर सपा नेता जुग्गी लाल यादव, कांग्रेस नेता दिलीप गौड़, बसपा से लालमणि निषाद समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं की उपस्थिति ने इस चुनाव में विपक्षी एकता की तस्वीर साफ कर दी।भाजपा के लिए यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ था, क्योंकि नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर उसका कब्जा है। मगर पार्टी को भीतरघात व क्रॉस वोटिंग का खामियाजा उठाना पड़ा।निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ।

# सर्व समाज सेवा समिति आगरा के तत्वधान में पांचवां सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** सर्व समाज सेवा समिति आगरा के तत्वधान में पांचवां सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन एल आर फार्म हाउस बाई पास रोड आगरा पर किया गया। विवाह समारोह का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने गणेश भगवान के चित्र पर मल्यार्पण करके दीप प्रज्वालित कर के किया। विवाह समारोह में 3 जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लेकर सात जन्मों के लिए एक दूजे के हो गए। कार्यक्रम के मिडिया प्रभारी आरिफ सिद्धिकी के मुताबिक विवाहित जोड़ों को समाज के सहयोग से दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे फ्रिज, वाशिंग मशीन, अलमारी, टीवी, कूलर, पलंग, गैस चूल्हा आदि भेंट की। इस अवसर पर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह समाजों के लिए एक वरदान साबित हो रहे है। सामूहिक विवाह समारोह फिजूल खर्चे से बचाते हैं तथा लोगों का आर्थिक विकास में सहयोग करते हैं। कार्यक्रम संयोजक अमित दिवाकर एडवोकेट पार्षद ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह से ही दहेज रूपी सर्प के फन को कुचला जा सकता है तथा गरीब व अमीर के बीच की दूरी को कम किया जा सकता है। सर्व समाज को सम्मेलन में ही बच्चों की शादी करनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरीश वर्मा ने की।

# टीटीजैड क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक आयु की विभिन्न थानों में निरूद्ध वाहनों की नीलामी प्रक्रिया का प्रस्ताव टीटीजैड की वेबसाइट पर अपलोड

**आगरा।** सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया है कि टीटीजैड प्राधिकरण की 63वीं बैठक के मुख्य एजेण्डा के बिन्दु सं0 2(2) के अनुपालन में टीटीजैड क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक आयु की विभिन्न थानों में निरूद्ध वाहनों की नीलामी प्रक्रिया का प्रस्ताव टी0टी0जैड0 वेबसाइट 222.ttzauthority.com पर अपलोड/नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जा रहा है। उक्त प्रस्ताव पर आपत्ति/सुझाव सम्भागीय परिवहन कार्यालय, आगरा के ई-मेल rtoag-up@nic.in पर आगामी 30 दिन में उपलब्ध कराये जा सकते हैं। निर्धारित समयावधि (30 दिन) में प्राप्त आपत्ति/सुझावों को संकलित / विश्लेषित कर नीलामी प्रक्रिया के अन्तिम अनुमोदन हेतु टी0टी0जैड0 प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने समस्त जन सामान्य से आग्रह किया है कि उक्त के सम्बन्ध में आपत्ति/सुझाव तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन है प्रस्तावित,लम्बित एमवी एक्ट के तहत ई-चालानों का निस्तारण एक मुश्त समाधान

**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्रधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय एवं वाह्य स्थित न्यायालयों में तथा तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों / विभागों द्वारा चिन्हित किये जाने वाले मामलों में से जिन वाहनों का एमवी एक्ट के तहत ई-चालान किया गया है व अभी तक समाधान न होने के कारण वाद न्यायालय में लम्बित है उन लम्बित ई-चालानों का निस्तारण एकमुश्त समाधान किया जायेगा। अतः आमजन से अनुरोध है कि दिनांक 10.05.25 को प्रातः 10 बजे न्यायालय परिसर पहुंचाना सुनिश्चित करें और अपने लम्बित ई-चालानों का निस्तारण अधिक से अधिक कराये।

# नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला महज 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार



**आगरा।** थाना बमरौली कटारा पुलिस द्वारा नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले 1 अभियुक्त को महज 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार रविवार को थाना बमरौली कटारा पर तहरीर दी गयी कि रविवार को समय करीब शाम 4 बजे वादी की भांजी अपने घर पर अकेली सो रही थी। तभी पीड़िता को घर पर अकेला देखकर मनोज पुत्र उत्तम सिंह उर्फ पप्पू घर के अन्दर घुस आया और जबरदस्ती दुष्कर्म करने लगा। युवती ने शोर मचाया तो वादी की बहन व आसपास के लोग आ गये तो मनोज जान से मारने की धमकी देकर वहाँ से भाग गया। वही सोमवार को थाना बमरौली कटारा पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों की चैंकिंग/तलाश की जी रही थी। चैंकिग के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त मुकदमे से सम्बन्धित मनोज ग्राम इकथरा अण्डरपास के पास खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार तत्काल कार्यवाही करते हुए अभियुक्त मनोज पुत्र उत्तम सिंह को इकथरा अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया।

## कर्बला में जश्ने इमामे सज्जाद महफ़िल आयोजित, यूपी टॉपर असना को किया सम्मानित

# इस्लामिक क्विज में मौलानाओ ने विजेताओं को इनाम बाटे





*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** वक्फ बड़ेल कर्बला सिविल लाइंस में जश्ने इमाम-ए-सज्जाद और इस्लामिक क्विज के 10 के और 11 के विनर सीजन का इनामी प्रोग्राम आयोजित हुआ। जिसकी तैयारियां एक माह से चल रही थी। कार्यक्रम में हिंदुस्तान के मशहूर मौलाना व इस्लिमक स्कॉलर और शायरों ने अपना कलाम पेश किया। इमाम सज्जाद इस्लामिक क्विज़ के सरपरस्त मुजाहिद हुसैन नक़वी की देख रेख में ग्रुप में इस्लामिक सवाल जवाब चल रहा था। प्रोग्राम में जहाँ ग्रुप के तमाम मेंबर्स मौजूद थे वहीं बैरूनी कई ओलमा और शख्सियतें दिखाई दी इस प्रोग्राम को जिस खूबसूरती के साथ पूरा किया गया वो इन्होने अपनी बेहतरीन टीम जिसमे मंज़र अब्बास, मोहम्मद मेहदी, अहमद रज़ा, सिबतैन आब्दी सरे फेहरिस्त रहें। कार्यक्रम सुबह लगभग 10 बजे मौलाना हिसाल अब्बास ने तिलावते कलामे पाक से शुरू किया। उसके बाद डॉ रज़ा मौरान्वी,मीर रायपुरी, मज़हर उन्नावी, शुजा अब्बास जायसी, बाक़र नक़वी, कशिश संदीलवी, अजमल किन्तुरी, डॉक्टर मुहिब रिज़वी, आरिज़ जरगावीं, कलीम आज़र, मोहम्मद नक़वी जायसी, हैदर आब्दी, मोहम्मद आबान हुसैन और कियान के अलावा अन्य शायरों ने नजरनाये अकीदत पेश किया। कार्यक्रम बाद बाद मौलानाओ व इस्लामिक स्कॉलर ने इस्लाम के बारे में बताया। महफ़िल समाप्ति के बाद साहित्य संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी में विजेताओं को पुरस्कृत से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रोफ़ेसर गुलाम अब्बास मुख़र्जी, मौलाना सय्यद मुजाहिद रज़ा ज़ैदी, मौलाना कुमैल अब्बास, मौलाना मुजाहिद रज़ा ज़ैदी, मौलाना आयाज़ हुसैन आलमपुरी, मौलाना रज़ा रिज़वी ज़ैदपुरी, मौलाना जाबिर अली अंसारी आदि लोग मौजूद रहे। प्रोग्राम में आये हुवे सभी मेहमानों का ग्रुप एडमिन गुलफाम हैदर आब्दी, सिब्तेन आब्दी, मंज़र अब्बास, ने शुक्रिया अदा किया

### इस्लाम प्यार मोहब्बत का पैगाम देतीः अब्बास मुखर्जी

हिंदुस्तान जाने माने इस्लामिक स्कॉलर कोलकता से आये गुलाम अब्बास मुखर्जी ने इस्लाम और आतंकवाद पर रोशनी डालते हुवे का की बेगुनाहों का खून बहाने वाले का इस्लाम से कोई वास्ता नही है क्योंकि इस्लाम प्यार मोहब्बत का पैगाम देती है नाकि किसी मासूम का खून बहना इसका इस्लाम कतई इजाजत नही देता। उन्होंने आगे कहा कि अभी हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में जिस तरह इंसानियत का खून बहाया गया उसकी जितनी मज्जमत कि जाए कम है, लेकिन उसमें कुछ मुसलमान ऐसे भी थे जिन्होंने अपनी जान पर खेलकर हमारे हिन्दू भाइयों की जान भी बचाई है। श्री अब्बास ने आगे कहा कि फिलिस्तीन में जिस तरह मासूम बच्चो का इज़राइल ने कत्लेआम मचाया, लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई भी मुस्लिम देश आगे नही आया सिवाए ईरान के ईरान ही एक अकेला देश है जिसने इज़राइल के खिलाफ आवाज़ बुलन्द की।

### अल्लाह में मनने वाले कभी दूसरे को तकलीफ नही देतेः अब्बास

इस्लामिक स्कॉलर सय्यद मुद्दसिर अब्बास ज़ैदी ने इस्लाम के बारे में बताया कि आज के दौर में जहाँ कुछ लोग अफवाहों पर ध्यान देते है जिससे अमन चैन में खलल डालने का काम करते है। उन्होंने आगे कहा कि मौला के मानने वाले कभी किसी को तकलीफ नही देते है बल्कि मुसीबत के एक दूसरे की मदद करते है। श्री ज़ैदी ने कहा अभी हाल में ही कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा बेगुनाह इंसानों पर अंधाधुंध गोलियां चलकर लोगो का खून बहाया।

# पूर्व मंत्री गोप ने मेधावी छात्र रामकेवल को सम्मानित किया

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मेहनत और लगन से हर मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है बस अपने सपनों पर भरोसा होना चाहिए कठिनाइयों को चुनौती मानकर रामकेवल ने जो मुकाम हासिल किया है उससे वह गांव और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा बन गया है। उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने विधानसभा दरियाबाद के ग्राम निजामपुर मजरे अहमदपुर का आजादी के बाद गांव से पहली बार हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव और जनपद का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्र राम केवल पुत्र जगदीश प्रसाद का आज सिविल लाइन आवास पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियो की उपस्थिति में छात्र राम केवल एवं छात्र के माता-पिता का माला अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान करते हुए छात्र राम केवल को साइकिल भेंट कर छात्र का उत्सवर्धन करते हुए छात्र रामकेवल की आगे की पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी द्वारा कराए जाने का वचन देते हुए छात्र एवं उसके माता-पिता को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महिलाओं से अश्लील इशारा करने वाले शोहदे को पुलिस ने भेजा जेल

**जैदपुर बाराबंकी।** रास्ते से निकल रही महिलाओं से अश्लील इशारा करने वाले एक यूवक को मुखबिर की सूचना पर जैदपुर पुलिस गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। ज्ञात हो कि कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिपाही पंकज राठौड़ के साथ गश्त कर रहे तभी एक मुखबिर की सूचना पर? झलरवा मार्ग पर समुदायिक शौचालय के निकट तारिख पुत्र ईशा मोहल्ला वसी नगर को गिरफ्तार किया गया जोकि शौचालय आने जाने? वाली महिलाओं व लड़की से अश्लील इशारे करता था।

# जनपद में 29 बाढ़ चौकी और 19 राहत शिविर स्थापित

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलास्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें जिलाधिकारी अनुनय झा ने बाढ़ तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कटान स्थलों का निरीक्षण कराये और किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा उपलब्ध कराएं। विभागीय अधिकारी सभी तटबन्धों का 30 मई से पूर्व निरीक्षण कर लें तथा इसमें रेनकट व रैटहोल वाले स्थानों को चिन्हित कर मरम्मत कार्य बरसता से पूर्व पूर्ण करा लें। बाढ़ बचाव हेतु बोल्डर्स, बालू भरी बोरियां, जी0ओ0 बैग्स, अन्य सामग्री व स्टाफ, मजदूरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चि करें और अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील तटबन्धों पर किए गए कार्यों का सत्यापन तथा निरीक्षण कार्य कराते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। अधिशाषी अभियंता सिंचाई को वर्षा अवधि में बाढ़ क्षेत्रों में न्यूनतम 03 सहायक अभियंताओं की ड्यूटी लगाते हुए सुनिश्चित करें कि सिंचाई विभाग के सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर उपस्थित रहें।



तटबन्धों बंधों के कटान एवं दरार आदि को रोकने के समुचित उपाय किए जाए तथा जो निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं अथवा कराये जाने है उनमें गति लाते हुए बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा लिया जाय। जनपद में कुल 07 प्रमुख नदियां है, जिनकी लम्बाई लगभग 350 किमी0 है। त

टबंधों के किनारे स्थित ग्रामों पर 39 बाढ़ सुरक्षा समितियों का गठन कर लिया गया है। जिला मुख्यालय पर 01, सिंचाई विभाग 01 व तहसील मुख्यालयों पर 04 कुल 06 बाढ़ कंट्रोल रूम संचालित हैं। इन पर कर्मचारियों के 24म7 ड्यूटी लगायी जा रही है। रिजर्व स्टाक के रूप में तटबंधों के निकट स्टोर पर बालू, मोरंग, खाली नई, पुरानी सीमेन्ट के बोरे की व्यवस्था कर ली गयी है। जनपद में कुल-286 गोताखोर तैराकों को चिन्हित किया गया है। जनपद में 29 बाढ़ चौकियों, 24 खाद्यान्न वितरण स्थल, 17 पशु शरणालय स्थल, 19 राहत शिविर स्थापित हैं। इसके अलावा 123 नाव और 205 सम्बद्ध नाविकों को सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि अन्य तैयारियों को भी पूरा किया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा सहित सिंचाई विभाग और अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# घर में घूस कर मारने पीटने केस दर्ज

**मिठौरा (महराजगंज)** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत मिठौरा में घर में घुसकर कर मारने पीटने के मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर कार्यवाही में जुट गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिठौरा निवासिनी हफीजुन निशा ने तहरीर देकर बताया कि नौ लाख में मकान खरीदी थी। जिसमें बच्चों सहित रह रही थी। तीन अप्रैल को शाम छह बजे कुछ लोग एक साथ गोल बनाकर हमारे घर आये घर खाली करने के लिए कहने लगे तो मेरे द्वारा कहां गया कि मकान खरीदी हूं खाली नहीं करुंगी तो सभी लोग घर में घुसकर गाली गलौज करते मार-पीट करने लगे तभी हमारी लड़की साजिया बचाने आई तो लोगों ने उसे भी मारा-पीटा और घर का एक दिवाल भी गिरा दिया। शोर सुनकर लोग इकट्ठा हो तब जाकर जान मारने की धमकी देते हुए भागे। थानाध्यक्ष मनोज गुप्ता के अनुसार पीड़िता के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# जन्मदिन पर विधायक ने कार्यकर्ताओं बधाई साथ सुनी लोगों की फरियाद



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी क्षेत्रीय विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार सुबह से ही कार्यकर्ताओं, बीजेपी नेताओं व उनके परिचितों का बधाई देने का ताता लग गया। हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सिद्धौर, कोठी, उस्मानपुर, अज्जौवा, नईसड़क, कादीपुर, जलालपुर, मौलाबाद, खरसातिया, चौबीसी, पोखरा, भिलवल, बिबियापुरघाट, सेमरी, असौरी, कुम्हारावां, बहुता आदि स्थान से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फूलमाला, स्मृतिचिन्ह, शाल, गमछा आदि भेंट करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। साथी ही केक काटकर तालिया के गड़गड़ाहट से उनके आवास गूंजायमान रहा। इस कार्यक्रम के तदोपरांत क्षेत्र से आए फरियादियों की फरियाद सुनी। उनके निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारियों को भी चर्चा की। शिकायतों में प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मन निधि, राशन कार्ड व दिव्यांग पेंशन आदि से संबंधित विकास से शिकायत रही। इस मौके पर अजमल सिद्दीकी, मोहम्मद इसरार, शेर बहादुर, कौशलेंद्र सिंह, कोठी मंडल अध्यक्ष रामतीरथ वर्मा, मुकेश तिवारी, पंकज दीक्षित, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, प्रवेश, धीरेंद्र सिंह पटेल, कुम्हरावां प्रधान प्रतिनिधि कमल सिंह पटेल आदि दोपहर करीब तीन तक भाजपा नेताओं का जमावड़ा लगा रहा।

# सूखी पड़ी सरयू नहर, पानी की जगह उड़ रही धूल

## सुखी नहर में पानी की तलाश में घूमते मवेशी



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सरकार ने सिंचाई के लिए गांवों में नहरों का जाल तो बिछा दिया पर इनमें जरूरत के समय पानी नही रहता है। स्थानीय नहर विभाग की उदासीनता के चलते बलरामपुर से बाँसी को जाने वाली सरयू नहर गर्मी की शुरुआत में ही पूरी तरह सूख गई है। नगर पंचायत डुमरियागंज और ग्राम हल्लौर से होकर गुजरने वाली नहर में पानी की जगह धूल उड़ रही है। सरकार की मंशा है कि नहरों में सिंचाई के साथ-साथ जानवरों के पीने के लिए भी पानी उपलब्ध रहे, ताकि बेजुबान प्यासे न रहें। हालांकि, नहर में पानी न होने से प्यासे मवेशी हर तरफ पानी की तलाश में भटक रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय किसानों को हरी खाद के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता है जिसको लेकर वह लोग काफी चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि जब उन्हें पानी की आवश्यकता होती है, तब नहर सूखी रहती है। सूखी नहर में प्यास से व्याकुल मवेशी पानी की उम्मीद में नहर के हर कोने को छान रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर पानी न मिलने से उनकी फसलें भी प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने नहर विभाग के अधिकारियों से तत्काल नहर में पानी छोड़ने की मांग की है, ताकि किसानों और पशुओं को राहत मिल सके। वहीं किसानों का कहना है कि सरकार मिट्टी की जांच भी करा रही है साथ ही ढयचा व हरि खाद के लिए खेतो को पानी की आवश्यकता है। यदि जल्द ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसानों व पशुपालकों का काफी नुकसान हो जाएगा।

# जनपद में ओवर रेटिंग का खेल जारी, जिम्मेदार बेखबर

**अवधनामा संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिले में इन दिनों गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ऐसे में कोल्ड ड्रिंक, जूस, पैकेट बंद पानी और अन्य पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। दुकानदार इसी मौके का फायदा उठाकर ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। 20 रुपये की कोल्ड ड्रिंक 25 से 30 रुपये में बेची जा रही है। वहीं 20 रुपये वाला पानी का बोतल 25 रुपये तक बिक रहा है।

ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति और भी गंभीर है, जहां ग्राहकों को MRP से 10 से 15 रुपये अधिक देने पड़ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि उन्हें सप्लाई करने वाली एजेंसियां पहले से ही सामान महंगे दाम पर दे रही हैं। **प्रशासन से सख्ती की मांग**- जिले के जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और दोषी दुकानदारों व एजेंसियों पर जुर्माना लगाया जाए। साथ ही बांट-माप विभाग को भी जवाबदेह बनाया जाए।

### मिठाई की दुकानों पर भी लूट

सिर्फ पेय पदार्थ ही नहीं, मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों को लूटा जा रहा है। मिठाई के साथ डिब्बे का वजन तौल में जोड़कर अधिक पैसे वसूले जा रहे हैं। 500 ग्राम मिठाई पर डिब्बे का वजन मिलाकर 50 से 70 ग्राम तक अतिरिक्त तौला जा रहा है। इससे ग्राहकों को हर किलो मिठाई पर 30 से 60 रुपये तक की चपत लग रही है।

### बांट-माप विभाग की भूमिका संदिग्ध

इस पूरे मामले में बांट-माप विभाग की चुप्पी सवाल खड़े कर रही है। विभाग की ओर से न तो किसी दुकान की चेकिंग हो रही है और न ही ओवर रेटिंग करने वालों पर कोई कार्रवाई। ग्राहकों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी दुकानदारों से मिलीभगत कर आंखें मूंदे बैठे हैं।

### ग्राहकों की शिकायत

स्थानीय निवासी शकील अहमद ने बताया कि बाजार में कहीं भी कोल्ड ड्रिंक MRP पर नहीं मिल रही। दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। इसी तरह रेहाना खातून नामक महिला ने कहा कि मिठाई की दुकानों पर डिब्बे का वजन भी जोड़कर पैसा लिया जाता है।

## खुद को जीवित दिखाने के लिये बुजुर्ग लगा रहे चक्कर

**अंबेडकरनगर।** विकास खंड भियांव अंतर्गत ग्राम कोरझा निवासी एक वृद्ध व्यक्ति ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर जीवित होते हुए भी मृत्यु प्रमाणित कर देने का आरोप लगाते हुए जांच एवं सुधार की मांग की है। प्रकरण में उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ।कोरझा गांव के निवासी मोहम्मद नसीम (65) ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था।

नसीम के अनुसार, ग्राम पंचायत अधिकारी विनय वर्मा की ओर से की गई जांच के आधार पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया, जिससे उनकी पेंशन प्रक्रिया बाधित हो गई। नसीम ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने विकास खंड कार्यालय समेत जिला स्तर तक शिकायत दर्ज कराई, लेकिन किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि खंड विकास अधिकारी अंजली भारती को भी मामले की जानकारी दी गई, लेकिन उन्होंने भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

## जलालपुर से पंद्रह सदस्यों का जत्था हज के लिये रवाना



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सऊदी अरब के पवित्र शहर मदीना व मक्का के लिए 15 सदस्यीय हाजियों का एक जत्था सोमवार को नगर के उर्दू बाजार से रवाना हुआ। हज पर जाने वाले अरशद कमाल, मौलाना नूरूस्सलाम, अशफाक अहमद, मोहम्मद सिराज, मास्टर जमाल, मोहम्मद आरिफ, इश्तियाक अहमद समेत अन्य हाजियों का हाफ़िज़ जकरिया,कारी आफाक अहमद, मंजूर अहमद,हाजी कमर हयात अंसारी, मौलाना खालिद कासिमी, आफताब अहमद,अनीसुर्हमान, निसार अहमद,इसरार अहमद, फ़िरदौस आलम, निशात अहमद, गुलाम सुबहानी ,हबीब अहमद समेत इलाके के लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। हज पर जाने वाले सभी हाजियों से लोगों ने मुल्क में अमन चैन की दुआएं करने एवं मदीने में सलाम कहने एवं उनके हक में दुआएं करने की गुजारिश की। सोमवार सुबह हाजियों का यह जत्था सड़क मार्ग से लखनऊ हज हाउस के लिए रवाना हुआ।

## वृहद मृदा नमूना संकलन अभियान

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे वृहद मृदा नमूना संकलन अभियान के अंतर्गत आज कृषि विज्ञान केंद्र, बंजरिया बस्ती के वैज्ञानिकों की टीम ने कृषि विभाग बस्ती के सहयोग से ग्राम कटया में मृदा नमूनों का संकलन कर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया। यह अभियान किसानों को उनकी खेत की मिट्टी की गुणवत्ता के प्रति सजग करने तथा वैज्ञानिक पद्धतियों पर आधारित खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## डीएम ने डूडा/नगर निकाय में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक की



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में डूडा/नगर निकाय में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराना सुनिश्चित करे। नगर पालिका बांसी के विस्तार हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करने का निर्देश दिया। नगर पालिका द्वारा जिन विद्यालयों में मरम्मत का कार्य कराया जाना है उसके लिए टेन्डर प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) को निर्देश दिया कि नये ई0ओ जो अभी कार्यभार ग्रहण नही किये है उनसे वार्ता कर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दे। कार्यभार ग्रहण न करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लम्बित आवेदनो का सत्यापन कराने का निर्देश दिया। कोई भी पात्र व्यक्ति आवास योजना के लाभ से छूटने न पाये तथा किसी भी अपात्र को आवास नही मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने समस्त ई0ओ0 को निर्देश दिया कि बिना नक्शा पास कराये भवन का निर्माण नही होगा इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करे। नये नगर पंचायतों में हाउस टैक्स, जल कर टैक्स की वसूली करने का निर्देश्रा दिया। इसके अलावा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रगति लाकर 15 दिवस में 95 प्रतिशत प्रगति लाने का निर्देश दिया। जो निर्माण कार्य कराये जा रहे उसे समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) गौरव श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी डूडा सुनीता सिंह, समस्त ईओ, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजकीय बालिका इंटर कालेज की मेधावी छात्राओं का किया गया सम्मान



**टांडा अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगर सिकंदराबाद पालिका परिषद टांडा में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया कक्षा 12 में प्रथम स्थान रुखसाना खातून 75 प्रतिशत द्वितीय स्थान मेराज फात्मा 74 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर अंशु भारती 70 प्रतिशत तथा हाई स्कूल में प्रथम स्थान पर श्वेता गुप्ता 78 प्रतिशत द्वितीय स्थान पर रिया भारती 76 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर अंशिका गुप्ता 75.5 प्रतिशत को माला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया । हाई स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025 शत् प्रतिशत रहा जबकि इंटरमीडिएट का परिणाम 87 प्रतिशत है विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शकुंतला देवी ने सभी बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जनपद पुलिस सड़क पर यातायात नियमों का करवा रही पालन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** ट्रैफिक नियमों को चुस्त एवं दुरुस्त रखने व ट्रैफिक नियमों का पालन करवाने के लिए अंबेडकरनगर पुलिस सड़क पर उतर चुकी है और आए दिन अभियान चला कर लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करवा रही है। पुलिस जगह-जगह चेकिंग अभियान लगाकर लोगों को ट्रैफिक नियमो का पालन करने की सलाह दे रही है जिससे वह सुरक्षित रहें। इसके साथ-साथ पुलिस द्वारा जिस गाड़ियों का फेल इंश्योरेंस, बीमा, हेलमेट, न पहनकर गाड़ी चलाना इत्यादि को लेकर गाड़ियों का चालान भी किया जा रहा है। जिससे ट्रैफिक नियमों का पूरी तरह पालन हो सके।

## पुलिस ने पैदल गस्त कर नागरिकों को कराया सुरक्षा का एहसास

### रोड पर न खड़ी करे गाड़ी लगता है जाम : प्रभारी



**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन पुलिस ने हेल्मेट व बाड़ी प्रोटेकट्र पहन कर पुरे चौराहे पर पैदल रुट मार्च कर लोटन कस्ब मे सोमवार की शाम भ्रमण किया।

लोगों को भरोसा दिया कि पुलिस आपके साथ है। जो भी व्यक्ति खलल डालने का प्रयास करेगा। पुलिस उसके साथ सख्ती से निपटेगी ।पैदल गस्त के दौरान रोड के बगल में पटरी पर खड़े वाहनों के स्वामी को भी बताया की रोड पर गाड़ी न खड़ा करें चौराहे पर जाम लगता है आने जाने वालों को दिक्कत होती है ठेला वालो को भी बताये की रोड छोड कर ही सब्जी व फल बेचे कहीं शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही किया जायेगा।संदेश दिया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना फोरन पुलिस को दे। नेपाल सीमा करीब होने के कारण अपराधियों के आने की संभावना बनी रहती है। रुट मार्च में थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज उप निरीक्षक दिवाकर यादव, उप निरीक्षक भीम सिंह, उप निरीक्षक दिनेश यादव, उप निरीक्षक कमलेश चन्द, कांस्टेबल सौरभ सिंह, संजय गौतम, सद्दाम हुसैन, राजेश कुमार यादव, संजीत गुप्ता, बुद्धेश कुमार होम गार्ड जगदीश यादव आदि शामिल रहे।

## यूपी में महिलाएं न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान भी दे रही है

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में महिलाए न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान भी दे रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए सबसे बड़ी पहल की है। गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिये प्रदेश की 50192 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरसपीडेट) बनाने हेतु प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। सभी चयनित बीसी सखी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई हैं उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिशन रोजगार, मिशन शक्ति और मिशन कल्याण जैसी अनेक योजनाओं को शुरू किया है। इसके क्रियान्वयन हेतु तैयार किये गये कार्यक्रम के अनुसार सरकार के संबद्ध विभाग तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक के सहयोग से यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि0 (यूपीकॉन) ने 58,000 बीसी सखी (बैंकिंग कॅरिस्पोंडेंट) बना लिये हैं जो शेष बीसी सखी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। गांव से लेकर शहरों में बीसी सखी 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बीसी सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की सभी महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं।

## डीएम ने निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर, हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने पैक्स घरसोहिया विकास खण्ड-सदर में निर्माणाधीन पी.सी.एफ. गोदाम तथा कैली हॉस्पिटल के परिसर में निर्माणाधीन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर, हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि निर्माण कार्य टाई बीम स्तर तक हो गया है तथा कालम टेढा है। निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था सी.एल.डी.एफ. लि. बस्ती द्वारा कराया जा रहा है। मुख्य अभियन्ता द्वारा बताया गया कि अगला बजट मई 2025 तक प्राप्त हो जायेगा तथा निर्माण कार्य माह नवंबर 2025 तक पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। उन्होने मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिया कि इसकी दृढ़ता का विधिवत परीक्षण करवाकर ही उचित उपचार के साथ आगे का निर्माण इसके ऊपर हो। कैली हॉस्पिटल के परिसर में निर्माणाधिन 50 शैय्या क्रिटिकल केयर, हॉस्पिटल के निरीक्षण में उन्होने पाया कि भवन के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण है, भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ब्रिक का कार्य प्रगति पर है। दूरभाष के माध्यम से अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि हाईटेंशन तार के कारण निर्माण कार्य में विलम्ब हुआ है एवं अगस्त 2025 में हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण निमार्ण कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करवायें।

## धनराशि का गबन किये जाने के आरोप में डीपीआरओ ने किया सचिव को निलंबित




**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम पंचायत सन्सरी में अन्त्येष्टि स्थल, नाली मरम्मत, सीसी रोड मरम्मत के कार्यो में बिना एमबी कराये अनियमित रूप से लाखों रुपए गबन किए जाने के आरोप में विभाग ने सचिव रविकांत को निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत संसरी में अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य में बिना एमबी कराए 8 लाख का भुगतान कर लिया गया इसी ग्राम पंचायत में सकीरा के घर से हुल्लुर के घर तक सीसी रोड मरम्मत कार्य में एमबी कराये बगैर 49050/- रुपये का अनियमित रूप से आहरण करते हुये धनराशि का गबन किया गया तथा इसी ग्राम पंचायत में धर्मेन्द्र के घर से महबूब के घर तक नाली मरम्मत कार्य पूर्ण कराये बगैर बिना एम0बी0 कराये 70389/- रूपये का अनियमित रुप से आहरण करते हुये धनराशि का गबन किया गया एवं आरआरसी में शेड लगाये जाने के कार्य में बिना शेड लगे ही 49800/- रुपये का भुगतान पीएएमएस के माध्यम से किये जाने के प्रयत्न के आरोप में सचिव को जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार ने निलंबित कर दिया है।

इस सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि विकास खण्ड बढ़नी में तैनात सचिव रविकांत यादव द्वारा ग्राम पंचायत संसरी में तीन चार प्रकरणों में घोर अनियमितता करते हुए बिना एम बी कराए लाखों का भुगतान करने के आरोप में निलंबन की कार्यवाही की गई है।

## सहकारी बैंकों की समस्याओं को लेकर कुंवर विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद की 124 साधन सहकारी समितियों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने के साथ ही सहकारी बैंकों की समस्याओं को लेकर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। बाकौल अध्यक्ष मुख्यमंत्री ने उनके मांगपत्र पर विचार करने का आश्वासन भी दिया है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री से लखनऊ में हुई मुलाकात के दौरान सौंपे गए पत्र में समितियों के उत्थान समेत साधन सहकारी समितियों को 15 लाख रुपये क्रेडिट लिमिट करने के लिए आभार जताया। जबकि जिला सहकारी बैंक की मुख्य शाखा समेत अन्य शाखाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति समेत अन्य पदों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए अनुरोध किया। अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले समय में सभी समितियों पर दुग्ध समिति का गठन, जिला सहकारी बैंक से ऋण भी मुहैया कराने, वित्तीय वर्ष में माइक्रो एटीएम लगाने, सहकारिता वर्ष 2025 के तहत ब्लॉक स्तरीय सहकारिता चौपाल लगाकर किसानों की समस्याओं का निदान करने, खेतों में उर्वरक छिड़कांव के लिए जिले में ड्रोन की उपलब्धता की संख्या बढ़ाने एवं पशुपालन के लिए जिला सहकारी बैंक भी देगा ऋण सहकारिता वर्ष 2025 में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी करने के पहल से भी अवगत कराया।

## संगठन की मजबूती के लिए आयोजित हुई मासिक बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में स्थित सपा कार्यालय शोहरतगढ़ पर संगठन की मजबूती और सपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करने के लिए सोमवार को सपा विधानसभा अध्यक्ष शोहरतगढ़ हरिनारायन यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजित की गई।

सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि जातिवार गणना शुरु होने जा रही है ऐसे में सभी कार्यकर्ताओं को सजग रहना होगा ताकि कहीं गड़बड़ी न होने पाए। गांव से लेकर नगर पंचायत तक भाजपा द्वारा दलितों व गरीबों का शोषण, महंगाई, चोरी, छिनैती आदि पर चर्चा कर युवकों को सपा से जोड़ने का कार्य करें। आतंकियो को पनाह देने वाले कायर देश पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार को कड़ा जबाव देते हुए आक्रमण कर देना ही देश के हित में है और उन्होंने कहा कि आतंक का खौफ पैदा कर बेगुनाहों को मौत के घाट उतारने वालों का कोई मजहब व धर्म नहीं होता है।

महंगाई पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। गरीबों की बजाए पूंजीपतियों का विकास हो रहा है। आज तक गरीब व मध्यम वर्ग के लोग हर तरह से परेशान नजर आ रहे हैं।

इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, हरिनारायण यादव, रामू यादव,रामरतन विष्णु उमर, गुड्डू सिंह, घनश्याम पांडेय, हरिराम शर्मा हरिद्वार, मोनू खां आदि लोग मौजूद रहें।

## सीआईएससीई बोर्ड की इंटर परीक्षा परिणाम में आयुष ने 95.25 प्रतिशत अंक हासिल बढ़ाया परिवार का मान

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सीआईएससीई बोर्ड बुधवार को कक्षा 10 व 12 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें गोमती नगर, लखनऊ के सीएमएस कॉलेज के इंटर के छात्र आयुष पाठक ने 95.25 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया। मिठवल विकास क्षेत्र के पचमोहनी गांव निवासी आयुष पाठक पुत्र अनिल पाठक ने सीआईएससीई बोर्ड की इंटर परीक्षा परिणाम में 95.25 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार सहित क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस खुशी में परिवार के साथ क्षेत्र के लोग आयुष पाठक को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। आयुष पाठक के पिता अनिल पाठक केंद्र सरकार में नौकरी करते हैं। माता हेमा पाठक गगृहिणी है। आयुष पाठक ने बताया आगे यूपीएससी की तैयारी करेंगे। इस दौरान आलोक पाठक, सभा सूरत पाठक, पुनीत पाठक, कमल पाठक सहित गांव के लोग मौजूद रहे।



## बाईक चलाते समय नींद लग जाने से बुजुर्ग महिला का टूटा पैर

**हजपुरा अम्बेडकरनगर।** बाइक सवार को अचानक नींद आ जाने की वजह से वह बाइक सहित एक गड्ढे में जा गिरा और अपनी दादी सहित बुरी तरह घायल हो गया। इस हादसे में उसकी दादी का पैर टूट गया, राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। मामला सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है, जानकारी के मुताबिक हंसवर थाना क्षेत्र के रामपुर बेनीपुर गांव निवासी लकी गौतम अपनी दादी कविता 60 वर्ष के साथ कहीं जा रहा था, तभी बाइक चालक लकी गौतम को कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर काकरिया गांव के पास पहुंचते ही अचानक नींद आ गई और सड़क के किनारे एक गड्ढे में चल चला गया। और बाइक लेकर गड्ढे में गिर गया।

## राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) सकुशल सम्पन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**बांसी सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा (नीट) बांसी के रतन सेन महाविद्यालय में दोपहर दो बजे से प्रारंभ होकर शाम पांच बजे सकुशल सम्पन्न हुआ।

इस परीक्षा केंद्र पर कुल 360 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से पांच अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घंटे पहले परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए। सभी परीक्षार्थियों की गेट पर पुलिस व विद्यालय प्रशासन द्वारा गहन तलाशी करने के बाद अंदर प्रवेश दिया गया।

परीक्षा में पहली बार बैठे हैं। तैयारी के हिसाब से पेपर ठीक-ठाक आया था। परीक्षा के लिए पेपर कठिन नहीं था। हां केमेस्ट्री में कुछ प्रश्न उलझाऊ थे। पर दिमाग लगाने पर समझ मे आ जा रहा था। बायो व फिजिक्स के प्रश्न काफी अच्छे थे।

**रघुनाथ, छात्र नीट**


मैं पहली बार नीट प्रवेश परीक्षा में बैठी हूं। फिजिक्स का प्रश्न कठिन आया था। वही केमिस्ट्री एवं बायो का प्रश्न आसान था।

**साक्षी, छात्रा, नीट**

परीक्षा में दूसरी बार बार बैठे हैं। वही फिजिक्स के प्रश्न कुछ कठिन आया था। केमेस्ट्री और बायो के प्रश्न आसान थे।

**आशीष, छात्र, नीट**

## पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, भवानीगंज पुलिस ने चंद्रदीप घाट पुल के पास से दबोचा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। भवानीगंज थाना पुलिस ने सोमवार को चंद्रदीप घाट पुल के पास से आरोपी को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन में थानाध्यक्ष अमित कुमार की टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामकुमार कश्यप के रूप में हुई है। वह गोंडा जिले के मनकापुर थाना क्षेत्र के महुआडीह गांव का रहने वाला है। उस पर थाना भवानीगंज में मुकदमा संख्या 41/2025 के तहत धारा 137(2), 64(2)(एम)/87 बी.एन.एस. और पॉक्सो एक्ट की धारा 5(एल)/6 में मामला दर्ज है। गिरफ्तारी में उप निरीक्षक रजवन्त सिंह, हेड कांस्टेबल मुकुन्द चौहान, कांस्टेबल रमेश सिंह और महिला कांस्टेबल दिव्या सिंह की टीम शामिल रही। आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में भेजा गया।

# फिलहाल आर्थिक स्ट्राइक

भारत ने पाकिस्तान पर फिलहाल आर्थिक स्ट्राइक की है। हर तरह के आयात-निर्यात पर पाबंदी लगा दी गई है। किसी और देश के जरिए भी पाकिस्तान का सामान नहीं आ सकेगा। हालांकि 2024-25 में पाकिस्तान से मात्र 4 करोड़ रुपए का आयात किया गया, जबकि भारत का निर्यात 3764 करोड़ रुपए का था। कारोबार बंद करने से नुकसान भारत का ही होगा, लेकिन दुश्मन को चारों खाने चित करने की यह भी एक कारगर रणनीति है। पाकिस्तान में पंजीकृत या उसके झंडे वाले जहाज और नौकाएं भारतीय बंदरगाहों पर नहीं आ सकेंगी। उनके प्रवेश पर भी पाबंदी लगा दी गई है। सभी तरह की डाक सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। पाकिस्तान की चौतरफा घेरेबंदी की जा रही है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, आसियान विकास बैंक में भी शिकायत दर्ज करेगा कि पाकिस्तान को दिए जा रहे कर्जों की गहन समीक्षा की जाए, क्योंकि गुरबत और गरीबी के नाम पर जारी किए जा रहे कर्जों का पैसा आतंकवाद पर खर्च किया जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को 7 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था। जुलाई, 2024 से इस कर्ज की किस्तें शुरू हुई हैं। कुल 37 किस्तों में यह कर्ज दिया जाना है। मई, 2025 में ही आईएमएफ का बोर्ड 1.3 अरब डॉलर के कर्ज पर विमर्श करेगा। भारत इस आर्थिक स्रोत को भी खंडित कर पाकिस्तान की भुखमरी और बदहाली को इतना बढ़ा देना चाहता है कि पाकिस्तान बिलबिला उठे और आतंकियों को पालने-पोसने लायक ही न रहे। आसियान विकास बैंक ने भी पाकिस्तान को 43.4 अरब डॉलर का कर्ज देना तय किया था।

अभी तक कुल 53 कर्ज और 3 अनुदान दिए जा चुके हैं। कुल राशि 9.13 अरब डॉलर की है। खैबर पख्तून की ग्रामीण सड़क विकास परियोजना के लिए 32 करोड़ डॉलर देने की बात कही गई है। इसी तरह जनवरी, 2025 में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को 20 अरब डॉलर का कर्ज देने की घोषणा की थी। पाकिस्तान कर्ज के पैसे पर जिंदा देश है। यदि भारत के आग्रह और साक्ष्यों के आधार पर पाकिस्तान को मिलने वाले ये कर्ज रद्द या कम अथवा स्थगित कर दिए जाते हैं, तो वहां की अवाम सड़कों पर उतर कर मुल्क की हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर सकती है। पाकिस्तान की 40 फीसदी से अधिक अवाम गरीबी-रेखा के नीचे जीने को विवश है। वहां की औसत गरीबी-दर करीब 25.3 फीसदी और महंगाई दर करीब 13 फीसदी है। पाकिस्तान की आर्थिक विकास दर 2 फीसदी से भी कम है। भारत की आर्थिक स्ट्राइक पाकिस्तान को और अधिक विपन्न कर सकती है। जरूरी वस्तुओं का अकाल पड़ सकता है। चीन और तुर्किये सरीखे देश पाकिस्तान की कितनी मदद कर सकते हैं? सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सरीखे इस्लामिक देशों ने आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का समर्थन किया है। चीन फिलहाल खामोश है। पाकिस्तान का वजूद संकट में घिरता लग रहा है। इन कर्जों के अलावा, फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) का रास्ता भी भारत के लिए खुला है। पाकिस्तान 2012-15 और 2018-22 के दौरान फाट्फ की 'ग्रे लिस्ट' में रहा है। इससे विदेशी निवेश और कर्ज मिलना बेहद मुश्किल हो जाता है। लगभग असंभव स्थिति बन जाती है। यह संगठन आतंकवाद पर देशों की समीक्षा करता है। 'ग्रे लिस्ट' के बाद देश 'काली सूची' में आ जाएं, तो दुनिया के देश भीख भी नहीं देते। फाट्फ की बैठक 9 मई को है। उसके 40 में से 25 सदस्य भारत के समर्थन में हैं। फिर भी भारत को मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकियों की फंडिंग के सबूत देने होंगे।

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध


संजीव ठाकुर

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निर्दोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निर्दोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए। इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है।

आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़्वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। पढ़ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते।**

# अव्वल आने की होड़ में छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक


ललित गर्ग

टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए।

कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और



चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर में अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है, तभी भारत सशक्त होगा, विकसित होगा।

पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। पढ़ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं तथाकथित समाज एवं राष्ट्र विकास एवं शिक्षा की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं हमारी चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में ही 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहे हैं तो यह एक काफी गंभीर मामला है। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढ़ना हमारे नीति-निर्माताओं के लिये चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लम्बे-चौड़े दावे करने वाली भारत सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा? क्या विकास में बाधक इस समस्या को दूर करने के लिये सक्रिय प्रयास शुरु किए?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निर्माताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिवर्तन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके। इसके लिए स्थाई तौर पर कुछ मनोवैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकती हैं। छात्रों के सिर पर परीक्षा का तनाव एवं अव्वल आने की दोड़ प्रतिस्पर्धा के दौर में और भी बढ़ गयी है। आज रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हैं।

# जातिगत जनगणना के अहम पहलु

**मोदी सरकार ने जातिवार जनगणना कराने का अप्रत्याशित निर्णय ले लिया। इसके पहले 1931 में अंग्रेजों ने ऐसी जनगणना कराई थी। हालांकि इसकी समय-समय पर मांग होती रही। मनमोहन सरकार ने कुछ क्षेत्रीय दलों के दबाव में 2011 में सर्वेक्षण की शक्ल में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराई, लेकिन गलत आंकड़ों के कारण उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी जातिवार जनगणना की मांग पर बहुत जोर दे रहे थे। वे इस मामले में सपा, राजद जैसे दलों को भी पीछे छोड़ रहे थे। यह इसलिए हैरान करने वाला था, क्योंकि कांग्रेस कभी भी जातिगत जनगणना के पक्ष में नहीं रही।**


प्रेम शर्मा

भारत में जाति-आधारित आँकड़ा संग्रह का एक लंबा इतिहास है, जिसमें वर्ष 1931 तक की जातियों की सूचना शामिल है। वर्ष 1951 के बाद जातिगत आँकड़ों का संग्रह बंद करने का निर्णय लिया गया ताकि इस विभाजनकारी दृष्टिकोण से बचा जा सके और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा दिया जा सके। हालाँकि, बदलती सामाजिक-राजनीतिक गतिशीलता और सटीक सूचना की आवश्यकता को देखते हुए जातिगत जनगणना का नए सिरे से आह्वान किया जा रहा है। जाति जनगणना के विरोधियों का तर्क है कि जाति-आधारित भेदभाव अवैध है और जातिगत जनगणना जाति व्यवस्था को सबल ही करेगी। उनका मानना है कि लोगों को उनकी जातिगत पहचान के आधार पर वर्गीकृत करने के बजाय सभी नागरिकों के लिये व्यक्तिगत अधिकारों और समान अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।आलोचकों का तर्क है कि इससे समाज में भ्रम, विवाद और विभाजन की वृद्धि की स्थिति बन सकती है।यद्यपि जातिगत जनगणना के पक्ष और विपक्ष, दोनों में ही प्रबल तर्क मौजूद हैं, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिये ओबीसीएस एवं अन्य समूहों की आबादी पर सटीक आँकड़े का होना आवश्यक है। जातिगत जनगणना सकारात्मक कार्रवाई नीतियों की प्रभावशीलता की निगरानी करने और भारतीय समाज की एक व्यापक तस्वीर प्रदान करने में भी मदद कर सकती है। नीति निर्माताओं के लिये अधिक न्यायसंगत और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करने के लिये दोनों पक्षों के तर्कों पर सावधानीपूर्वक विचार करना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।




बहरहाल मोदी सरकार ने जातिवार जनगणना कराने का अप्रत्याशित निर्णय ले लिया। इसके पहले 1931 में अंग्रेजों ने ऐसी जनगणना कराई थी। हालांकि इसकी समय-समय पर मांग होती रही। मनमोहन सरकार ने कुछ क्षेत्रीय दलों के दबाव में 2011 में सर्वेक्षण की शक्ल में सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराई, लेकिन गलत आंकड़ों के कारण उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी जातिवार जनगणना की मांग पर बहुत जोर दे रहे थे। वे इस मामले में सपा, राजद जैसे दलों को भी पीछे छोड़ रहे थे। यह इसलिए हैरान करने वाला था, क्योंकि कांग्रेस कभी भी जातिगत जनगणना के पक्ष में नहीं रही। जनगणना के साथ जातिवार गणना में कोई बुराई नहीं, लेकिन खतरा यह है कि सामाजिक न्याय की बात करने वाले नेता जातिगत जनगणना के जरिये सामाजिक खाई को निश्चित तौर से बढ़ावा देंगे। वैसे भी बिना जातिये जनगणना के जातिगत मतभेद भारत में आम है। कई राजनैतिक दल जातिगत आधार पर ही क्षेत्रीय राजनीति में टिके हुए है। यह खतरा वास्तविक है, क्योंकि कई दल जाति विशेष की बात ही नहीं करते, उन्होंने खुद को कुछ विशेष जातियों के हितैषी दल के रूप में ही उभारा है। वे साफ तौर पर कुछ जातियों को दूसरी जातियों के खिलाफ खड़ा करते हैं। यह सामाजिक न्याय नहीं, अन्याय है। यह राजनीति जातीय विभाजन और जातीय वैमनस्य को बढ़ाती है। ऐसी राजनीति सामाजिक एकजुटता को कमजोर कर सकती है। ऐसा न होने पाए, इसके लिए कुछ जतन करने ही होंगे।आरएसएस ने अवश्य इसका समर्थन किया। तब कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल जाति आधारित जनगणना पर जोर देने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय केंद्रित अपनी पहल बताएगी।

अब यक्ष प्रश्न यह है कि जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या फिर जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खोलेगी ? यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि जातिगत जनगणना के आंकड़ों का उपयोग किस तरह किया जाता है। चूंकि जाति भारतीय राजनीति की एक सच्चाई है, इसलिए सैद्धांतिक तौर पर यही उचित दिखता है कि जब सामाजिक कल्याण की योजनाओं के क्रियान्वयन में जातियां एक आधार बनती हैं, तब फिर इसके स्पष्ट आंकड़े होने ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्या है। अभी तक अनुसूचित जातियों-जनजातियों की तो गिनती होती रही, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी की नहीं। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है।इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए।यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं।

वे अमुक-अमुक जातियों का नेतृत्व करने के लिए केवल जाने ही नहीं जाते, बल्कि ऐसा दावा भी करते हैं। जाति आधारित जनगणना का लाभ है तो हानि भी। इससे बेहतर और कुछ नहीं कि जातिगत जनगणना वंचितों-पिछड़ों के उत्थान में सहायक बने, लेकिन यदि वह विभाजन को बल देती है तो देश की एकजुटता प्रभावित करती है तो इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं होगा।

# संघर्षशील व्यक्तित्व, बेजोड़ राजनैतिज्ञ मनोहर लाल

**दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई दौरान उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ 1977 में संपर्क हुआ। 1979 में विश्व हिंदू परिषद की सभा में उनकी मुलाकात संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और परिषद के संतों से हुई। धीरे-धीरे संघ के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया। संघ के साथ साथ अपने व्यापार में भी लगातार संघ में सक्रिय रहे। जब संघ के लिए पूरा समय देने का मन बना तो छोटे भाई को व्यापार सौंप निकल लिए।**



सुशील कुमार 'नवीन'

हरियाणा की राजनीति के चौथे बड़े लाल मनोहर लाल का आज जन्मदिन है। हरियाणा की सत्ता को दो बार संभालने वाले मनोहर लाल खट्टर वर्तमान में केंद्रीय स्तर की राजनीति में बड़ा नाम है। भाजपा के वरिष्ठ और निष्ठावान कार्यकर्ताओं में उनका नाम विशेष रूप से लिए जाता है। वर्तमान में मोदी सरकार में केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री के रूप में दायित्व संभाले हुए है।

मूल रूप से रोहतक जिले के निन्दाणा गांव में 5 मई 1954 जन्मे मनोहर लाल का परिवार पाकिस्तान से आकर यहां बसा था। बाद में परिवार ने पास के ही गांव बनियानी में खेती की जमीन खरीद ली और वहीं रिहायश कर ली। विस्थापित परिवारों की तरह इनके परिवार को भी शुरुआत में आजीविका के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जाता है कि उनके पिता और दादा को शुरुआती दिनों में मजदूरी तक करनी पड़ी थी। हर पिता की तरह मनोहर लाल के पिता हरबंस लाल ने भी बेटे को अच्छी शिक्षा प्रदान की। वो तो चाहते थे कि पढ़ाई के साथ साथ खेती में भी उनका सहयोग कर इसे आगे बढ़ाए। पर उनकी इच्छा चिकित्सा क्षेत्र में जाने की थी। वे एक मेधावी छात्र थे। रोहतक के नेकीराम कॉलेज से पढ़ाई सम्पन्न कर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी के लिए एक रिश्तेदार के पास दिल्ली चले गए। उनके उन रिश्तेदार की दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दुकान थी।

एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद बताया था कि - 'रोहतक मेडिकल कॉलेज में एक नंबर से वे चूक गये थे। दाखिला नहीं होने पर उन्होंने एम्स और आर्म्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए काफी तैयारी की, लेकिन बात नहीं बन पाई। डोनेशन पर प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन पर परिवार सहमत नहीं था। पिता जी का कहना था कि इतने रुपयों में तो तुम अपना काम शुरू कर सकते हो। इसके बाद पिताजी से 15 हजार रुपए लेकर दिल्ली के सदर बाजार में कपड़े की दुकान की शुरुआत की। दिल्ली में रहते-रहते उनका आरएसएस से जुड़ाव हो गया। ऐसा नहीं है कि संघ से जुड़ाव उनका बड़ी आसानी से ही गया। एक कर्मठ स्वयंसेवक के रूप में अपने आपको साबित करने के लिए उन्होंने संघ की रीति नीति का कड़ाई से पालन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई दौरान उनका राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ 1977 में संपर्क हुआ। 1979 में विश्व हिंदू परिषद की सभा में उनकी मुलाकात संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों और परिषद के संतों से हुई। धीरे-धीरे संघ के प्रति उनका लगाव बढ़ता गया। संघ के साथ साथ अपने व्यापार में भी लगातार संघ में सक्रिय रहे। जब संघ के लिए पूरा समय देने का मन बना तो छोटे भाई को व्यापार सौंप निकल लिए। विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए पूर्णकालिक प्रचारक बने। शुरुआत में उनके परिजनों को लगता था कि दो तीन साल में वापस लौट आयेंगे। तीन साल पूरा होने के बाद पिता जी ने अक्सर कहना शुरू कर दिया कि अब घर लौट आओ, लेकिन वह हर बार मना कर देता। मनोहर लाल भाई-बहनों में बड़े थे तो शादी का दबाव भी उन पर बढ़ रहा था। पिता जी को मनाकर छोटे भाई की शादी करा दी। तब मनोहर लाल को लगा कि अब पिता जी समझ जाएंगे कि वो लौटना नहीं चाहता, लेकिन वे लगातार लौटने के लिए कहते रहे। मनोहर लाल जी ने एक बार बताया कि एक दिन उन्होंने कठोर मन से पिता जी से कह दिया कि आपके पांच बेटे हैं। आप नहीं सोच सकते कि आपके पांच नहीं चार ही बेटे हैं।

**पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर**



उनके जीवन का एक और बड़ा वाक्या है जो उनकी बेबाकी को दिखाता है।1994 में जगाधरी में संघ शिक्षा वर्ग चल रहा था। अंतिम दिन उस समय के सरसंघचालक रज्जू भैया का सम्बोधन था। इसी दौरान तत्कालीन प्रांत प्रचारक जी मनोहर लाल के पास से गुजरे। उन्होंने मनोहर लाल से कहा, हम सोच रहे हैं कि आपको भाजपा में संगठन मंत्री के रूप में भेजा जाए। उन्होंने साधारण रूप में कहा तो तो मनोहर लाल भी बोल पड़े कि सीटी आपको दे दूं या प्रार्थना करा लूं। उन्होंने कहा कि इतनी भी क्या जल्दी है। तब मनोहर लाल ने कहा कि जल्दी नहीं है, पर आपको भी ये बात बताने के लिए अभी ही समय मिला था क्या।

जब मनोहर लाल को भाजपा का संगठन महामंत्री बनाया गया। पार्टी पर डेढ़ लाख रुपए का कर्जा था। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी का थैली भेंट कार्यक्रम करवाया। कार्यक्रम से प्रदेश भाजपा को करीब साढे तीन लाख रुपए मिले और लोन चुकता हो गया। 1999 में हरियाणा में भाजपा और हरियाणा विकास पार्टी के गठबंधन की सरकार थी। बंसीलाल मुख्यमंत्री थे। मुलाकात न करने पर उन्हें बात बात चुभ गई। उन्होंने कसम खाई कि जब तक सरकार नहीं गिरेगी, तब तक दाढ़ी नहीं कटाएंगे। सरकार गिरने के बाद ही उन्होंने दाढ़ी कटवाई। हरियाणा 2014 में लोकसभा चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए हरियाणा में भाजपा को 10 में से सात लोकसभा सीटों पर जीत दिलवाने का काम किया। इस जीत के बाद वह हरियाणा में सक्रिय हुए और इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा को सत्ता में लाने का काम किया। पहली बार विधायक बने मनोहर लाल लगातार 10 साल मुख्यमंत्री रहे।

नरेंद्र मोदी से भी उनका संपर्क काफी पुराना है। 1996 में नरेंद्र मोदी हरियाणा के प्रभारी बनाए गए। इसी दौरान उनकी मुलाकात खट्?टर से हुई। खुद मोदी ने एक सभा में बताया था कि वे जब हरियाणा के प्रभारी थे तो मनोहर लाल की बाइक पर पीछे बैठकर घूमते थे। विभिन्न राज्यों के प्रभारी के रूप में भी दायित्व का निर्वहन किया। दस वर्ष तक मुख्यमंत्री रहकर 12 मार्च 2024 को उन्होंने इस्तीफा दे दिया। अगले ही दिन 13 मार्च को मनोहर लाल को करनाल से उम्मीदवार घोषित किया गया। चुनाव जीतने के बाद मोदी सरकार 3.0 में उन्हें ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों का मंत्री बनाया गया। वे अपने पैतृक आवास को दान कर चुके हैं। पारदर्शी और डिजिटल प्रशासन (ई-गवर्नेंस), कृषि और किसान कल्याण,शिक्षा और कौशल विकास, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, बिना पर्ची- बिना खर्ची नौकरी के लिए उनके कार्य चर्चा में रहे हैं। स्वस्थ रहें। राष्ट्रकार्य करते रहें। यहीं शुभकामनाएं हैं। त्वं जीव शतं वर्धमानः। जीवनं तव भवतु सार्थकम।।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, बिलग्राम, हरदोई।

पत्रांक : 1579/लेखाकार/क्षे0पं0/2025-26 दिनांक : 03/05/2025

## -: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-

राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्षेत्र पंचायत बिलग्राम को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्राप्त प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों को अल्पकालीन टेण्डर निविदा आमंत्रण की जाती है। निविदादाता किसी कार्य/सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है। उपलब्धता की तिथि दिनाँक 04/05/2025 से निविदा प्राप्त के लिए अन्तिम तिथि/समय दिनाँक 18/05/2025 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। निविदा खोलने की दिनाँक 18/05/2025 को को दोपहर 3.00 बजे के बाद कार्यों का विवरण निम्नवत् है

| क्रमांक | कार्य का नाम | दूरी (मी. में) | लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि | टेण्डर मूल्य | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत तेरवा चाँदपुर में कमलेश राठौर के घर से सढ़ियापुर सम्पर्क मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 194 | 9.98 | 99800.00 | 900.00 | 6 माह |
| 2 | तकिया सम्पर्क मार्ग से शिव मन्दिर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 168 | 8.00 | 80000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत सढ़ियापुर में रामपुतान लोहार के घर से शिवसरन के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 137 | 7.155 | 71500 | 900.00 | 6 माह |
| 4 | जरौली शेरपुर में लोकूमल के खेत से चाँदपुर सीमा तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 5 | कलेनापुर सीमा से अंटवा सीमा तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 6 | भिखरियापुर में मनोज के मकान से सूरज के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 103 | 4.25 | 42500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत भोगैतापुर में डामर रोड से धीरज राठौर के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 58 | 3.48 | 34800.00 | 900.00 | 6 माह |
| 8 | दुहतियामऊ में डामर रोड से प्रेम सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 110 | 7.85 | 78500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत हसनापुर मुरौली में विजय सक्सेना के घर से बिहारी त्रिवेदी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 154 | 7.00 | 70000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 10 | कबीरनपुरवा में डामर रोड से अविनाश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 180 | 8.95 | 89500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 11 | मढ़िया में रजनीश के घर से रामचन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 141 | 8.395 | 83950.00 | 900.00 | 6 माह |
| 12 | कुंदरौली में सतीश कुमार के घर से संजीव कुमार के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 84 | 5.12 | 51200.00 | 900.00 | 6 माह |
| 13 | मढ़िया में रामकिशोर के मकान से मुन्नीलाल के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 100 | 5.35 | 53500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 14 | मौसमपुर में इन्द्रेश के घर से विपिन के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 162 | 7.44 | 74400.00 | 900.00 | 6 माह |
| 15 | मौसमपुर में राधे के घर से सन्तराम के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 180 | 9.144 | 91440.00 | 900.00 | 6 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत जरौली शेरपुर में मैकू के खेत से अकील के खेत तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 17 | गुजरई सीमा से बिरौरी सीमा तक खड़ंजा कार्य | 440 | 9.96 | 99600.00 | 900.00 | 6 माह |
| 18 | साण्डी-बघौली रोड पर हनुमान गढ़ी पर प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य | 1 | 8.33 | 83300.00 | 900.00 | 6 माह |
| 19 | विकास खण्ड परिसर में इण्टरलाकिंग गाड़ी स्टैण्ड गेट व बाउण्ड्री मरम्मत कार्य | 1 | 9.31 | 931000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 20 | भिखरियापुर में डामर रोड से जगदेव के मकान तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 167 | 9.985 | 99850.00 | 900.00 | 6 माह |
| 21 | जरौली शेरपुर में फिरोज के खेत से नवल के खेत तक खड़ंजा मरम्मत कार्य | 615 | 9.99 | 99900.00 | 900.00 | 6 माह |
| 22 | भिखरियापुर में बद्री के घर से अवधेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 143 | 7.320 | 73200.00 | 900.00 | 6 माह |
| 23 | बेहटीखुर्द में अवस्थी के घर से शहीद सत्यम पाठक के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 111 | 6.05 | 60500.00 | 900.00 | 6 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत बरगावों में डामर रोड से स्वामी बिन्दा प्रसाद इण्टर कालेज तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 144 | 7.00 | 70000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 25 | ग्राम पंचायत अतर्छा बुजुर्ग में वीरपाल के घर से रंजीत के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 160 | 8.00 | 80000.00 | 900.00 | 6 माह |
| 26 | भिखरियापुर में रामआसरे के घर से राजेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 137 | 6.815 | 68150.00 | 900.00 | 6 माह |
| 27 | मौसमपुर में रमेश के घर से राधाकृष्ण वाया रामऔतार के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 131 | 6.216 | 62160.00 | 900.00 | 6 माह |
| 28 | ग्राम पंचायत धांधामऊ में बूढ़े बाबा स्थान से साधू के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 175 | 9.986 | 99860.00 | 900.00 | 6 माह |
| 29 | ग्राम पंचायत गुजरई में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 30 | ग्राम पंचायत लालपुर कन्हरी में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 31 | ग्राम पंचायत बरगावों में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 32 | ग्राम पंचायत हैबतपुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 33 | ग्राम पंचायत परचल रसूलपुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 34 | ग्राम पंचायत चाँदपुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 35 | ग्राम पंचायत तरौली में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 36 | ग्राम पंचायत सहोरा रामापुर में गौशाला में पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |
| 37 | ग्राम पंचायत हसनापुर में सार्वजनिक स्थान पर पानी की टंकी निर्माण कार्य | 1 | 6.852 | 68520.00 | 900.00 | 6 माह |

## निविदा की शर्ते निम्नवत हैं-

1. निविदा के निर्माण कार्य की दरें प्रतिशत में उल्लेख करना अनिवार्य है। पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी।
2. निविदादाताओं को प्रपत्र के साथ रू0 200.00 का स्टाम्प एवं रू0 100.00 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर एवं नोटेरी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जिस पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित हो, की प्रमाणित प्रति, पैन नम्बर एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छाया प्रति व हैसियत प्रमाण पत्र/पंजीकृत प्रमाण पत्र की प्रति अवश्य संलग्न की जाए।
4. निविदादाताओं को निविदा स्वीकृत होने पर नियमानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जाएगी।
5. निविदा के साथ कालम-5 में अंकित जमानत धनराशि सम्बन्धित कार्यों के अनुसार आवश्यक संलग्न होनी चाहिए। कुल धरोहर धनराशि में से 02 प्रतिशत की राष्ट्रीय बैंक से निर्मित फिक्स डिपाजिट रसीद, एन0एस0सी0 पोस्ट आफिस पासबुक जो कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम हरदोई के पदनाम से एक वर्ष की अवाधिक तक बंधक हो तथा 5 प्रतिशत धरोहर की बिल से कटौती की जाएगी, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निरस्त कर दी जाएगी। जिसके सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
6. फर्म/ठेकेदार कार्य स्थल का भलीभाँति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण होने की अवधि वर्षा एवं गर्मी के मौसम को सम्मिलित करते हुए की गई है, जिसके सम्बन्ध में कोई भी दावा मान्य न होगा।
7. कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जाएगा और न ही भुगतान सम्बन्धी कोई दावा आपत्ति मान्य होगा।
8. ऐसे निविदादाता जो कि राज्यवार काउंसिल को टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी की में पंजीकृत है, अनुमति नहीं है।
9. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. बीजक के बिल से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0/जमानत धनराशि एवं अन्य अनुमन्य कटौती पर भुगतान होगा।
11. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी एवं समस्त वादों का न्याय क्षेत्र न्यायालय हरदोई के अधीन होगा।

**(नीरज कुमार शर्मा)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**बिलग्राम, हरदोई।**

# महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

■ पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने किया घटना का खुलासा

अवधनामा संवाददाता




**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार के नेतृत्व में, गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे, एसओजी उपनिरीक्षक कमल भाटी व सर्विलांस निरीक्षक त्रदीप सिंह की संयुक्त टीम द्वारा महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या की घटना को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एवं सीओ सदर कमलेश कुमार ने घटना का खुलासा करते हुये बताया कि रविवार को समय 08.25 बजे यूपी 112 पर कॉलर द्वारा ग्राम तहसीपुर ठठिया थाना गुरसहायगंज के पास मक्का के खेत में एक अज्ञात महिला के शव के पडे होने की सूचनी दी गयी। सूचना पर तत्काल पीआरवी व थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि उक्त शव 40 वर्षीय सुशीला देवी पत्नी स्व. रामरतन जाटव निवासी ग्राम तहसीपुर ठठिया का है। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त महिला शनिवार को शाम करीब 06 बजे मक्का के खेत में खाद डालने व पानी लगाने गयी थी जो वापस घर नहीं पहुंची थी। मृतिका उपरोक्त के शरीर व चेहरे पर चोटों के निशान हैं। फॉरेंसिक टीम व डॉग स्काड टीम के द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया गया। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण शरीर पर आयी चोटें व स्ट्रांगुलेशन (गला घोटना) अंकित है। पूंछताछ में अभियुक्त अमरपाल ने बताया कि वह मृतिका सुशीला का पारिवारिक भतीजा लगता है तथा मृतिका के पति की करीब दो वर्ष पूर्व मृत्यु हो जाने के कारण समय समय पर वह मृतिका के खेत व अन्य घरेलू कामों में हाथ बटाता था। दिनांक 03 मई को वह मृतिका के साथ मक्का के खेत में खाद डलवाने व सिचाई में सहयोग करने गया था। शराब का नशा अधिक होने के कारण उसके द्वारा महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया गया तथा मृतिका द्वारा विरोध करने पर गला दबाकर तथा चोटें पहुचाकर मेरे द्वारा उसकी हत्या कर दी गयी। विवेचना के क्रम में साक्ष्य के आधार पर सोमवार को घटना में संलिप्त अभियुक्त अमरपाल उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया है।

## अग्रवाल मारवाड़ी महिला मण्डल के चुनाव सम्पन्न



**ललितपुर।** अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इन चुनाव में अध्यक्ष मोना बंसल, सचिव कीर्ति अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल सर्वसम्मति से चुनी गई। सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए मंडल में हुए पिछले सालों की तरह किए हुए नेकदिल कामों के प्रति संकल्प की प्रतिज्ञा कराई। पिछले साल की अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिव नीना ओसवाल और कोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान अलका अग्रवाल, नीना ओसवाल, किरण, मानसी अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मृदुला माहेश्वरी, अंजना अग्रवाल, प्रमिला ओसवाल, पूनम बंसल, मोना बंसल, नीलम अग्रवाल, कविता अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, प्रियंका लखोटिया आदि उपस्थित रही।

## कथा में गोबर्द्धन पूजा का बताया महत्व



**ललितपुर।** मां अन्नपूर्णा धाम आश्रम पर आयोजित श्रीशतचंडी महायज्ञ व श्रीभद भागवत कथा के छठवें दिवस की कथा में गोवर्धन पूजा की मनोरम कथा श्रवण करायी गयी। अन्नपूर्णा धाम आश्रम पर आयोजित श्रीशतचंडी महायज्ञ व श्री विद्या अनुष्ठान के साथ चल रही श्रीमद भागवत कथा में परम पूज्य जगद्गुरु डा.स्वामी कृष्ण गिरिजी महाराज के श्रीमुख से कथा श्रवण कराई गई। कार्यक्रम में उपस्थित आज मलाहरगढ़ से रामगोपाल दास के परम शिष्य श्रीमहन्त कमलपुरी, महामंडलेश्वर कमलेश गिरिजी, महन्त अमरपुरीजी महाराज, महन्त सत्यप्रकाश गिरिजी शामिल रहे। इसके अलावा यज्ञ में प्रमुख एड. कौशल किशोर गोस्वामी, लक्ष्मीनारायण साहू, कैलाश रामायणी, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, डा.राजकुमार जैन, धनीराम पटेल, राकेश गिरिजी, अशोक नामदेव के अलावा क्षेत्रवासी महन्त गिरीश बाबा सर्वेश्वर धाम मंदिर मौजूद रहे।

## वित्तीय सहायता प्राप्त कॉलेज में गिरता शिक्षा के स्तर जिम्मेदार कौन!

**मथुरा।** विद्यालयों को भावी पीढ़ी को शिक्षित कर उन्हें योग्य और देश की तरक्की का मंदिर कहा जाता है भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थल मथुरा में शासन से वित्तीय सहायता प्राप्त विद्यालय जहां पर शिक्षण कार्य में लगे अध्यापकों और कर्मचारियों को वेतन के रूप में सरकारी खजाने से मोटी रकम प्रतिमाह मिलती है सरकार ने इन विद्यालयों में हाजिरी लगाने के लिए बरसों पूर्व बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के आदेश किए गए थे जिनका किसी विद्यालय में पालन नहीं हो रहा है विद्यालय के प्रधानाचार्य अधिकांश की रुचि विद्यालय के शिक्षण कार्य में नहीं बल्कि नेतागिरी करते हुए देखे जा सकते हैं जिनकी हाजिरी तो विद्यालय में लगी हुई है वास्तव में वह विद्यालय में नहीं रहते हैं उन्हें जिला मुख्यालय, विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की गणेश परिक्रमा करते देखा जा सकता है विगत कई वर्षों से शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त इंटर कॉलेज की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के परिणाम चिंता जनक होने के बावजूद ऐसे विद्यालयों के प्रधानाचार्य और प्रबंधन तंत्र कुंभकरण नींद सोया हुआ है। जानकारी के अनुसार विगत दिन यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल आया था जिसमें अधिकांश शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त विद्यालयों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा है।

# खुशी के आंसू लेकर कलेक्ट्रेट से निकली दिव्यांग रामसुखी



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** एक दिव्यांग महिला राम सुखी जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद के समक्ष पहुँची। उन्होंने कहा कि वह घर में अकेली हैं और दिव्यांग हैं। रामसुखी ने जिलाधिकारी से ट्राईसाईकिल दिलाने का अनुरोध किया ताकि वह आसानी से आवागमन कर सके। जिलाधिकारी ने तत्काल दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी को बुलवाया तथा एक ट्राईसाईकिल देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देश पर दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी तत्काल एक ट्राईसाईकिल लेकर आये जिसे जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से रामसुखी को ट्राईसाईकिल सौंपी। अहिरोरी विकास खण्ड के भगवान पुरवा मजरा जलालपुर की रहने वाली रामसुखी ने बताया कि उनके पास आवास भी नहीं है। वह पन्नी डालकर रहती हैं। यह सुनकर जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से तत्काल बीडीओ अहिरोरी से बात की तथा रामसुखी को नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में शामिल करने के निर्देश दिए। दिव्यांग रामसुखी ट्राईसाईकिल लेकर स्वयं के मकान का भरोसा लेकर खुशी के साथ कलेक्ट्रेट कक्ष से विदा हुई। रामसुखी व उनके साथ आयी उनकी बहन ज्ञानवती ने जिलाधिकारी का धन्यवाद किया। रामसुखी ने कहा कि आज उनका कलेक्ट्रेट आना सफल हो गया।

# देश में जातिगणना कराना साहसिक कार्यः राजवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पंचायती राज मंत्री के जिला प्रतिनिधि राजवीर सिंह के नेतृत्व में भारत के शोषित वंचित जनमानस को समुचित भागीदारी दिलाने के लिए एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जाति जनगणना का साहसिक निर्णय लिए जाने को लेकर धन्यवाद ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर निशा गिरेवाल को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने सौंपा। इस मौके पर पंचायती राज मंत्री के प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहा कि सरकार का का यह निर्णय आने वाले समय में वंचित शोषित समाज उनके समुचित भागीदारी की प्राप्ति के लिए कानूनी आधार बनेगा विपक्षी सरकारों ने कभी जातीय जनगणना को नही होने दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शोषित वंचित समाज से सम्बंधित महत्त्वपूर्ण मांग को स्वीकार करना उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है उनके निर्णय के लिए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के समस्त पदाधिकारीगण प्रधानमंत्री जी का हृदय से कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मुजायद कुरैशी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष असलम कुरैशी, आईटी सैल का जिलाध्यक्ष मोहिद्दीन, संजय सैनी विधानसभा अध्यक्ष गोवर्धन, विधानसभा अध्यक्ष मथुरा प्रेम सिंह कर्दम, विधानसभा अध्यक्ष बलदेव विनोद कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष मांठ दिगम्बर निषाद, फैजान कुरैशी युवा जिलाध्यक्ष, बबलू जिला महासचिव, ओमप्रकाश ब्लॉग अध्यक्ष नन्दगांव, आदि उपस्थित रहे।

## मुण्डन संस्कार में नानामऊ घाट आये चाचा-भतीजे गंगा में डूबे, लापता

**उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर एक मुंडन संस्कार मे गंगा नदी मे स्नान के दौरान 11 वर्षीय योगेंद्र को बचाने में चाचा संजय और 4 वर्षीय आसमीर गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गए। मुंडन संस्कार के लिए मलियनपुरवा गांव से करीब 35 लोग नानामऊ गंगा तट पर आये थे। संजय ने भतीजे योगेंद्र को डूबने से बचा लिया लेकिन खुद पानी में समा गया। छोटे बेटे आसमीर को लेकर पानी में उतरे रमेश की गोद से बच्चा फिसल गया और वह भी तेज बहाव में बह गया। मौके पर मौजूद लोग चीख-पुकार करते रह गए पर दोनों को बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व गोताखोर टीम मौके पर पहुंची और लगातार सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी दोनों का कुछ पता नहीं चल सका है।

# विदेशी नागरिक ने एयर गन से किया 12 बंदरों का शिकार, 11 की मौत

अवधनामा संवाददाता



**गोवर्धन (मथुरा)।** यूं तो भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली व कीड़ा स्थली मथुरा वृंदावन गोवर्धन व संपूर्ण ब्रज धाम प्यार और प्रीत के लिए जाना जाता है वही थाना गोवर्धन क्षेत्र के परिक्रमा मार्ग आन्यौर स्थित गोविंद कुंड के पास एक दर्जन बंदरों के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने एक विदेशी नागरिक पर एयर गन से बंदरों की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी विदेशी नागरिक को हिरासत में ले लिया है। आरोपी राधा मोहन दास आश्रम में रह रहा था। ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बंदरों के शव मिल रहे थे। जिससे वह प्राकृतिक मौत मान रहे थे। मौके पर पहुंची डॉक्टरों की टीम ने एक घायल बंदर का उपचार किया और उसके सिर से एयर बुलेट निकाली अन्य मृत बंदरों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और अन्य सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक 60 से अधिक बंदरों की मौत हो चुकी है। जहां गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में बंदरों के लिए केला चना खिलाने वाले श्रद्धालुओं व परिक्रमार्थीयो की भावनाएं आहत हुई है वहीं अब इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सूचनाओं को ससमय विभागीय पोर्टल पर फीड कराया जाये। निर्माण परियोजनाओं में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। यूपीसिडको को कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जतायी। दुग्ध विभाग द्वारा लक्ष्य के अनुरूप समितियों का गठन न होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी। ट्रांजिट हॉस्टल में डिफाल्टर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई कर कार्य के पुनः आरम्भ होने की धीमी प्रक्रिया पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए शासन को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में यूपीपीसीएल द्वारा विभिन्न कार्यों में समय व गुणवत्ता का ध्यान न रखने पर नाराजगी जताई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### यातायात नियमों के बारे मे विस्तार से समझाया गया



**संभल।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता डिजिटल सेफ्टी अभियान (परवाह) के क्रम में यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान मय टीम द्वारा कस्बा संभल के चौधरी सराय चौराहे पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया। जिसमें दो पहिया वाहन पर दोनों सवारी हेलमेट पहने।एवं दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठे। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें।शराब पीकर वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के उद्देश्य का महत्व समझाया एवं यातायात नियमो का पालन करके आप अपनी यात्रा को सुरक्षित एवं बिना जोखिम के पूर्ण कर सकते है। आपका जीवन अनमोल है,सुरक्षित चले सुरक्षित रहें।

### डी एम ने चकबंदी विभाग के कार्यो की समीक्षा की

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी। एसओसी चकबंदी मातवर सिंह द्वारा प्रमुख बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने प्रारुप 1 से 9 तक की समीक्षा की तथा ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण सभी स्टेज से चकबंदी प्रक्रिया को आगे बढाने के निर्देश दिए। जिन गावों में आईजीआरएस पर फसल कटने के बाद पैमाईश कराने का कहा गया था, उसमें पैमाईश कराते हुए कब्जा कराने के निर्देश दिए तथा चकबंदी विभाग में लेखपालों की कमी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में कब्जा परिवर्तन का कार्य चल रहा है उन गांवों में कब्जा परिवर्तन का कार्य सुनिश्चित कराएं। यदि किसी प्रकार का कोई व्यवधान किसी कृषक द्वारा किया जा रहा हो तो ऐसी स्थिति में संबंधित थाने से पर्याप्त पुलिस बल प्राप्त कर ससमय कब्जा परिवर्तन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर एसओसी चकबंदी मातवर सिंह, समस्त चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** नीट (यूजी) परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा एवं निगरानी सहित अन्य व्यवस्थाओं को चेक किया गया एवं संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

रविवार को आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा को लेकर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी पूरी तरह मुस्तैद नजर आये। परीक्षा की गंभीरता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी गौरांग राठी अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अटल बिहारी इन्टर कालेज मे बने परीक्षा केंद्र मे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण कर केन्द्रो पर तैनात पुलिसबल से बातचीत की और उन्हें शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए और केंद्र प्रभारियों से भी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश जारी किए। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त बल और व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। हमारे लिए परीक्षार्थियों की सुरक्षा और निष्पक्ष माहौल प्राथमिकता है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी केंद्रों पर पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की इस सतर्कता से परीक्षार्थियों और अभिभावकों में भरोसा देखा गया। जिले भर में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई थीं।

## जिला विकास अधिकारी व मिशन प्रबंधक पर रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव।** जिले में विकास योजनाओं में भारी वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। 3.85 करोड़ रुपये के गबन के इस घोटाले का खुलासा मुख्य विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश मीणा की जांच में हुआ। सीडीओ की सख्ती और तत्परता के बाद परियोजना निदेशक ने घोटाले में शामिल जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय और जिला मिशन प्रबंधक शिखा मिश्रा के खिलाफ सदर कोतवाली में गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मुख्य विकास अधिकारी प्रेमप्रकाश मीणा को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण से संबंधित योजनाओं में वित्तीय गड़बड़ी की शिकायतें मिली थीं। जांच में सामने आया कि करोड़ों रुपये की फर्जी निकासी और व्यय दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। कुल गबन की राशि 3.85 करोड़ रुपये आंकी गई है। मुख्य विकास अधिकारी की विस्तृत रिपोर्ट शासन को सौंपी गई, जिसके आधार पर शासन स्तर पर भी जांच शुरू कर दी गई है।

# दूसरे दिन जारी रहा जलपात्र वितरण

अवधनामा संवाददाता

■ तखत ग्रुप ने वार्ड नं. 26 में जाकर बांटे जलपात्र

■ विद्यालय जा रहे बच्चों को बांटी चॉकलेट्स

**ललितपुर।** गौरैया चिड़िया, जो कि हमारे आंगन की शान हुआ करती थीं। बचपन में जब गौरैया घर में आकर घोंसले बना कर बच्चों को जन्म देती थीं, तब उन गौरैया के बच्चों की चह-चहाट से नींद खुल जाया करती थी। लेकिन आधुनिकता के तेजी से बढ़ते प्रभाव के चलते गौरैया चिड़िया अब घरों से लगभग दूर हो गयीं हैं। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि गौरैया चिड़िया अब अस्तित्व में नहीं है, लेकिन हम गौरैया चिड़िया को फिर से आंगन की शान बनाने की दिशा में कार्य तो अवश्य कर सकते हैं। इसी सोच को लेकर आगे बढ़ रहे तखत ग्रुप ने गर्मी के विकराल रूप में गौरैया चिड़िया के अलावा अन्य पक्षियों को पानी की उपलब्धता के लिए घर-घर जाकर जलपात्र वितरण करने की मुहिम को फिर से संचालित किया है। दूसरे दिन भी तखत ग्रुप के सदस्यों ने जलपात्रों का वितरण किया। सोमवार को सदस्यों ने शहर के वार्ड संख्या 26 में घर-घर जाकर जलपात्रों का वितरण किया। इस दौरान तखत ग्रुप के सदस्यों ने कहा कि गौरैया चिड़िया के अलावा अन्य पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए यह प्रभावी कदम हो सकता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह जलपात्रों में शीतल पेयजल पक्षियों के लिए रखें, ताकि गर्मी के मौसम में इंसानों की तरह पक्षियों की प्यास भी बुझ सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने घर भी जल पात्र बना सकते हैं, जिनमें मिट्टी के वर्तन, टूटे आधे मटके इत्यादि से भी पक्षियों को पानी रखने का उपर्युक्त साधन बना सकते हैं। कहा कि इंसानों का नैतिक कर्तव्य बनता है कि पर्यावरण की सुरक्षा करने वाले पक्षियों को पानी उपलब्ध करायें और एक नेक और जिम्मेवार नागरिक होने का फर्ज अदा करें।

# नौबारी चौबारी में 135 बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

■ ब्रजवासियों की सेवा ठाकुर सेवा के बराबरः पंडित बाबा

अवधनामा संवाददाता



**बरसाना (मथुरा)।** ब्रज, ब्रजवासियों और श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित संस्था श्रीराधारानी रसोई बरसाना धाम द्वारा नौबारी चौबारी डभाला में दस वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और देखभाल शिविर में 135 बच्चों का बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित गर्ग की स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस मौके पर बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर टीम के सदस्यों ने निःशुल्क दवा, विटामिन्स, स्वास्थ्य वर्धक सप्लीमेंट्स के साथ फल भी वितरित किये गए। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य लच्छन कौर को 40 साल तक अष्टसखियो के गांवों की बालिकाओं को शिक्षादान की सेवा के लिए विरक्त संत विनोद बाबा के विशेष कृपापात्र शिष्य पंडित बाबा द्वारा सम्मानित किया गया। उनको कान की मशीन भेंट की गई। शिविर का समापन करते हुए पंडित बाबा ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जो सेवा समाजसेवी हरीश चंद्र कोहली के द्वारा श्रीराधा रानी रसोई द्वारा ब्रजवासियों और आने वाले श्रद्धालुओं की जा रही है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ब्रजवासी सहज और सरल होने के साथ ठाकुर जी के निजी परिकर हैं। इनकी सेवा ठाकुर सेवा के बराबर ही है। बिना प्रेम के सेवा सम्भव नहीं होती और ब्रज का धर्म ही प्रेम है। सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवी श्रीराधा रानी रसोई के संचालक हरीश चंद्र कोहली ने कहा ब्रजवासियों की सेवा से बड़ा कोई भजन नहीं है। इस मौके पर संदीप, विशाखा, मीनू, साक्षी, तुरण्य, बनवारी लाल गर्ग, अंकुर कोहली फरीदाबाद, लच्छन कौर, राजेश, रूप किशोर, मितुल भट्ट, पुरुषोत्तम, वरिष्ठ पत्रकार योगेंद्र सिंह छौंकर, पुजारी गोपी बाबा सहित स्थानीय लोग आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता के सबूत मांगने वाले बयान पर सांसद का पलटवार

अवधनामा संवाददाता

■ 'अटैक हो तो ऐसे लोगो को रायफल पकड़ाकर सीमा पर भेज दें'

**उन्नाव।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद साक्षी महाराज ने कांग्रेस नेता और पूर्व पंजाब मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की हालिया टिप्पणी पर कड़ा पलटवार किया है। चन्नी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे, जिस पर साक्षी महाराज ने उन्हें आड़े हाथों लिया।

साक्षी महाराज ने कहा प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और रक्षामंत्री से हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि जो लोग सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं, जब उन पर अटैक हो तो उन्हें रायफल पकड़ाकर भेज देना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब देश के जवान सीमा पर जान की बाजी लगाते हैं और दुश्मन को जवाब देते हैं, तब सवाल उठाना देश की सेना का अपमान है। साक्षी महाराज ने कहा 28 लोगों की निर्मम हत्या के बाद भी सबूत मांगना शर्मनाक है। ऐसे लोगों का डीएनए टेस्ट कराया जाना चाहिए, ताकि पता चले कि ये भारतीय हैं भी या नहीं। साक्षी महाराज का यह बयान उनके उन्नाव स्थित कैम्प कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान सामने आया, जो अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। बीजेपी समर्थकों ने इस बयान का स्वागत किया, जबकि विपक्ष ने इसे राजनीतिक लाभ के लिए दिया गया बयान बताया। यह बयान ऐसे समय आया है जब राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक बयानबाज़ी लगातार बढ़ रही हैं।

# याचिकाकर्ता की याचिका एनजीटी ने की खारिज

अवधनामा संवाददाता

वृंदावन के डालमिया बाग प्रकरण

■ याचिकाकर्ता को दी कड़ी हिदायत, समय बर्बाद नहीं करें

**मथुरा।** वृंदावन के चर्चित डालमिया बाग मामले की सुनवाई के दौरान आज याचिकाकर्ता नरेन्द्र कुमार गोस्वामी एडवोकेट को एनजीटी द्वारा कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि जमीन का सौदा कितने में हुआ या फ्री में हुआ उससे हमें मतलब नहीं है। यहां जिस मामले से संबंधित याचिका आपके द्वारा दाखिल की गई है सिर्फ उस पर आपको कुछ कहना है तो वो न्यायालय को बताएं व्यर्थ समय बर्बाद ना करें। याचिका के संबंध में याचिका कर्ता कोई तथ्य एनजीटी में उपलब्ध नहीं करा सका। जिस पर कोर्ट ने आज याचिका को खारिज कर दिया।

न्यायालय ने याचिकाकर्ता नरेन्द्र गोस्वामी को डांट लगाते हुए कहा कि आपने सर्वोच्च न्यायालय का आदेश पढ़ा था ? और क्या चाहते हैं एन जी टी से ? इस पर याचिकाकर्ता गोस्वामी इधर उधर देखने लगे। प्रतिवादी शिव शंकर अग्रवाल की तरफ से मौजूद सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी, राहुल कुमार ने याचिकाकर्ता गोस्वामी द्वारा तथ्यों को छुपाने का आरोप भी लगाया। अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी ने कहा कि विभिन्न फोरम पर अलग अलग याचिका कर याचिकाकर्ता अपने निजी हित साधने का प्रयास कर रहे हैं। एन जी टी कोर्ट ने दोनों याचिकाओं को खारिज करते हुए आदेश दिया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले पर संज्ञान लिया जा चुका है तथा प्रतिवादी द्वारा भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन किया जा रहा है, इसी क्रम में अब इन दोनों याचिकाओं को खारिज किया जाता है।

सोमवार को राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण एनजीटी ने वृंदावन के डालमिया बाग प्रकरण में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। एनजीटी ने आदेश में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पश्चात अब इस याचिका में किसी भी प्रकार का कोई निर्णय लेने के लिए कुछ नहीं बचा है। एनजीटी ने आज अपने फैसले में याचिकाकर्ता को स्पष्ट हिदायत देते हुए कहा है कि उसके द्वारा उठाया गया मुद्दा इस न्यायालय से संबंधित नहीं है अब इस मुद्दे को यहां ना उठाएं।

ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च को दिए अपने फैसले में कहा था कि प्रतिवादी 454 पेड़ के सापेक्ष प्रति पेड़ 1 लाख रुपये जुर्माना के हिसाब से 4 करोड़ 54 लाख रुपए की धनराशि जमा कराएगा तथा बाग के आसपास 9200 पेड़ लगाने के लिए वन विभाग को जमीन उपलब्ध कराई जाए। जिसकी धनराशि प्रतिवादी द्वारा दी जाएगी। प्रतिवादी शिव शंकर अग्रवाल द्वारा जुर्माने की धनराशि 4 करोड़ 54 लाख रुपए जमा कर दी गई है। जमीन भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## टी-सीरीज के साथ मिलकर भक्ति संगीत को बढ़ावा देंगे मनोज मुंतशिर, भूषण कुमार के पिता को सम्मान



**मुंबई।** टी-सीरीज ने मनोज मुंतशिर और उनकी पत्नी निर्माता नीलम मुंतशिर शुक्ला के साथ 'प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल' के लिए सहयोग किया है। इसका उद्देश्य गुलशन कुमार की विरासत को आगे बढ़ाना और नए लोगों को मौका देना है।टी-सीरीज ने मनोज मुंतशिर और उनकी पत्नी निर्माता नीलम मुंतशिर शुक्ला के साथ सहयोग करने का फैसला किया है। टी-सीरीज ने प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो सनातन भक्ति संगीत को समर्पित है। टी-सीरीज और प्रार्थना भक्ति संगीत लेबल के बीच का यह सहयोग सनातन धर्म को समर्पित है। यह संगीत के माध्यम से भारत की कालातीत आध्यात्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का एक प्रयास है। इसके साथ टी-सीरीज गुलशन कुमार भजन परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। भक्ति संगीत की परंपरा को आगे ले जाने के अलावा 'प्रार्थना - द साउंड ऑफ सनातन' नई और उभरती हुई संगीत प्रतिभाओं को मंच भी देगा। यह लेबल सक्रिय रूप से नई आवाजों और संगीतकारों की तलाश करेगा और उन्हें बढ़ावा देगा जो भक्ति संगीत के प्रति लगाव रखते हैं। साथ ही भारत की संस्कृति को बढ़ाने के प्रयास में हैं।

# मुंबई पुलिस ने एजाज खान और उल्लू एप के मालिक को भेजा समन, दर्ज करवाने होंगे बयान

मुंबई की अंबोली पुलिस ने अभिनेता एजाज खान और उल्लू एप के मालिक को समन जारी किया है। दोनों को जांच अधिकारी के सामने पेश होकर अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

**मुंबई।** मुंबई की अंबोली पुलिस ने सोमवार को अभिनेता एजाज खान को उनके शो %हाउस अरेस्ट पर अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग से जुड़े मामले में नोटिस जारी किया। नोटिस में एजाज और उल्लू एप के मालिक दोनों को जांच अधिकारी के सामने पेश होने और मामले में अपने बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। पिछले सप्ताह विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक कार्यकर्ता की शिकायत पर मुंबई की अंबोली पुलिस ने एजाज खान, हाउस अरेस्ट के निर्माता राजकुमार



पांडे और उल्लू एप के अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने पहले ही उल्लू एप मैनेजर का बयान दर्ज कर लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वेब शो के वीडियो क्लिप में एजाज खान को महिलाओं सहित अन्य कंटेस्टेंट को इंटीमेट सीन्स का प्रदर्शन करने के लिए कहा गया था। कंटेस्टेंट के असहज होने के बावजूद उन्हें मजबूर किया गया। 1 मई को महाराष्ट्र भाजपा एमएलसी चित्रा वाघ ने हाउस अरेस्ट पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की और आरोप लगाया कि इसकी सामग्री अश्लील है और समाज, विशेषकर बच्चों के लिए हानिकारक है। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने वाले मोबाइल एप्लिकेशन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आग्रह किया।

शो का वीडियो वायरल होने पर विवाद शुरू हुआ तो यूजर्स ने शो पर अश्लीलता की हद पार करने और महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगे। विवाद को बढ़ता देख उल्लू एप ने शो के सभी एपिसोड्स को अपनी वेबसाइट और एप से हटा लिया। इसके साथ राष्ट्रीय महिला आयोग (ह्ष्ट्ङ्ख) ने भी सख्त रुख अपनाया था। शुक्रवार, 2 मई को राष्ट्रीय महिला आयोग ने शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान के साथ-साथ उल्लू एप के सीईओ विभु अग्रवाल को समन जारी किया था। ह्ष्ट्ङ्ख ने इस मामले में 9 मई को पेश होने का आदेश दिया है।

## 15 साल के करियर में राजकुमार राव ने दीं कितनी हिट फिल्में?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव जल्द ही अपनी नई फिल्म भूल चूक माफ में दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार हैं। इस फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है। सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा जोरों पर है। इस बीच आइए एक नजर डालते हैं कि राजकुमार राव ने अपने करियर में कितनी हिट फिल्में दी हैं...साल 2010 में राजकुमार राव ने लव सेक्स और धोखा नाम की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। कम बजट में बनी इस फिल्म ने नौ करोड़ 78 लाख रुपये की कमाई की थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सेमी हिट घोषित की गई थी। फिल्म में राजकुमार की बेबाक एक्टिंग ने साबित कर दिया कि एक नया टैलेंट बॉलीवुड में दस्तक दे चुका है।



हॉरर-थ्रिलर 'रागिनी एमएमएस' साल 2011 में रिलीज हुई थी। फिल्म में राजकुमार ने अपने किरदार से दर्शकों काफी ज्यादा प्रभावित किया था। फिल्म ने नौ करोड़ 87 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। टिकट खिड़की पर इसे सेमी हिट का दर्जा मिला था। 'स्त्री' राजकुमार के करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म साल 2018 में आई थी। हॉरर और कॉमेडी का यह अनोखा मिश्रण दर्शकों को बहुत पसंद आया था। फिल्म ने 129.9 करोड़ रुपये कमाए और बॉक्स ऑफिस पर यह सुपरहिट रही।

# मेट गाला के रेड कारपेट पर सबसे ज्यादा चमकीं प्रियंका चोपड़ा, ये भारतीय सेलेब्स भी हुए शामिल



**प्रभाव**

**इस साल मेट गाला की थीम है सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल्स। जो ब्लैक फैशन शैली और उनके सांस्कृतिक प्रभाव पर आधारित है।**

**मुंबई।** न्यूयॉर्क का मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट हर साल मई के पहले सोमवार को फैशन की दुनिया का सबसे बड़ा उत्सवमेट गाला आयोजित करता है। इस साल यह सोमवार 5 मई 2025 को आयोजित किया जाएगा। भारतीय समयनुसार इसे मंगलवार (6 मई) को सुबह 3:30 बजे देखा जा सकता है। इस साल मेट गाला भारतीय सिनेमा और फैशन के लिए खास होने वाला है क्योंकि बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से लेकर अभिनेत्री कियारा आडवाणी तक, कई भारतीय सितारे रेड कारपेट पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस खबर में पढ़िए मेट गाला से जुड़ी हर एक जानकारी...मेट गाला को फैशन का ऑस्कर भी कहा जाता है, न्यूयॉर्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कॉस्ट्यूम इंस्टीट्यूट के लिए फंड जुटाने वाला एक वार्षिक आयोजन है। 1948 में शुरू हुआ यह इवेंट पहले एक साधारण डिनर पार्टी था, लेकिन अब यह फैशन, कला और संस्कृति का सबसे बड़ा मंच बन चुका है। हर साल एक खास थीम के इर्द-गिर्द सितारे अपने डिजाइनर आउटफिट्स में रेड कारपेट पर अनोखे अंदाज में नजर आते हैं। यह आयोजन न केवल फैशन की दुनिया में नए ट्रेंड्स सेट करता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर भी चर्चा का केंद्र बनता है। पिछले साल इस इवेंट ने म्यूजियम के लिए 26 मिलियन डॉलर से ज्यादा की राशि जुटाई थी। इस साल मेट गाला की थीम है सुपरफाइनः टेलरिंग ब्लैक स्टाइल्स। जो ब्लैक फैशन शैली और उनके सांस्कृतिक प्रभाव पर आधारित है। यह थीम मोनिका एल. मिलर की किताब स्लेव्स टू फैशनः ब्लैक डैंडीज्म एंड द स्टाइलिंग ऑफ ब्लैक डायस्पोरिक आइडेंटिटी से ली है। यह थीम 18वीं सदी के यूरोपीय फैशन से लेकर आधुनिक समय तक ब्लैक डैंडीइज्म की यात्रा को दिखाएगी, जिसमें रंगों, सिल्हूट्स और एक्सेसरीज जैसे टोपी, छड़ी, ब्रोच और पॉकेट स्क्वायर की बारीकियों पर जोर होगा। ड्रेस कोड टेलर्ड फॉर यू मेहमानों को ट्रेडिशनल मेल ड्रेस में रचनात्मक बदलाव करने की आजादी देता है।इस साल मेट गाला में भारतीय सितारों की मौजूदगी ऐतिहासिक होगी। आइए, जानते हैं कौन-कौन शामिल हो रहा है और उनके लुक्स की क्या खासियत होगी... शाहरुख खानः बॉलीवुड के किंग खान पहली बार मेट गाला में डेब्यू करेंगे और वह पहले भारतीय पुरुष अभिनेता होंगे, जो इस रेड कारपेट पर चलेंगे। शाहरुख मशहूर डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी के डिजाइन किए हुए आउटफिट में नजर आएंगे। न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी एयरपोर्ट पर उनकी तस्वीरें पहले ही वायरल हो चुकी हैं।

कियारा आडवाणीः अभिनेत्री कियारा भी मेट गाला में पहली बार शामिल होंगी और अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान इस रेड कारपेट पर मैटरनिटी फैशन का जलवा बिखेरेंगी। वह डिजाइनर गौरव गुप्ता के स्कल्पचरल आउटफिट में नजर आएंगी, जो थीम के साथ उनकी खूबसूरती को और निखारेगा।

# ट्रंप के फैसले पर शेखर कपूर ने चेताया

**मुंबई।** भारतीय निर्देशक शेखर कपूर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विदेशी फिल्मों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले को लेकर अमेरिका को ही चेताया है। जानिए निर्देशक ने क्या कुछ कहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में विदेशी फिल्मों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। जिसके तहत विदेशों में बनी फिल्में जो अमेरिका में आती हैं, उन पर अब सौ प्रतिशत टैरिफ लगेगा। ट्रंप के इस फैसले ने पूरी दुनिया में हलचल पैदा कर दी है। इस फैसले का असर भारत पर और भारतीय फिल्मों पर भी पड़ेगा। ट्रंप के इस फैसले पर अब दिग्गज बॉलीवुड निर्देशक शेखर कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शेखर कपूर का कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप का ये फैसला उन्हें उल्टा पड़ सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट के जरिए शेखर कपूर ने डोनाल्ड ट्रंप के इस फैसले पर





प्रतिक्रिया दी है और इसे हॉलीवुड के लिए ही खतरा बताया है। शेखर कपूर ने अपनी पोस्ट में लिखा, हॉलीवुड फिल्मों का 75त्न से अधिक बॉक्स ऑफिस अमेरिका के बाहर से आता है और उन फिल्मों के बजट का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका के बाहर खर्च किया जाता है। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अमेरिका में इम्पोर्ट की जाने वाली सभी फिल्मों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने से हॉलीवुड को अमेरिका से बाहर जाने का मौका मिल सकता है। जो उनकी उम्मीद और इरादे के बिल्कुल उल्टा होगा।अमेरिका में उद्योग तेजी से खत्म ह रहा है। अन्य देश हमारे फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को अमेरिका से दूर करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन दे रहे हैं। हॉलीवुड और अमेरिका के कई अन्य क्षेत्र तबाह हो रहे हैं। यह बाकी देशों का सुनियोजित प्रयास है और इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए मैं वाणिज्य विभाग और यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव को तुरंत उन सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ शुरू करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दे रहा हूं, जो विदेशों में बनी हैं और हमारे देश में आ रही हैं।

## तीन साल में 233 एथलीट्स ने डोपिंग की बात स्वीकार की, इन खिलाड़ियों में राष्ट्रमंडल चैंपियन हजारिका भी

**नई दिल्ली।**इनमें 22 खिलाड़ी नाबालिग हैं। डोपिंग करने वाले सबसे ज्यादा 72 खिलाड़ी एथलेटिक्स से हैं। दूसरा स्थान वेटलिफ्टरों का है, जिनके 54 खिलाड़ियों ने डोपिंग करना स्वीकार किया है।




खेलों में शक्तिवर्धक दवाओं का प्रयोग तो आम है, पर इनके सेवन की स्वीकारोक्ति से खिलाड़ी इन्कार करते रहे हैं, लेकिन बीते तीन वर्षों में 233 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के समक्ष फंसने के बाद डोपिंग करने की बात स्वीकार की है। इनमें कई नामी खिलाड़ी भी शामिल हैं।

2023 में राष्ट्रमंडल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का स्वर्ण जीतने वाली और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पॉपी हजारिका ने भी बीते माह डोपिंग करने की बात स्वीकारी है। यह संभव हुआ है, 2021 में लाए गए वाडा के नए नियम के तहत। अगर डोप पॉजिटिव खिलाड़ी यह स्वीकार कर लेता है कि उसने डोपिंग की है तो उसे कुल प्रतिबंध में से एक साल की छूट दी जाती है। इनमें से अधिकतर पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगा है।

इनमें 22 खिलाड़ी नाबालिग हैं। डोपिंग करने वाले सबसे ज्यादा 72 खिलाड़ी एथलेटिक्स से हैं। दूसरा स्थान वेटलिफ्टरों का है, जिनके 54 खिलाड़ियों ने डोपिंग करना स्वीकार किया है। इनमें से तीन खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन पर पांच वर्ष का प्रतिबंध लगा है। इन्होंने एक नहीं बल्कि कई शक्तिवर्धक दवाओं का उपयोग किया था। तीन खिलाड़ियों ने एक से अधिक दवाओं के सेवन की बात स्वीकारी।

साल 2025 में 30 अप्रैल तक 29 खिलाड़ी डोपिंग करने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें एक नाबालिग वेटलिफ्टर भी शामिल है, जिन तीन खिलाड़ियों ने एक से अधिक दवाओं के सेवन स्वीकार किया है, वे भी इस वर्ष के हैं।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज

**पटना।** केंद्र सरकार ने इस बार खेलो इंडिया गेम्स की जिम्मेदारी बिहार को सौंपी हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। आप जानते हैं कि राजगीर, गया और पटना में काफी ठीक ढंग से तैयारी की गई है। एक बात और आपको बताना चाहते हैं। राज्य सरकार द्वारा पहले से ही खेल सुविधाएं दी गई है। अब केंद्र सरकार भी इसमें सहयोग कर रही है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का बिहार में पहली बार आगाज हो चुका है। पटना के पाटलिपुत्र स्पेट्र्स कॉम्प्लेक्स में पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत बिहार सरकार के सभी प्रमुख मंत्री और अधिकारी मौजूद हैं। पीएम की मौजूदगी में सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मशाल जलाया। चार से 15 मई तक चलने वाले इस महासमर में शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 8500 खिलाड़ी पहुंच चुकी है। यह सभी खिलाफ 28 खेलों में 2435 पदक के लिए अपना दम दिखाने जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। भारत में खेल एक कल्चर के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स इस दिशा में देश के युवाओं के लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। किसी भी खिलाड़ी को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना और प्रतियोगिता में हिस्सा लेना काफी अहम है। एनडीए सरकार ने इसे प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि आईपीएल में बिहार के छोटे से लड़के वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। इसके पीछे उन्होंने काफी मेहनत की।

पीएम मोदी ने कहा कि सरकार का फोकस इस बात पर भी है कि हमारे खिलाड़ियों को नए खेल खेलने का मौका मिले। इस बार खेल का बजट करीब चार हजार करोड़ का है। आज देश में एक हजार से अधिक खेलो इंडिया सेंटर चल रहे हैं। इसमें दो दर्जन से अधिक तो बिहार में हैं। बिहार में डबल इंजन सरकार की जरूरत है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने खेल को पढ़ाई में भी शामिल कराया। जीवन के हर क्षेत्र में खेल का बड़ा महत्व है। आपको



खेल के मैदान पर अपना श्रेष्ठ देना होता है। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का मखाना आपको काफी पसंद आएगा। सभी खिलाड़ियों को फिर से शुभकामना देते हुए पीएम मोदी खेलो इंडिया यूथ गेम्स की घोषणा की। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस समारोह में कोने कोने से आए खिलाड़ियों का मैं स्वागत और अभिनंदन करता हूं। सीएम नीतीश ने कहा कि खेल के क्षेत्र में अब काम और तेजी से होगा। उत्कृष्ण खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग शुरू से ही एनडीए के साथ थे। हमको तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने ही मुख्यमंत्री बनाया। बीच में हम इधर-उधर चले गए थे। लेकिन, अब हम यहीं रहेंगे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार को नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से काफी मदद मिल रहा है। सरकार ने बजट सड़क, उद्योग, पर्यटन और बाढ़ नियंत्रण के लिए काफी मदद मिल रहा है। इसके अलावा मखाना बोर्ड समेत कई सौगात दी। इसके लिए पीएम मोदी को नमन करता हूं।

भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार जैसे राज्य में 14करोड़ जिसे गरीब बिहार कहा जाता है आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम की मेजबानी कर रहे हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने वैभव सूर्यवंशी का नाम लेते हुए कहा कि हर एक घर से प्रत्येक वर्ग के युवा खेल में अपना योगदान करें। खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि जानकी भूमि है बिहार ज्ञान की भूमि है, विज्ञान की भूमिका है। बिहार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बदल रहा है. आज यूथ गेम्स में 10000 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए हैं। बिहार नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर अपना स्थान कायम कर रहा है। देश में भारत एक से पांच तक में अपना स्थान रखना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का स्थान आगे किया है। आज इतनी इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। बिहार के धरती पर मेडल जीतेंगे और देश को आगे बढ़ाएंगे।

देश की मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर की देवी स्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कुछ देर बाद पंकज त्रिपाठी की ऐतहासिक गौरव गाथा सुनाएंगे। खास बात यह है कि इस महाकुंभ में बिहार के 700 से अधिक खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बिहार के तीन खिलाड़ी जलती मशाल लेकर कॉम्प्लेक्स का चक्कर लगाएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर साथ तैयारी पूरी कर ली गई है।

# पहले हाफ में 1-0 से पिछड़ने के बाद प्राप्ति के दो गोल से बरेका को मिली जीत



**वाराणसी।** फुटबॉल नर्सरी की ओर से रविवार शाम बरेका इंटर कॉलेज मैदान पर बेबी लीग की शुरुआत हुई। उद्घाटन मैच में प्राप्ति के लगातार दो गोल की मदद से बरेका एकादश ने पहाड़ी गांव की टीम को एक गोल के अंतर से हरा दिया। प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका वर्ग में एक और बालक वर्ग में दो मुकाबले खेले गए।

फुटबॉल कोच भैरव दत्त ने सेंटर से सिटी बजाकर खेल की शुरुआत की। मैच शुरू होते ही पहाड़ी गांव की टीम ने तेज खेल दिखाया और खेल के 7वें मिनट में आंचल गोल करने का मौका चूक गई, लेकिन टीम को कार्नर मिल गया। इसके बार डी एरिया से अंशिका का तेज शॉर्ट गोलपोस्ट में समा गई और टीम को एक गोल की बढ़त दिला दी। इसके बाद लगातार दोनों टीम के खिलाड़ियों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किए लेकिन स्कोर 1-0 रहा।

दूसरे हाफ में दोनों टीम ने तेज खेल दिखाया, लेकिन दूसरे हाफ का पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ। चौथे क्वार्टर में बरेका टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी प्राप्ति ने पहला गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 17वें मिनट में टीम की ओर से दूसरा गोल कर टीम का स्कोर 2-1 कर दिया। मैच समाप्त होन पर तक बरेका की टीम 2-1 के स्कोर से मैच जीत लिया। बालक वर्ग का पहला मैच 1-1 से ड्रॉ हो गया। इसमें किशन और यश ने गोल किया जबकि तीसरा मैच रूबल के गोल पहाड़ी गांव की टीम ने जीत ली। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आरके यादव ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर खेल शुरू कराया। कोच भैरव दत्त ने बताया कि बेबी लीग अंडर-14, 10 और 8 आयुवर्ग में खेली जा रही है। मैच में रेफरी की भूमिका आंचल ने निभाई। इस मौके डॉ संतोष अग्रहरी, डॉ खुशबू, विमल पासवान मौजूद रहे। वीर अब्दुल हमीद बालक हॉकी प्रतियोगिता आज हॉकी वाराणसी के तत्वावधान में आज वीर अब्दुल हमीद बालक हॉकी प्रतियोगिता परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में खेली जाएगी। अंडर-16 का हॉकी 5 से 11 मई तक खेली जाएगी। आयोजन सचिव इदरीश अहमद ने बताया कि इस प्रतियोगिता में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। नॉक आउट आधार पर खेली जाने वाली प्रतियोगिता में दोनों पुल की शीर्ष दो दो टीमें सेमीफाइनल में खेलेंगी। हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डॉ. एके सिंह सोमवार शाम के पांच बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे।

बरेका रेल इंजन कारखाना के गोल्फरों को रविवार को गोल्फ कार्ट मिली। गोल्फ क्लब के वरिष्ठ सदस्य गोल्फर अरुण सिंह ने ये कार्ट क्लब को भेंट की। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने पारंपरिक विधि से पूजन-अर्चना कर गोल्फ कार्ट को क्लब को दिया।

इस उपयोगी पहल से खासतौर पर बुजुर्ग और वरिष्ठ खिलाड़ियों को मैदान में आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अरुण कुमार सिंह ने 2017 और 2023 में होल इन वन जैसी उपलब्धि अपने नाम की है। इस दौरान अनुज कटियार, बहादुर प्रसाद, एसके श्रीवास्तव, सुनील कुमार, शिशिर त्यागी मौजूद रहे।

फिट इंडिया वीक के तहत रविवार को साई सेंटर ने साइक्लोथॉन का आयोजन किया। यूपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खिलाड़ियों को रवाना किया। इसमें यूपी कॉलेज के शिक्षक और साई सेंटर के खिलाड़ियों ने तीन किलोमीटर दूरी तक साइकिल चलाकर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। साई सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि साइक्लोथॉन यूपी कॉलेज के मुख्य द्वार से शुरू होकर अर्दली बाजार, कचहरी होते हुए वापस यूपी कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। इसमें 90 शिक्षक और खिलाड़ी शामिल हुए।

झारखंड की राजधानी में खेली गई अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी के चार खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण समेत चार पदक जीता है। कराटे कोच अखिलेश रावत ने बताया कि द्वितीय सिको काई अखिल भारतीय कराटे 3 और 4 मई को रांची के ठाकुर विश्वनाथ सहदेव इंडोर स्टेडियम में खेली गई। इसमें मौर्यांस टाईगर, अयांश और शौर्य सिंह ने स्वर्ण पदक जबकि वेदांश त्रिपाठी ने रजत पदक जीता।

काशी चेस अकादमी ने रविवार को पहला ब्रेन बूम शतरंज टूर्नामेंट सिगरा स्थित एक स्कूल परिसर में हुआ। ओपन कैटेगरी में पांच चक्रों की खेली गई सभी बाजी जीतकर पुरुष वर्ग में उदित गुप्ता और महिला वर्ग में अन्विता जालान ने खिताब जीता। ऑर्बिटर आर्यन वर्मा ने बताया कि अंडर-17 कैटेगरी में श्रेष्ठ श्रीवास्तव चैंपियन रहे। अंडर-9 कैटेगरी में मनन पांडे, अंडर-11 कैटेगरी में आहान सिंह और अंडर-13 कैटेगरी में इशान राज चैंपियन रहे। निर्णायक की भूमिका रोहन गुप्ता, बादल राव, चंद्रकांत गुप्ता और टूर्नामेंट डायरेक्टर की भूमिका नीरा पाल ने निभाई।

39वीं सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप कर्नाटक में खेली गई। 30 अप्रैल से चार मई तक खेली इस प्रतियोगिता में यूपी टीम में वाराणसी की आठ बालिकाओं ने हिस्सा लिया और टीम को कांस्य पदक दिलाने में कामयाब रहीं।

इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस टीम में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज की आठ छात्राएं शामिल थीं। सभी खिलाड़ी परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में डॉ. आशा सिंह की देखरेख में हैंडबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। खिलाड़ियों के वाराणसी आने पर जिला हैंडबॉल संघ की तरफ से स्वागत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष डॉ एके सिंह, संयुक्त सचिव विभव सिंह, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष अमित पांडेय और सचिव डॉ. शम्स तबरेज शंपू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## मणिपुर में फुटबॉल कोच गिरफ्तार, कम से कम 11 लड़कियों का महिनों तक यौन शोषण करने का है आरोप



**नई दिल्ली।** मणिपुर के इम्फाल पूर्वी जिले में एक फुटबॉल कोच को कथित तौर पर कम से कम 11 लड़कियों का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया जो उसकी अकादमी में ट्रेनिंग लेती थीं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि उसने महीनों तक कम से कम 11 खिलाड़ियों का यौन शोषण किया। कोच पर आरोप है कि उन्होंने हीनगांग विधानसभा क्षेत्र स्थित अकादमी के बोर्डिंग सुविधा में रह रहे 11 नाबालिग छात्रों के साथ यौन शोषण किया। माता-पिता में और स्थानीय लोगों में मामले को लेकर जबरदस्त गुस्सा देखा जा रहा है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक यह मामला तब सामने आया जब एक पेरेंट्स मीट के दौरान युवा खिलाड़ियों ने अपने अभिभावकों को इस दुर्व्यवहार के बारे में बताया। खुलासे के बाद, अभिभावकों ने पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद हीनगांग पुलिस स्टेशन में एक औपचारिक मामला दर्ज किया गया। अभिभावकों ने फुटबॉल अकादमी का लाइसेंस तत्काल रद्द करने की कड़ी मांग की है और संबंधित अधिकारियों से कानून के अनुसार न्याय सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि कोच ने महीनों तक करीब 11 खिलाड़ियों के साथ यौन शोषण किया है। इस घटना की जानकारी के बाद पूरे क्षेत्र में स्थानीय लोगों और अभिभावकों में जबरदस्त गुस्सा देखा जा रहा है।

# मंदिर की पवित्रता भंग करने पर बवाल

## सियासत तेज, भाजपा ने नरम रुख के लिए सुप्रिया सुले को जमकर सुनाया

एजेंसी

**मुंबई।** पुणे में एक मंदिर की पवित्रता भंग करने पर जिले में बवाल चरम पर है। वहीं इस मामले में सियासत भी तेज है। इधर, भाजपा ने नरम रुख के लिए एनसीपी एसपी सांसद सुप्रिया सुले पर जमकर निशाना साधा है। मामले में पुलिस ने पहले कहा था कि पौड़ गांव में मूर्ति का अपमान करने के आरोप में 44 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके 16 वर्षीय बेटे को हिरासत में लिया गया है।

वहीं रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में, एनसीपी (एसपी) नेता और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने सरकार से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, %पौड़ गांव में अन्नपूर्णा देवी मंदिर में एक युवक ने अनुचित




कृत्य किया है। यह घटना बेहद घृणित और क्रोध पैदा करने वाली है। कोई भी संवेदनशील व्यक्ति इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं कर सकता। बारामती लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली सुप्रिया सुले ने कहा, मैं सरकार से उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करने का आग्रह करती हूं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा या माफ नहीं किया जाना चाहिए।

वहीं मावल से शिवसेना सांसद श्रीरंग बारणे ने भी इस अपवित्रीकरण को हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर किया गया कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा, हम अपने धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह सिर्फ एक अस्थिर व्यक्ति का कृत्य नहीं है, बल्कि भड़काने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है। मुलशी तालुका में बंद का आह्वान किया गया है, और इसे हिंदू समुदाय से समर्थन मिला है। हम दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग करते हैं।

हालांकि, सोमवार को राजनीतिक दलों की तरफ से की गई निंदा ने एक अलग मोड़ ले लिया, जब भाजपा एमएलसी चित्रा वाघ ने आरोपियों का नाम न बताने के लिए सुप्रिया सुले पर हमला किया। एक्स पर एक पोस्ट में चित्रा वाघ ने सुप्रिया सुले पर तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त होने और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अक्सर दिखाई जाने वाली संवेदनशीलता नहीं दिखाने का आरोप लगाया।

उन्होंने लिखा- क्या बात है, बारामती की बड़ी बहन? आप आमतौर पर बेहद संवेदनशील होने का दिखावा करती हैं, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे मामलों पर भी अपने विचार जोश से व्यक्त करती हैं। लेकिन जब आपके अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक घृणित और अपमानजनक घटना हुई, तो आपने सिर्फ चार लाइन का ट्वीट किया और चुप रहीं। चित्रा वाघ ने कथित अपवित्रता को हिंदू महिलाओं को धमकाने वाला संदेश बताया। उन्होंने कहा कि हिंदू समुदाय सुप्रिया सुले को उनकी चुप्पी के लिए कभी माफ नहीं कर पाएगा।

## भारत की कार्रवाई के बाद फिर चीन के सामने गिड़गिड़ाया पाकिस्तान, चीनी राजदूत से मिले राष्ट्रपति जरदारी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच, चीन के राजदूत जियांग जेदोंग ने सोमवार को पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान के लिए समर्थन दोहराया। जेदोंग ने कहा कि चीन दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए पाकिस्तान का समर्थन करता रहेगा।

सरकार नियंत्रित रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, जेदोंग ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की और भारत-पाकिस्तान तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।% रिपोर्ट में बताया गया कि बैठक के दौरान जरदारी ने पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से उठाए गए कदमों पर चिंता जताई और कहा कि



इस तरह के कदम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई। मारे गए लोगों में अधिकांश पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंधों में गिरावट आ गई है।

भारत ने पिछले हफ्ते पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत आतंकवादियों और उनके मददगारों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई रणनीतिक कदम उठाए। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी चेक पोस्ट बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के मुताबिक, जेदोंग ने चीन और पाकिस्तान के बीच स्थायी मित्रता की पुष्टि की और इसे ऐसे दो भाइयो के बीच मजबूत संबंध जैसा बताया, जिन्होंने चुनौती पूर्ण समय में हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है।

### क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में 49 लोगों को लेकर जा रही बस पलटी, एक की मौत, 26 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक निजी लग्जरी बस के पलट गई। हादसे में एक 30 वर्षीय एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना करनाला में एक ढलान पर हुई, जब बस मुंबई से कोंकण क्षेत्र की ओर जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई। उन्होंने बताया कि वाहन में 49 लोग सवार थे। राजापुर निवासी अमोल तलवाडेकर की इस घटना में मौत हो गई, जबकि 26 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से भाग गया, जिसे रायगढ़ पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### हमास पर दबाव बनाने की तैयारी, गाजा में सैन्य अभियान तेज करेगा इस्राइल, कैबिनेट ने दी मंजूरी

**तेल अवीव।** युद्ध विराम को लेकर हमास पर दबाव बनाने के लिए इस्राइल ने कड़े कदम उठाने की तैयारी की है। इस्राइल के एक अधिकारी ने बताया कि कैबिनेट मंत्रियों ने गाजा पट्टी में सैन्य अभियान तेज करने की योजना को मंजूरी दे दी है। अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के शीर्ष मंत्रियों की एक प्रभावशाली सुरक्षा कैबिनेट ने सोमवार सुबह बैठक में गाजा में अभियान तेज करने पर चर्चा की। अधिकारी ने कहा कि इस योजना के तहत अधिक फलस्तीनी क्षेत्र पर दावा किया जाएगा। इससे पहले रविवार को इस्राइल ने गाजा में सैन्य अभियान के लिए हजारों रिजर्व सैनिकों को बुलाने की घोषणा की थी। इस्राइल का कहना है कि हमास पर युद्धविराम को लेकर बातचीत का दबाव बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है। बता दें कि मार्च में हमास के साथ युद्धविराम खत्म होने के बाद से इस्राइल गाजा पर रोज हमले कर रहा है।

## फीनिक्स के उपनगरीय इलाके के रेस्तरां में खूनी खेल, हमलावरों ने नौ लोगों को मारी गोली

**अमेरिका।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस बार एक रेस्तरां में फायरिंग हुई है। वारदात में नौ लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात फीनिक्स के उपनगरीय इलाके में स्थित एक रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी गई। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज ने घटनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पुलिस को एल कैमरन गिगांटे मैरिस्कोस एंड स्टीकहाउस में शाम करीब 7.45 बजे गोली चलने की सूचना मिली। हताहतों की संख्या तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि यह संख्या लगभग नौ के करीब हो सकती है। पुलिस का मानना है कि वारदात में एक से अधिक शूटर शामिल थे। मेंडेज ने बताया कि फिलहाल कोई संदिग्ध हिरासत में नहीं है, लेकिन कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## बाबा महाकालेश्वर मंदिर के शंख द्वार पर लगी भीषण आग, दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

एजेंसी

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर के शंख द्वार पर रविवार को अचानक भीषण आग लग गई, जिसकी लपटें और धुआं करीब एक किलोमीटर दूर से नजर आया। आग की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार, आग मंदिर परिसर के कंट्रोल रूम में लगी बैटरी से लगी थी। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

घटना के तुरंत बाद ही महाकाल मंदिर समिति के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोक दिया गया। महाकाल मंदिर में सोमवार को जिस समय ये घटना हुई उस समय मंदरि में काफी भीड़ थी। सोमवार के चलते मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। गनीमत रही कि आग की इस घटना में किसी के हताहत होने खबर नहीं है। घटना की जानकारी लगते ही कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे।

महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार हादसा मंदिर के गेट नंबर-1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुआ। छत पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम लगा हुआ है। इस सिस्टम की बैटरी में किसी कारण से आग लगी थी। हादसे में पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल बैटरी में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। जांच के बाद ही पता चल सकेगा। घटना के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोक दिया गया था।

# समय रैना की फिर बढ़ीं मुश्किलें, अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पेश होने का दिया आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मशहूर यूट्यूबर और स्टैंडअप कॉमेडियन की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने समय रैना सहित पांच अन्य इन्फ्लुएंसर्स को पेश होने के लिए कहा है। एक एनजीओ की याचिका पर यह निर्देश दिया गया है। याचिका पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों का मजाक उड़ाया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई पुलिस आयुक्त से कहा कि वह इन इन्फ्लुएंसर्स को नोटिस दें ताकि वह अदालत में पेश हो सके। अन्यथा इनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

'इंडियाज गॉट लैटेंट' के होस्ट समय रैना पर एनजीओ ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने शो में 'स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी' नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित लोगों का



मजाक उड़ाया है। इस आरोप के बाद जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मुंबई के पुलिस आयुक्त से कहा कि वह पांचों इन्फ्लुएंसर्स को नोटिस दें और वह अदालत में पेश हों। पीठ ने यह भी कहा कि अगर वह अदालत में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पीठ ने एनजीओ क्योर एसएमए फाउंडेशन ऑफ इंडिया% की जनहित याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की सहायता भी मांगी है। पीठ ने यह सहायता दिव्यांग लोगों और दुर्लभ विकारों से पीड़ित व्यक्तियों से संबंधित सोशल मीडिया कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए मांगी है। साथ ही पीठ ने ऐसे लोगों का मजाक उड़ाने वाले इन्फ्लुएंसर्स को हानिकारक और मनोबल को नुकसान पहुंचाने वाला करार दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ गंभीर सुधारात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की जरूरत है ताकि ऐसी चीजें दोबारा न हों।

पीठ ने एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह से कहा, 'यह बहुत ही नुकसानदायक और मनोबल को गिराने वाला है। ऐसे कानून हैं जो दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में लाने की कोशिश करते हैं और एक घटना से पूरा प्रयास खत्म हो जाता है। आपको कानून के भीतर कुछ सुधारात्मक और दंडात्मक कार्रवाई के बारे में सोचना चाहिए।'

पीठ ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार की आड़ में किसी को भी अपमानित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। पीठ ने दिव्यांगों से संबंधित सोशल मीडिया कंटेंट पर दिशा-निर्देश बनाने पर विचार किया। एनजीओ ने मौजूदा कानूनी ढांचे में कमियों का हवाला दिया और पीठ से ऑनलाइन कंटेंट पर दिशा-निर्देश तैयार करने का आग्रह भी किया।

## पाकिस्तान पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री, भारत से तनाव के बीच शहबाज को दे सकते हैं बड़बोलेपन से बचने की नसीहत

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। तनाव को कम करने का दुनियाभर के देश प्रयास कर रहे हैं। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि अराघची यहां भारत की सैन्य कार्रवाई के डर से बौखलाए पाकिस्तान को शांति अपनाने और बड़बोलेपन से बचने की नसीहत देंगे। इसके बाद ईरानी विदेश मंत्री भारत आएंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ अहम बैठक करेंगे। इस दौरान वे क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम को लेकर भी बात करेंगे।

पाकिस्तान और ईरान के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंध हैं। अराघची की यात्रा से दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंध और मजबूत होने, सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। पाकिस्तान के बाद अराघची भारत आएंगे। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने बताया कि विदेश मंत्री अराघची क्षेत्रीय देशों के साथ ईरान के सहयोग के रूप में पाकिस्तान और भारत की यात्रा कर रहे हैं। उनकी बातचीत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने तथा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम घटनाक्रमों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस सप्ताह के अंत में शीर्ष ईरानी राजनयिक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। अब्बास अराघची का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद सबसे बड़ा बताया जा रहा है। इस हमले के तीन दिन बाद अब्बास अराघची ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने में मदद करने की पेशकश की थी।

## गीदड़भभकी दिखाने से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, भारत से तनाव के बीच एक और मिसाइल का परीक्षण किया

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। ऐसे में पाकिस्तान गीदड़भभकी दिखाते हुए बड़बोलापन दिखा रहा है। हालांकि भारत के आक्रामक रुख से पाकिस्तान में घबराहट का माहौल है। अब अपनी खीझ को छिपाते हुए पाकिस्तान ने एक और बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने का दावा किया है। गौरतलब है कि हाल ही में पाकिस्तान ने अपनी बैलिस्टिक मिसाइल अब्दाली का भी परीक्षण करने का दावा किया था।

पाकिस्तान के दावे के अनुसार, उन्होंने सतह से सतह पर मार करने वाली फतह सीरीज की बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इस मिसाइल की रेंज 120 किलोमीटर है। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया है कि यह मिसाइल परीक्षण एक्सरसाइज इंडस के तहत किया



गया। इससे पहले पाकिस्तान ने अपनी अब्दाली मिसाइल का परीक्षण करने का दावा किया था, जिसकी रेंज 450 किलोमीटर है। भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान लगातार उकसावे वाली कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान उकसावे वाली यह कार्रवाई तब कर रहा है, जब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उसके पास गोला बारूद की भारी कमी है। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित कर दिया। इतना ही नहीं भारत ने चिनाब नदी का पानी भी रोक दिया है। भारत के इस कदम से पाकिस्तान बुरी तरह से बौखला गया है और उसने युद्ध की धमकी दी है। पाकिस्तान की सेना बीते 11 दिनों से लगातार सीमा पर गोलीबारी कर अपनी खीझ मिटाने की कोशिश कर रही है। इतना ही नहीं भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिए हैं।

## खालिस्तानियों का दुस्साहस- माल्टन गुरुद्वारे में निकाली हिंदू विरोधी परेड

एजेंसी

**टोरंटो।** कनाडा के एक पत्रकार डेनियल बोर्डमैन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में खालिस्तानी कट्टरपंथी टोरंटो के एक गुरुद्वारे में हिंदू विरोधी परेड निकालते दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान खालिस्तानियों ने कनाडा से सभी हिंदुओं को निर्वासित करने की मांग भी की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी खालिस्तानियों ने भारत विरोधी परेड का आयोजन किया था, जिसमें पूर्व पीएम इंदिरा गांधी से संबंधित विवादित कटआउट लगाए गए थे। इस पर भी भारत ने आपत्ति जताई थी। यह हिंदू विरोधी परेड टोरंटो के माल्टन गुरुद्वारे में निकाली गई। यह परेड ऐसे समय निकाली गई, जब हाल ही में कनाडा में चुनाव हुए हैं और मार्क कार्नी ने एक बार फिर सत्ता संभाली है। उम्मीद की जा रही थी कि मार्क कार्नी के सत्ता में आने के बाद कनाडा और भारत के रिश्तों में बेहतरी हो सकती है, लेकिन खालिस्तानी अपनी हरकतों से अभी भी बाज नहीं आ रहे हैं। इससे पहले कनाडा में कई मंदिरों को क्षतिग्रस्त करने और मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखने की कई घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि अभी तक इन घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। डेनियल बोर्डमैन ने अपने पोस्ट में लिखा कि ये जिहादी हमारी सड़कों पर उत्पात मचा रहे हैं और हमारे सामाजिक ताने-बाने को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वे यहूदियों को धमका रहे हैं। क्या मार्क कार्नी का कनाडा जस्टिन ट्रूडो के कनाडा से अलग होगा? डेनियल बोर्डमैन ने एक अन्य यूजर शॉन बिंदा की पोस्ट को रिट्वीट किया था। बिंदा ने अपने पोस्ट में लिखा कि माल्टन गुरुद्वारा में खालिस्तानी गैंग ने आठ लाख हिंदुओं को भारत भेजने की मांग की है। कनाडा में त्रिनिदाद, गुयाना, सूरीनाम, जमैका, दक्षिण अफ्रीका, नीदरलैंड्स, मलेशिया, श्रीलंका, सिंगापुर, केन्या और कई अन्य देशों के लोग बसे हैं।

## पाकिस्तान की कमर तोड़ने के लिए भारत ने की घेराबंदी, इटली और एडीबी से फंडिंग रोकने की मांग की

एजेंसी

**मिलान।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भारत ने अब इटली और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग रोकने की मांग की है। बता दें कि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इटली के मिलान में आयोजित 58वीं एडीबी सालाना बैठक के दौरान इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेटी से मुलाकात की। इस बैठक में भारत ने साफ तौर पर कहा कि इटली को पाकिस्तान में अपने वित्तीय सहयोग और परियोजनाओं पर रोक लगानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की वेबसाइट के अनुसार, इटली की डेवेलपमेंट कोऑपरेशन पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर सक्रिय है और वहां कई परियोजनाओं में निवेश कर रहा है। इसके अलावा, निर्मला सीतारमण ने एडीबी के अध्यक्ष मासातो कांडा से




भी मुलाकात की और उनसे भी पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग पर रोक लगाने की मांग की। सूत्रों ने बताया कि यह मुद्दा बैठक के मुख्य एजेंडों में शामिल था।

भारत ने यह कदम उस आतंकी हमले के बाद उठाया है जिसमें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला हुआ था। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य घायल हुए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ अपने राजनयिक रिश्ते भी घटा दिए हैं। भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को भी सस्पेंड कर दिया है, जिससे आने वाले समय में पाकिस्तान को मिलने वाली पानी की आपूर्ति में भारी कमी आएगी।

सूत्रों ने यह भी बताया कि भारत अब फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स से भी संपर्क करेगा ताकि पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। वित्त मंत्री सीतारमण इस समय एडीबी की सालाना बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं। यह बैठक 4 से 7 मई तक मिलान में चल रही है।

# अंशकालिक बनेंगे दैनिक वेतनभोगी

## नई नियुक्तियों के दिशा-निर्देश तय, 20 बड़े फैसले......................

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में विभिन्न विभागों में कार्यरत व 31 मार्च, 2025 तक सात वर्ष की निरंतर सेवाएं पूरी कर चुके अंशकालिक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दैनिक वेतनभोगी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। करीब आठ हजार अंशकालिकों को इसका लाभ मिलेगा। बैठक में वन विभाग के वन्यजीव विंग को शिमला से जिला कांगड़ा के धर्मशाला स्थित सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना कार्यालय भवन में स्थानांतरित करने को स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ सीपीडी केएफडब्ल्यू परियोजना कार्यालय को वन अरण्यपाल



(वन्यजीव) धर्मशाला के खाली भवन में स्थानातंरित करने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिमंडल की बैठक में जिला कारागार को मंडी से नेरचौक के नवनिर्मित भवन में स्थानातंरित करने की स्वीकृति दी गई। मंडी के वर्तमान जेल परिसर को महिलाओं की ओपन जेल में परिवर्तित किया जाएगा। इस जेल के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न श्रेणियों के आवश्यक पदों को सृजित कर भरने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। बैठक में राजस्व विभाग के तहत हिमाचल प्रदेश ऑनलाइन फाइलिंग एंड प्रोसेसिंग ऑफ कोर्ट केस नियम-2025 को मंजूरी प्रदान की गई। इन नियमों के अंतर्गत राजस्व न्यायालय आवेदन, अपील, पुनरीक्षण, समीक्षा आदि अन्य याचिकाएं ऑनलाइन प्राप्त एवं प्रसंस्कृत कर सकेंगे।

मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग को परीक्षाओं की फीस तय करने का अधिकार प्रदान करने को स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमंडल ने ऊना जिले के चिंतपूर्णी, जिला शिमला के सराहन विशेष क्षेत्र और जिला हमीरपुर के भोटा योजना क्षेत्र के लिए विकास योजनाएं तैयार करने का निर्णय लिया गया ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ लगते क्षेत्रों में अनियंत्रित निर्माण और अव्यवस्थित व्यावसायिक विकास पर अंकुश लगाया जा सके।

मंत्रिमंडल ने विभिन्न सरकारी विभागों में (जहां मांग प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है) रिक्त पदों की मांग, चयन प्रक्रिया और नियुक्ति प्रस्तावों से संबंधित नए दिशा-निर्देशों को स्वीकृति प्रदान की। भविष्य में होने वाली नियुक्तियों के पहलुओं पर विचार के लिए एक मंत्रिमंडलीय उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कर्मचारियों की सेवा शर्तें अधिनियम 2024 लागू होने के बाद प्रदेश में अनुबंध पर भर्तियां बंद हो गई हैं। लेकिन इसी बीच बहुत से पदों के लिए साक्षात्कार हुए हैं या कई के भर्ती विज्ञापन जारी हो चुके हैं। ऐसे में इन भर्तियों की तहत चयनित अभ्यर्थियों को दो साल तक ट्रेनी कर्मचारी या ट्रेनी अधिकारी के तौर पर नियुक्ति दी जाएगी। दो साल के बाद सेवाएं नियमित होंगी।

सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बढ़ाने और कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए निजी ऑपरेटरों की ओर से 18 सीटर टेंपो ट्रैवलर के संचालन के लिए राज्य भर में 350 नए स्टेज कैरिज रूटों के साथ स्थानीय मांग के आधार पर नए अतिरिक्त मार्गों के आवंटन को भी मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल ने कैजुअल्टी चिकित्सा अधिकारी के 68 पदों तथा विभिन्न श्रेणियों के 13 पदों सहित चिकित्सा अधिकारियों के कुल 81 पद भरने को मंजूरी दी।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव भारत की जरूरत है : ए के शर्मा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री ए के शर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह ने किया और कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ए के शर्मा, गिरीश यादव, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह एव जन प्रतिनिधि द्वारा सयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर पुष्पांजली व दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पहले जौनपुर आगमन के दौरान मुख्य अतिथि का कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ नुक्कड़ चौराहो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ए के शर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव सिर्फ चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह भारत की जरूरत है देश में हर कुछ माह में कहीं न कहीं बड़े चुनाव होते रहते हैं इससे विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव तो पड़ता ही है, साथ ही बड़े पैमाने पर धन का अपव्यय भी होता है। ऐसे में इस मुद्दे पर गहन अध्ययन और मंथन आवश्यक है। एक साथ चुनाव होने से देश व राज्यों की विकास योजनाओं को रफ्तार मिलेगी। बार-बार चुनाव और उसके कारण लगने वाली आचार संहिता से विकास कार्य बाधित नहीं होंगे। इससे चुनाव पर होने वाले खर्चे की बचत भी होगी। हालांकि वन नेशन, वन इलेक्शन सभी राजनीतिक दलों में आपसी सहमति के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। क्षेत्रीय दलों के नुकसान की आशंका को खारिज करते हुए कहा कि 70 साल में मतदाता बहुत परिपक्व हो चुके हैं। एक राष्ट्र एक चुनाव की बात वही कर सकता है जो एक राष्ट्र समझने की क्षमता रखता हैं और आजाद भारत के बाद यह बात सोचने की क्षमता मात्र देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के पास है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना बहुत निंदनीय है प्रधानमंत्री मोदी इस पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब



लॉ कमीशन ने भी वर्ष 1999 में वन नेशन, वन इलेक्शन की वकालत की थी : गिरीश यादव

भारत में 1951 से 1967 तक विधानसभा और लोकसभा के लिए चुनाव एक साथ होते थे : पुष्पराज सिंह

दिया जाएगा। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने पहली बार साल 1983 में इसे लेकर सुझाव दिया था लॉ कमीशन ने भी वर्ष 1999 में वन नेशन, वन इलेक्शन की वकालत की थी। दिसंबर 2015 में लोकसभा और विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव आयोजित करने के लिये संसद की स्टेंडिंग कमेटी ने एक साथ चुनाव आयोजित करने पर वैकल्पिक और व्यावहारिक तरीका अपनाने की सिफारिश की थी। 2018 में संसद की स्टैंडिंग कमेटी ने भी इस मुद्दे पर रिपोर्ट तैयार की थी, जिसमें इसके कई फायदे गिनाए थे। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर विस्तृत प्रकाश डालते हुये कहा कि भारत में, राज्य विधानसभाओं और संसद के सदस्यों के चुनाव के लिए आम चुनाव अलग-अलग आयोजित किए जाते हैं, जब मौजूदा सरकार का कार्यकाल समाप्त हो जाता है या किसी कारण से भंग हो जाती है। भारत में 1951-52 से 1967 तक राज्य विधानसभाओं और लोक सभा के लिए चुनाव एक साथ होते थे। यह चक्र टूट गया और वर्तमान में चुनाव हर वर्ष और कभी-कभी एक वर्ष के भीतर अलग-अलग समय पर होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारी सरकारी व्यय होता है। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी बार-बार चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों पर अधिक आर्थिक बोझ पड़ता है। एक बार चुनाव होने से उन्हें ज्यादा आसानी होगी, करदाताओं के पैसे बचेंगे तो इन पैसों का इस्तेमाल जनता की भलाई के लिए किया जा सकेगा वन नेशन-वन इलेक्शन नई खोज नहीं है आजाद भारत का पहला लोकसभा चुनाव भी इसी तर्ज पर हुआ था। 1952, 1957, 1962 और 1967 का चुनाव इसी अवधारणा पर कराया गया था। बदलापुर के विधायक रमेश मिश्रा वन नेशन वन इलेक्शन से राज्यों को बार-बार आचार संहिता का सामना नहीं करना पड़ेगा और कालेधन पर अंकुश लगेगा, ड्यूटी में तैनात होने वाले सुरक्षाबलों का समय बचेगा अभी हर चुनाव में उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजने में खतरे के साथ खर्च भी बहुत होता है। एम एल सी बृजेश सिंह ने कहा कि चुनाव सुधार अभियान के तहत एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर जनजागरण और राष्ट्रीय सहमति बनाने के लिए भाजपा ने इस अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कई अवसर पर इसकी चर्चा की है और इससे होने वाले फायदे को बताया है। इससे राजनीतिक स्थिरता आएगी। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि चुनावों में लगे सुरक्षा बलों और निर्वाचन अधिकारियों को लंबे समय तक अपने प्राथमिक कर्तव्यों से विमुख होना पड़ता है, आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है। उक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, सीमा सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पूर्व प्रधान पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य वह प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# समझा बुझाकर विवाहिता की पति के साथ कराई गई विदाई



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय) जनपद के महिला थाने पर पड़े प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराते हुए महिला थाना प्रभारी ने पति पत्नी के विवाद के बीच विवाद को लेकर डेढ़ साल से अपने मायके में रह रही एक विवाहिता को उसके पति के साथ भेजकर विदाई कराई गई। खेतासराय थाना क्षेत्र के पारा कमाल की मीना की शादी सन 2018 में खुटहन थाना क्षेत्र के पलसू गांव के इंद्रेश के साथ हुई थी। 4-5 साल तक सबकुछ ठीक चल रहा था। इसी बीच पत्नी पत्नी में विवाद होने शुरू हो गया। जिस पर मीना अपने मायके आ गयी। और लगभग डेढ़ साल से अपने मायके रहने लगी। मीना द्वारा अपने पति के खिलाफ महिला थाना में तहरीर देकर प्रताड़ित करने मारने पीटने सहित कई आरोप लगाया गया। जिस पर सोमवार को महिला थाना प्रभारी श्यामा तिवारी ने मीना और उसके पति इंद्रेश को महिला थाना पर बुलवाकर उन्हें बैठाकर काफी देर तक समझा बुझाकर एक दूसरे के साथ रहने के लिए हसी खुशी राजी करा लिया। दोनों ने सहमति जताई कि दोनों अब एक साथ रहेंगे। जिस पर थाना प्रभारी श्यामा तिवारी ने विवाहिता मीना को उसके पति इंद्रेश के साथ लिखित समझौते के आधार पर विदा कराया। महिला थाना प्रभारी श्यामा तिवारी ने बताया कि डेढ़ साल से विवाहिता अपने मायके रह रही थी। दोनो पति पत्नी को समझा बुझाकर एक साथ रहने के लिए राजी करते हुए लिखित समझौते के साथ भेजा गया।

## युवती को बहला कर भगा ले जाने के आरोपित के खिलाफ केस दर्ज

जौनपुर (खुटहन) स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को एक सप्ताह पूर्व बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने के नामजद आरोपित के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह कार्रवाई युवती के चाचा की तहरीर पर की गई है। गांव निवासी युवती के चाचा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके घर आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थानांतर्गत बनगांव निवासी अनुराग गौण का आना जाना था। वह हमारी 20 वर्षीय भतीजी को गत 28 अप्रैल की रात बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। भतीजी अपने साथ बीस हजार नकदी और अपनी चाची का जेवर भी ले गयी है। उसका मोबाइल गुरैनी बाजार के एक कबाड़ी के पास से बरामद हुआ है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता

ऋण देने में रुचि न लेने वाले बैंको की शाखाओं पर होगी कठोर कार्यवाही

सबसे अधिक ऋण वितरण करने वाले बैंक शाखाओं को दिया जायेगा प्रशस्ति पत्र : डीएम

जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा विगत दिनों विभिन्न बैंकों की शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सीएम युवा उद्यमी योजनान्तर्गत कई शाखाओं में लक्ष्य के सापेक्ष उक्त योजना की प्रगति दृष्टिगोचक नही है। जिसके कारण सीएम युवा उद्यमी योजना की अनवरत समीक्षा की जा रही है। दिनांक 03 मई 2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस मछलीशहर में जन शिकायतों का निस्तारण करते समय संज्ञान में आया कि भारतीय स्टेट बैंक आफ इण्डिया की मछलीशहर जौनपुर में इस योजना के अन्तर्गत कुल 135 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से 76 आवेदन स्वीकृत और 06 आवेदन को ऋण वितरण किये गये और 37 आवेदन को निरस्त किये गये है जो अत्यन्त खेदजनक और चिन्ता का विषय है। इसी प्रकार भारतीय स्टेट बैंक आफ इण्डिया की जौनपुर शाखा के अन्तर्गत 03 मई 2025 तक स्वीकृत 499, ऋण वितरण 147 है जो प्रशांसनीय नही है। उपरोक्त के अतरिक्त जनपद के अन्य बैंक एचडीएफसी बैंक, इण्डियन बैंक, बैंक आफ बडौदा, यू0पी0 ग्रामीण बैंक और यूनियन बैंक आफ इण्डिया में भी उपरोक्त योजना के अन्तर्गत कुल प्राप्त आवेदन, स्वीकृत आवेदन और ऋण वितरण, लक्ष्य के सापेक्ष अत्यन्त कम है। जो शासन की मंशा के अनुरुप नही है। तद्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा समस्त बैंकों के सहायक महाप्रबन्धक और क्षेत्रीय प्रबन्धक को पत्र लिखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करते हुए जिला प्रशासन को एक सप्ताह के भीतर अवगत कराये। अन्यथा की दशा में कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। तद्क्रम में जिलाधिकारी के द्वारा बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित करते हुए कहा कि जिन बैंक के द्वारा अभी तक एक भी ऋण वितरण नही किया गया है उन्हें चिन्हित करते हुए 06 मई को बैंठक कर समीक्षा की जायेगी और सबसे अधिक ऋण वितरण करने वाले बैंक शाखाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही जिलाधिकारी जनपद के सभी बैंको को स्पष्ट रुप से निर्देशित किया है कि जिन बैंकों के द्वारा ऋण देने में रुचि नही ली जा रही है अपने स्तर से उच्च अधिकारी को अवगत करते हुए आवश्यक कार्यवाही कराये अन्यथा की दशा में जिलाधिकारी द्वारा कठोर कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, बैंको के अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता पर हमले में 3 आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज। प्रयागराज के सोरांव थाना क्षेत्र में अधिवक्ता मानसिंह यादव पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपी अनिल यादव समेत 11 अन्य आरोपी अभी फरार हैं। प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर कल्याण शाह का पूरा गांव के पास हुई इस वारदात में अधिवक्ता ने 14 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र से आठ सीसीटीवी फुटेज जब्त किए हैं। इन फुटेज से हमलावरों की पहचान में मदद मिल सकती है। हिरासत में लिए गए आरोपियों ने घटना में अपनी भूमिका से इनकार किया है। पुलिस को आशंका है कि मुख्य आरोपी अनिल यादव राज्य से बाहर भाग गया है। डीसीपी गंगापार कुलदीप सिंह गुनावत के अनुसार पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

घायल अधिवक्ता मानसिंह यादव की स्थिति अब स्थिर है। उन्हें स्वरूप रानी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया है। डॉक्टर्स की टीम उनकी निगरानी कर रही है। पुलिस का कहना है कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद घटना का पूरा खुलासा हो सकेगा।

# दूसरे के स्थान पर डीएलएड परीक्षा देने पर गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जनपद की मुबारकपुर थाना पुलिस ने बीते 9 अप्रैल को जनपद में सम्पन्न हुई डीएलएड परीक्षा में भाभी की जगह पर परीक्षा दे रही ननद सहित भाभी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि परीक्षा के दौरान पकड़े जाने के बाद अभियुक्ता अधिकारियों को चमका देकर फरार हो गयी थी। बताते चलें कि जनपद में नौ अप्रैल को डीएलएड की परीक्षा सम्पन्न कराई गई। इस दौरान राजकीय इण्टर कालेज जमुड़ी में निरीक्षण के दौरान कक्ष संख्या चार में में एक छात्रा का आधार संदिग्ध मिलने पर जांच की गई तो पाया कि वह अपनी भाभी के स्थान पर परीक्षा दे रही थी। परीक्षा दे रही रितू चौहान पुत्री मनमोहन चौहान निवासी कोकिलपार थाना जीयनपुर के खिलाफ प्रधानाचार्य अंगद मौर्य की तहरीर पर मुबारकपुर थाने मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में दिलचस्प पहलू यह रहा कि पकड़े जाने के बाद सह जिला विद्यालय निरीक्षक व विद्यालय प्रबन्धन तंत्र की उपस्थिति में ही ऋतू चौहान सबको चकमा देते हुए मौके से फरार हो गयी थी। उक्त मामले में मुबारकपुर थाने के उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने अभियुक्ता रितू चौहान पुत्री मनमोहन चौहान व किरन चौहान पुत्री जयराम चौहान निवासी सिरही सुरहिया थाना रौनापार को सठियांव चौराहे के पास से सुबह 08.05 बजे पकड़ लिया गया।

# अध्यापक को भद्दी-भद्दी गाली देने पर अनिश्चिकालीन धरना



अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। उ0प्र0 माध्यकि शिक्षक रांध (पाण्डेय गुट) के जिला मंत्री पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज दिन106 06.05.2025 से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर अध्यापकों एवं कर्मवारियों की समस्याओं को लेकर अनिश्चिकालीन धरना प्रारम्भ किया।

धरने का संचालन अभय श्रीवास्तव ने किया। खरने को सम्बोधित करते हुए जिला मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि स्मिथ इण्टर कालेज अजमतगढ़ के प्रबन्धक के लड़के द्वारा विद्यालय के एक सम्मानित अध्यापक को भद्दी-भद्दी गाली दी गयी जिसकी आडियो रिकार्डिंग नी जिला विद्यालय निरीक्षक के मोबाइल पर भेजी गयी लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक आजमगढ़ द्वारा आज तक विद्यालय में प्राधिकृत नियन्त्रक नियुक्त करने के लिए कोई कार्यकही नहीं की गयी है। जिला मंत्री ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक को केवल धन उगाही से मतलब है जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थ्यनान्तरण की पत्रावलियों में धन वसूली की जा रही है। जो जिला विद्यालय निरीक्षक के संज्ञान में है। अवशेष पत्रावलियों का निस्तारण नहीं हो रहा है नहराजगंज इण्टर कालेज का दो माह से वेतन का भुगतान जिला विद्यालय निरीक्षक की हठधर्मिता के कारण नहीं हो पा रहा है। जिससे विद्यालय के अध्यामको एवं कर्मचारियों का दैनिक जीवन चलाना मुश्किल हो गया है। शिक्षेचत्तर सघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्मिथ इण्टर कालेज अजमतगढ़ के सचिव ने विद्यालय को लूट का केन्द्र बना दिया है। वह विद्यालय द्वारा अधिक से अधिक धन कमाना चाहत है जिसे संगठन कराई बर्दाश्त नहीं करेगा। आज धरना स्थल पर सुशील शुक्ला, सूर्यनाथ यादव, रामजन्म यादव, रजनीकान्त मिश्र, सौरभ सिंह, प्रकाश प्रजापति, गिधिलेश यादव, अतुल नाथ पाण्डेय, उमेश, येचू सरोज, राजेश यादव, बब्लू, राम, प्रमोद चौहान, अवधेश प्रताप सिंह, दिवाकर पटेल, सदानन्द यादव सहित आदि तपस्थित थे।

# शव रख चक्काजाम करने में 30 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कैन्ट थाना क्षेत्र में राजकुमार उर्फ अभय की मौत के बाद सड़क जाम कर हंगामा करने, चक्का जाम कर बवाल करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कैंट थाने की पुलिस ने पुलिस ने नामजद दो आरोपितों को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामले में दो नामजद और 30 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस सीसीटीवी, वीडियो, फोटो के आधार पर हंगामा करने वालों की पहचान कर रही है।ज्ञात हो कि कैंट थाना क्षेत्र के नेवादा राजापुर के रहने वाले राजकुमार 30 अप्रैल की शाम लापता हो गए थे। शुक्रवार सुबह उनकी लाश यमुना नदी में मिली थी। शनिवार सुबह इस मामले पर हंगामा हो गया था। सर्कुलर रोड पर घरवालों ने शव रख जाम लगा दिया था। सैकड़ों की भीड़ ने हंगामा कर बाइक फूंकने की कोशिश की थी। सड़क जाम कर हंगामा किया गया था। राजकुमार के घरवालों ने सौरभ कुशवाहा निवासी गंगानगर नेवादा, सौरभ के बड़े भाई, शान निवासी अंबेडकर नगर नेवादा समेत तीन अन्य अज्ञात पर हत्या करने का आरोप लगाया था। उनका आरोप था कि पिछले वर्ष राजकुमार पर जानलेवा हमला किया गया था। उसमें कई लोग नामजद हुए थे।

# नदी में डूबे दोनों छात्रों के शव मिले

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र के पटलेश्वर महादेव पटपर घाट पर नहाने गए दोनों छात्रों के शव गोताखोरों ने बरामद कर लिए। पहले शिखर का शव नदी से बरामद किया गया। बाद में हर्षित का शव भी गोताखोरों ने निकाल लिया। घटना के बाद एनडीआरएफ और गोताखोरों की टीम ने रात 10 बजे तक नदी में खोजबीन करती रही थी। कौंधियारा पुलिस और एसीपी भी मौके पर मौजूद रहे। पहले शिखर का शव नदी से निकाला गया। शव को देखते ही घाट पर मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन अपने बेटे का शव देखकर बिलख पड़े। पुलिस ने शिखर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुछ घंटे बाद ही हर्षित का शव भी मिल गया। शव देख घरवाले बिलख पड़े। प्रयागराज में पटलेश्वर महादेव पटपर घाट पर डूबने वाले दोनों नाबालिग छात्रों का शव सोमवार को गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम ने नदी से बरामद कर लिया। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसीपी कौंधियारा विवेक कुमार के मुताबिक रविवार को हर्षित पांडेय 17 पुत्र सुशील पांडेय, शिखर शुक्ला 16 वर्ष सुरेन्द्र शुक्ला बसमहुआ सहसों के रहने वाले थे। शिखर 11 वीं का छात्र था और हर्षित पांडेय 12 वीं में पढ़ता था। दोनों अपने अन्य दोस्तों दीपू सरोज, आर्यन गुप्ता, अंकित सिंह और ऋषभ के साथ रविवार को कौंधियारा थाना क्षेत्र के पटलेश्वर महादेव पटपर घाट पहुंचे थे। यहां छात्र नहाने लगे। इसी दौरान हर्षित पांडेय और शिखर शुक्ला गहरे पानी में चले गए। अन्य साथियों के मुताबिक शिखर शुक्ला और हर्षित पांडेय ने ड्रिंक के रखी थी। दोस्ती ने बताया कि डांडी में दोनों ने खरीदा था। इसके बाद वहां से घूमने के लिए निकले थे। जहां नहाते समय दोनों गहरे पानी में समा गए। दोनों को डूबते देख मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया था। जब तक लोग दौड़कर पहुंचे, तब तक दोनों डूब गए थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक छात्रों की तलाश में गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम ने रात भर नदी में तलाश की थी। देर शाम तक गोताखोर छात्रों की तलाश करते रहे। सुबह करीब नौ बजे दोनों का शव नदी से बाहर निकल गया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक छात्रों के घरवाले भी मौके पर मौजूद रहे।



पटलेश्वर महादेव घाट पर हादसा, नहाने गए थे दोनों छात्र

## संभल जामा मस्जिद मामले में एएसआई की रिपोर्ट दाखिल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को संभल की विवादित शाही जामा मस्जिद के मामले में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट में एएसआई ने अपना जवाबी हलफनामा दाखिल कर दिया। अब मस्जिद कमेटी इस पर अपना रिजॉइंडर एफिडेविट दाखिल करेगी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तारीख 13 मई तय कर दी। पिछली सुनवाई यानी 28 अप्रैल को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को 48 घंटे के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। ज्ञात हो कि संभल जामा मस्जिद के सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ एएसआई ने पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की थी। सोमवार को इसी पर बहस होगी। दीवानी अदालत संभल ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था। इसके खिलाफ मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने हाईकोर्ट में पुनरीक्षण अर्जी दाखिल की है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए सर्वेक्षण पर रोक लगा दी है। साथ ही सभी विपक्षियों से जवाब मांगा था। एएसआई ने अब तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। सोमवार को एएसआई के वकील ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने को फिर समय मांगा।


## कार्यालय जलकल विभाग नगर निगम फिरोजाबाद

पत्राँक : 837/जलकल/ई-निविदा सूचना/2025-26 दिनांक : 05/05/2025

### -: पुनः ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम फिरोजाबाद के जलकल विभाग द्वारा 15 वें वित्त आयोग (Tied Grant) के अन्तर्गत 02 कार्यो हेतु पंजीकृत/अपंजीकृत (सशर्त) अनुभवी फर्मो से ई-निविदा की अधिकृत बेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल के माध्यम से डबल बिड (तकनीकी एवं वित्तीय) में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदायें दिनांक 07.05.2025 से डाउनलोड किये जा सकेगी तथा दिनांक 12.05.2025 की अपरान्ह 2:00 बजे तक निविदायें उपरोक्त बेवसाइड पर अपलोड की जायेगी। तत्पश्चात् प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 12.05.2025 की सांय 4:00 बजे महाप्रबन्धक कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 07-05-2025 09:00 AM |
| 2. | ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 07-05-2025 09:00 AM |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 12-05-2025 02:00 PM |
| 4. | तकनीकी निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 12-05-2025 04:00 PM |

नोर्टः- शेष नियम व शर्ते ई-निविदा अधिकृत वेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेगी।

अधिशासी अभियन्ता/
प्र0 महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम फिरोजाबाद



## कार्यालय-खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठवल, सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 70-72/2024-25 दिनांक : 05/05/2025

### तृतीय नीलामी विज्ञप्ति

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक/समग्र शि0/नि0का0. /9975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड मिठवल के निम्नलिखित विद्यालयों की नीलामी की जानी है -

| क्रम सं. | नीलामी वाले विद्यालय का नाम | नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 मसिना खास का 01 ए0सी0आर0 | 50000 |
| 2 | कम्पो0 वि0 दानोकुइयां का मूल भवन (प्राथमिक) | 76000 |
| 3 | प्रा0वि0 सुमहा का मूल भवन | 89000 |
| 4 | कम्पो0 वि0 भरमा का 1 ए0सी0आर0, 2 किचेन | 32000 |
| 5 | प्रा0वि0 घुमची का मूल भवन | 102000 |
| 6 | पू0मा0वि0 छरहटा का मूल भवन (पुराना) | 100000 |
| 7 | प्रा0वि0 नदांव का मूल भवन | 77000 |
| 8 | कम्पो0 वि0 रमवापुर दूबे का मूल भवन व 1 ए0सी0आर0 | 108000 |
| 9 | कम्पो0 वि0 जीवा का मुख्य भवन व 3 ए0सी0आर0 | 142000 |
| 10 | प्रा0वि0 कम्हरिया खुर्द के 2 ए0सी0आर0 | 40000 |
| 11 | प्रा0वि0 इमिलिया का मूल भवन, किचेन, 1 ए0सी0आर0 | 94000 |
| 12 | प्रा0वि0 मिठवल का रोशनपुरा मॉडल मूल भवन, ए0सी0आर0 | 88000 |
| 13 | प्रा0वि0 गनवरिया का मूल भवन, 2 ए0सी0आर0 | 138000 |
| 14 | प्रा0वि0 बरगदवा चौबे का मूल भवन | 66000 |

उक्त नीलामी दिनांक 14 मई 2025 को दिन में 01 बजे ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल पर होगी। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत धनराशि नकद जमा करने के उपरान्त ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था के पक्ष में नीलामी की जायेगी जिसे 03 दिनों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिनों में मलबा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल पर चस्पा है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
मिठवल सिद्धार्थनगर

# रिजर्व बैंक इस साल ब्याज दर में कर सकता है बड़ी कटौती, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** एसबीआई की इस रिपोर्ट से साफ है कि देश में महंगाई काबू में है, जीडीपी ग्रोथ स्थिर है और रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बड़ी कटौती कर सकता है। इससे लोन सस्ते होंगे और आम आदमी की जेब पर बोझ थोड़ा कम हो सकता है। इसके साथ ही उद्योगों को भी कर्ज लेना आसान होगा, जिससे निवेश बढ़ेगा और रोजगार के मौके भी बन सकते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में ब्याज दरों में बड़ी कटौती कर सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, आरबीआई इस साल कुल मिलाकर 125 से 150 बेसिस प्वाइंट्स यानी 1.25% से 1.5% तक की कटौती कर सकता है। इसकी वजह है कि देश में महंगाई दर लगातार कम हो रही है और अब यह काबू में आ चुकी है। एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि रिजर्व बैंक को एक बार में बड़ा कदम उठाना चाहिए। इसके लिए 50 बेसिस प्वाइंट्स

**कटौती**

**भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में ब्याज दरों में बड़ी कटौती कर सकता है।**

(0.50%) की बड़ी कटौती ज्यादा असरदार होगी, बजाय इसके कि धीरे-धीरे 25 बेसिस प्वाइंट्स (0.25%) की छोटी-छोटी कटौतियां की जाएं।

मार्च 2025 में देश में खुदरा महंगाई दर यानी कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) महज 3.34% रही। यह पिछले 67 महीनों में सबसे कम है। खासकर खाने-पीने की चीजों की कीमतों में भारी गिरावट आई है, जिससे महंगाई थमी है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में महंगाई दर औसतन 4% से भी कम रह सकती है। और साल की




पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून 2025 में यह 3% से भी नीचे आ सकती है। यह स्थिति रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरें घटाने का अच्छा मौका देती है। जब महंगाई कम होती है तो कर्ज सस्ता करना आसान हो जाता है, जिससे अर्थव्यवस्था में रफ्तार आती है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि देश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की ग्रोथ दर वित्त वर्ष 2025-26 में 9% से 9.5% के बीच रह सकती है। जबकि सरकार ने बजट में 10% की ग्रोथ का अनुमान लगाया था। यह संकेत देता है कि देश में आर्थिक विकास की रफ्तार स्थिर है और महंगाई भी काबू में है यानी गोल्डीलॉक्स स्थिति है, जो दरों में कटौती के लिए सही समय मानी जाती है।

एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2026 तक रिजर्व बैंक कुल 125 से 150 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती कर सकता है। इसके मुताबिक, जून और अगस्त 2025 में 75 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती की जा सकती है। वहीं साल की दूसरी छमाही यानी अक्तूबर 2025 से मार्च 2026 के बीच 50 बेसिस प्वाइंट्स की और कटौती संभव है। जबकि फरवरी 2025 में रिजर्व बैंक पहले ही 25 बेसिस प्वाइंट्स की कटौती कर चुका है। अगर यह सब होता है, तो मार्च 2026 तक रेपो रेट करीब 5% से 5.25% के बीच आ जाएगा। एसबीआई का कहना है कि 50 बेसिस प्वाइंट्स की एकमुश्त कटौती ज्यादा असरदार होगी। इससे बाजार में भरोसा बढ़ेगा और कर्ज लेना सस्ता होगा। इससे आम आदमी को भी फायदा मिलेगा और उद्योगों को भी। छोटे-छोटे 25 प्वाइंट्स की कटौतियों में असर थोड़ा देर से दिखता है। इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया इस साल 85 से 87 के दायरे में स्थिर रहेगा। इसका मतलब है कि विदेशी मुद्रा बाजार में भी ज्यादा उतार-चढ़ाव की उम्मीद नहीं है।

## शेयर बाजार हरे निशान पर हुआ बंद, सेंसेक्स 294 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी इस साल के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। विदेशी कोषों का निवेश जारी रहने और कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आने के बीच सोमवार को सेंसेक्स में 295 अंक और निफ्टी में 114 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 294.85 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 80,796.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.04 अंक बढ़कर 81,049.03 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 114.45 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 24,461.15 अंक पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 259.75 अंक बढ़कर 80,501.99 अंक पर और एनएसई निफ्टी 12.50 की मामूली बढ़त के साथ 24,346.70 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स की कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स के शेयर में सर्वाधिक 6.29 प्रतिशत की तेजी देखी गई। यह तेजी रिश्वतखोरी की जांच में आपराधिक आरोपों को खारिज करने की मांग करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों से गौतम अदाणी के प्रतिनिधियों के मिलने की खबरों के बीच आई। अदाणी समूह की अन्य सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

## बैगलाइन ने उत्तर प्रदेश मे किया अपना का विस्तार



**लखनऊ।** ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड, ने पूरे भारत में अपना 47वां और लखनऊ के हजरतगंज में अपना चौथा बैगलाइन स्टोर भव्य रूप से लॉन्च किया है। यह नया स्टोर लखनऊ में कंपनी के विस्तार की रणनीति का हिस्सा है और यह दर्शाता है कि बैगलाइन अपने ग्राहकों को लग्ज़री और स्टाइल का बेहतरीन अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस स्टोर में टॉमी हिलफिगर ट्रैवल गियर, यूनाइटेड कलर्स ऑफ बेनेटन (यूसीबी) और एरोपोस्टल जैसे प्रसिद्ध ब्रांडों के शानदार कलेक्शन उपलब्ध हैं।स्टोर को आधुनिक और आकर्षक तरीके से डिज़ाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को एक शानदार शॉपिंग अनुभव मिल सके। चाहे आपको अपने लुक को निखारने के लिए स्टाइलिश हैंडबैग चाहिए हो, यात्रा के लिए मज़बूत बैकपैक, रोज़मर्रा के सामान के लिए प्रैक्टिकल टोट बैग, या ऑफिस के लिए सोफिस्टिकेटेड ब्रीफकेस–यहां सबकुछ मौजूद है। हर प्रोडक्ट में स्टाइल और कंफर्ट का शानदार मेल है।इस स्टोर का उद्घाटन 4 मई, 2025 को हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष - फिक्की एफएलओ और चेतन्य मालटेरे, हेड ऑफ रिटेल ऑपरेशंस, ब्रांड कॉन्सेप्ट्स शामिल हुए।इस मौके पर चेतन्य मालटेरे, हेड ऑफ रिटेल ऑपरेशंस, ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड ने कहा, हमें लखनऊ में अपना चौथा और भारत का 47वां बैगलाइन स्टोर खोलने की खुशी है।

## फोनपे ने पेश किया अपना मेड इन इंडिया स्मार्टस्पीकर

**लखनऊ।** फोनपे ने आज अपने नेक्स्ट जेन स्मार्टस्पीकर को लॉन्च करने की घोषणा की, जो मर्चेंट्स की बढ़ती व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया एक नेक्स्ट जेन वर्शन है। लेटेस्ट अपग्रेड में अपने पिछले वर्शन के लोकप्रिय फीचर को बरकरार रखते हुए महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। लॉन्च पर बोलते हुए, फोनपे में मर्चेंट बिजनेस के चीफ बिज़नेस अफसर, युवराज सिंह शेखावत ने कहा, कि हम अपने भारत में बने नेक्स्ट जेन स्मार्टस्पीकर्स को पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो हैं। इन डिवाइस का स्वदेशी रूप से निर्माण हमारे मर्चेंट की विशिष्ट फीचर और प्राथमिकताओं के लिए प्रोडक्ट को अपनाने में अधिक लचीलापन देता है। इन स्मार्टस्पीकर्स के साथ, हम न केवल देश भर में मर्चेंट्स के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रहे हैं, विशेष रूप से इससे अछूते रहने वाले क्षेत्रों में,, बल्कि स्वदेशी नई पद्धति को भी बढ़ावा दे रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय निर्माता देश के डिजिटल परिवर्तन में अभिन्न भागीदार बनें। यह लेटेस्ट वर्शन लगभग 75 मिनट में पूरी तरह से चार्ज हो जाता है। डिवाइस की बैटरी लाइफ भी काफी ज़्यादा है, जो सात दिनों से ज़्यादा की स्टैंडबाय समय देती है। इसके अलावा, यह डिवाइस अत्यधिक शोर वाले वातावरण में भी साफ़ और स्पष्ट ऑडियो क्वालिटी प्रदान करता है, जबकि इसका कॉम्पैक्ट डिज़ाइन मर्चेंट्स को इसे सबसे व्यस्त और सीमित काउंटर स्पेस में भी आसानी से उपयोग करने की सुविधा देता है।

## वित्त मंत्री सीतारमण की एडीबी प्रमुख मसातो कांडा के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** इटली के मिलान में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एडीबी प्रमुख मसातो कांडा से मुलाकात की और भारत को नवाचारपूर्ण वित्तीय मॉडलों के लिए उपयुक्त बताया और निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले आर्थिक विकास पर जोर दिया। उन्होंने भारत में व्यापारिक माहौल सुधारने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार इटली के मिलान में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मासातो कांडा से मुलाकात की। यह मुलाकात एडीबी की 58वीं वार्षिक बैठक के दौरान हुई। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त मंत्री सीतारमण ने इस बात को दोहराया कि भारत निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले आर्थिक विकास पर फोकस कर रहा है और अधिक से अधिक व्यापार करने में आसानी के लिए लगातार दिवालिया कानून (आईबीसी), कॉर्पोरेट कर की दर में कमी और जीएसटी क्रियान्वयन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय ढांचागत पाइपलाइन (एनआईपी), गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान और स्टार्ट अप इंडिया जैसी पहलों के जरिए अनुकूल नीति और पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है। सीतारमण ने इस बात पर जोर देकर कहा कि भारत एडीबी के लिए नए और नवाचारपूर्ण वित्तीय उत्पादों व मॉडल को अपनाने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है। (एडीबी प्रमुख) कांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के तहत भारत की विकास प्राथमिकताओं को लेकर एडीबी के पूर्ण समर्थन की बात कही।

## ऋतिक-राकेश रोशन पहली बार एक साथ पर्दे पर, मोबिल 1 के साथ दिखाया अनफॉरगेटेबल जर्नीज़ का जज़्बा

**नई दिल्ली।** एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो भारत में मोबिल® ब्रांड के लुब्रिकेंट्स बेचती है, ने आज अपने 'अनफॉरगेटेबल जर्नीज़' कैंपेन की नई विज्ञापन फिल्म लॉन्च की। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे और इसमें दुनिया के अग्रणी सिंथेटिक इंजन ऑयल ब्रांड मोबिल 1™ को प्रमुखता से दिखाया गया है। यह विज्ञापन ऋतिक के जुनून, भारत जैसे देश के सपने देखने वाले और मेहनती लोगों की सोच, और मोबिल 1™ के शानदार प्रदर्शन को एक साथ जोड़ता है। ये तीनों बातें एक समान भावना से जुड़ी हैं, कुछ अलग और बेहतर करने की लगातार चाह।

इस नई फिल्म की खास बात यह है कि इसमें पहली बार ऋतिक रोशन अपने पिता, मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन के साथ स्क्रीन पर दिखाई दे रहे हैं। ऋतिक की पहली सुपरहिट फिल्म 'कहो ना प्यार है' को 25 साल पूरे हो गए हैं। यह कैंपेन उनके कभी न रुकने वाले जोश और यादगार परफॉर्मेंस की तलाश को सलाम करता है।

ऋतिक की यह यात्रा भारत जैसे देश की भी कहानी है, जहां सपने देखने वाले हर चुनौती का सामना करते हैं और मेहनती लोग अपने सपनों को साकार करते हैं। यह उस भारत की भावना को दर्शाता है जो हमेशा आगे बढ़ता है, जहां हर नई पीढ़ी एक बेहतर कल का सपना देखती है और उसे सच करने के लिए जी-जान से मेहनत करती है।

मोबिल 1™ भी इसी भावना को साझा करता है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो इंजन ऑयल की दुनिया को लगातार नई दिशा देता है। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस यह ब्रांड समय के साथ आगे बढ़ता है और ऐसे हाई परफॉर्मेंस इंजन ऑयल तैयार करता है जो आपके इंजन को लंबे समय तक नया बनाए रखते हैं। चार्लीन परेरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, मोबिल 1 ने दशकों से सबसे कठिन परिस्थितियों में अपनी काबिलियत साबित की है, चाहे वह लैब हो, सड़कें हों या रेसिंग ट्रैक। लंबे माइलेज के बाद भी इससे जुड़े इंजन बेहतरीन हालत में रहते हैं। मोबिल 1ड का वादा है कि हम ग्राहकों को सबसे नई तकनीक और बेहतरीन प्रदर्शन वाला इंजन ऑयल देंगे, जो आपके इंजन को नए जैसा बनाए रखे, ताकि आप भारत की सड़कों पर निश्चिंत होकर घूम सकें और जिंदगी का हर पल खुलकर जी सकें।

अभिनेता ऋतिक रोशन, जो 2023 में मोबिल के ब्रांड एम्बेसडर बने थे, ने 'अनफॉरगेटेबल जर्नीज़' कैंपेन के अगले अध्याय को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, मोबिल 1 के साथ मेरा जुड़ाव हमेशा बहुत सहज और प्रेरणादायक रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो परफॉर्मेंस और इनोवेशन के लिए जाना जाता है-और यही बातें भरोसा जगाती हैं। अनफॉरगेटेबल जर्नीज़ कैंपेन मेरे उस विश्वास को दर्शाता है कि जिंदगी सिर्फ मंजिल तक पहुँचने की बात नहीं है, बल्कि उन पलों की बात है जो एक यादगार सफर बनाते हैं। इस कैंपेन ने मुझे खुद एक बेहद खास अनुभव दिया है पहली बार अपने पिता के साथ स्क्रीन शेयर करने का मौका।

भारतीय फिल्म निर्माता और निर्देशक राकेश रोशन ने कहा, अपने बेटे ऋतिक के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बेहद खास है।

## सैमसंग के फैब ग्रैब फेस्ट के साथ गर्मी को मात दें गैजेट्स और उपकरणों पर भारी छूट!




**गुरुग्राम।** भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग एक बार फिर अपनी ब्लॉकबस्टर सेल- फैब ग्रैब फेस्ट के साथ गर्मी को मात देने के लिए तैयार है। 1 मई से शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित सेल में सैमसंग के आधुनिक उपादों की व्यापक रेंज पर शानदार, सीमित समय के लिए डील्स मिलेंगी। ये डील्स विशेष रूप से Samsung.com, सैमसंग शॉप ऐप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध हैं। शानदार स्मार्टफोन और लैपटॉप डील्स सेल की शुरुआत के साथ, ग्राहक सैमसंग गैलेक्सी S, गैलेक्सी, और गैलेक्सी A सीरीज़ के चुनिंदा स्मार्टफोन मॉडलों पर 41% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। चाहे लेटेस्ट फोल्डेबल हों या पावरफुल कैमरा वाले मॉडल, हर टेक प्रेमी के लिए इस सेल में कुछ न कुछ जरूर मिलेगा। इसके अलावा, चुनिंदा गैलेक्सी टैबलेट, एक्सेसरीज़ और वियरेबल्स पर 50% तक की छूट उपलब्ध होगी, जो आपके गैलेक्सी इकोसिस्टम को पूरा करने का सही समय है। इतना ही नहीं, टैबलेट जैसा शानदार और वर्सेटाइल अनुभव चाहने वाले यूजर्स गैलेक्सी बुक5 और बुक4 लैपटॉप के चुनिंदा मॉडलों पर 35% तक की छूट के साथ गैलेक्सी एआई के माध्यम से अपने वर्कफ्लो को बेहतर बना सकते हैं। नई गैलेक्सी टैब S10FE सीरीज़ खरीदने वाले ग्राहकों को 2999 रुपये की कीमत का 45W चार्जर (बिना केबल) मुफ्त मिलेगा। इस एडिशन में सैमसंग के प्रमुख टीवी पर भी शानदार डील्स मिलेंगे। ग्राहक नियो-क्यूएलईडी 8K, नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी, द फ्रेम, और क्रिस्टल 4K यूएचडी सीरीज़ के लोकप्रिय मॉडलों पर 48% तक की छूट की उम्मीद कर सकते हैं। जो लोग अपनी दीवारों को कला और टेक्नोलॉजी का संगम बनाना चाहते हैं, वे द फ्रेम टीवी चुन सकते हैं। सैमसंग का फ्रेम टीवी बंद होने पर एक कला कृति में बदल जाता है, और अब 11000 रुपये तक की तत्काल कार्ट छूट के साथ, प्रीमियम डिज़ाइन और सिनेमाई अनुभव पहले का आनंद उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, चुनिंदा टीवी की खरीद पर ग्राहक 5000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस भी प्राप्त कर सकते हैं।

## 'कुल' की शूटिंग अमोल पाराशर के लिए किसी शुगर रश पर बॉलीवुड स्टंट सीन से कम नहीं थीः निम्रत कौर



टूटे हुए रिश्ते, बिखरा हुआ एक शाही परिवार और गहरे छुपे राज़ - जियोहॉटस्टार और बालाजी डिजिटल की नई थ्रिलर सीरीज़ 'कुल' में यह सब बेहद दिलचस्प अंदाज़ में पेश किया गया है। आज जारी हुए इसके टीज़र में रायसिंह परिवार की रहस्यमयी और खतरनाक दुनिया की झलक दिखाई गई। इस सीरीज़ का प्रीमियर 2 मई 2025 को होगा और निश्चित रूप से दर्शकों को हत्या, यादों और रहस्यों से भरी एक खौफनाक कहानी में बांध कर रखेगी। 'कुल' एक ऐसे शाही परिवार के भीतर के रिश्तों, प्यार और बदले की जटिलताओं को उजागर करती है, जहां झूठ और दर्द के बीच सच्चाई की तलाश एक रोमांचक रहस्य बन के रह जाती है। निम्रत कौर, अमोल पाराशर, ऋद्धि डोगरा, गौरव अरोड़ा, रोहित तिवारी और राहुल वोहरा जैसे शानदार कलाकारों से सजी यह दमदार सीरीज़ निश्चित रूप से दर्शकों को बांधे रखेगी। इसे एकता आर. कपूर और शोभा कपूर ने बनाया है। इसके निर्देशक साहिर रज़ा हैं और निर्माण बालाजी डिजिटल ने किया है। भले ही स्क्रीन पर कहानी जबरदस्त ड्रामे और रोमांच से भरी हो, लेकिन पर्दे के पीछे का माहौल कुछ और ही था - मस्ती, दोस्ती और खूब सारी शरारतें। जियोहॉटस्टार की आने वाली सीरीज़ कुल की शूटिंग के दौरान का अनुभव साझा करते हुए निम्रत कौर ने अपने को-स्टार और रियल लाइफ भाई जैसे दोस्त अमोल पाराशर से जुड़ी कुछ मज़ेदार घटनाओं को याद किया। इस बारे में बताते हुए निम्रत कौर ने कहा, ''अमोल तो जैसे चोट खाने में माहिर थे! मुझे दो सीन खासतौर पर याद हैं - एक बार ऋद्धि के किरदार को उन्हें धक्का देना था और अमोल एक टेबल पर गिरते हैं, जो सीन का हिस्सा था। लेकिन फिर वो सच में उस टेबल के काँच से टकराकर गिर पड़े!

## सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की ओपन सेल्स 5 मई से शुरू

**नई दिल्ली।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग के सब-ब्रांड सीएमएफ ने आज फ़्लिपकार्ट, फ़्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो के ओपन सेल की घोषणा की है, जो 5 मई दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। पहले दिन एक स्पेशल इंट्रोडक्टरी ऑफ़र के रूप में, फ़ोन 2 प्रो कम से कम 16,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) में उपलब्ध होगा।अपने सेगमेंट में सबसे बेहतरीन थ्री-कैमरा सिस्टम, शानदार ब्राइट डिस्प्ले और प्रीमियम डिज़ाइन के साथ सीएमएफ बाय नथिंग ने 28 अप्रैल, 2025 को फ़ोन 2 प्रो को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया। सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो एक बेहतरीन डेली स्मार्टफ़ोन है।

नथिंग द्वारा डिज़ाइन किया गया अब तक का सबसे पतला और हल्का स्मार्टफ़ोन। 7.8 मिलीमीटर की मोटाई और मात्र 185 ग्राम वज़न के साथ, सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो लगभग भारहीन है - सीएमएफ फ़ोन 1 से 5ऽ पतला। सीएमएफ फ़ोन 2




प्रो व्हाइट, ब्लैक, ऑरेंजी और लाइट ग्रीन रंग में उपलब्ध होगा, 8+128 जीबी - 17,999 रुपये (बैंक या एक्सचेंज ऑफ़र सहित), 8+256 जीबी - 19,999 रुपये (बैंक या एक्सचेंज ऑफ़र सहित) 5 मई को एक विशेष इंट्रोडक्टरी ऑफ़र के रूप में, सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो 8+128 जीबी वेरिएंट के लिए 16,999 रुपये और 8+256 जीबी वेरिएंट के लिए 18,999 रुपये (सभी ऑफ़र सहित) में उपलब्ध होगा।

पहले दिन का एक्सचेंज ऑफ़र सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो पर 1,000 रुपये का एक्सचेंज बोनस और 1,000 रुपये का बैंक ऑफ़र (सभी प्रमुख बैंकों पर लागू) एक साथ उपलब्ध होंगे।

सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की बिक्री 5 मई, 2025 से फ़्लिपकार्ट, फ़्लिपकार्ट मिनट्स, विजय सेल्स, क्रोमा और सभी प्रमुख रिटेल स्टोर पर शुरू होगी।सीएमएफ फ़ोन 2 प्रो की एक्सेसरीज़ जल्द ही भारत में लॉन्च की जाएँगी।

## अवीवा लाइफ इंश्योरेंस लगातार सातवें साल बना 'इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड प्राइवेट लाइफ इंश्योरर'

अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने एक बार फिर प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया **नई दिल्ली।** भरोसे की विरासत को कायम रखते हुए अवीवा लाइफ इंश्योरेंस लगातार सातवें साल टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2025 में 'इंडियाज मोस्ट ट्रस्टेड प्राइवेट लाइफ इंश्योरर' बनकर सामने आया है। प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी लीडरशिप को और मजबूती देते हुए अवीवा इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 में 100ऽ क्लेम 30 दिन के भीतर सेटल किए, जो बेस्ट क्लेम सेटलमेंट टर्नअराउंड टाइम में से है। अवीवा लाइफ इंश्योरेंस के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर श्री विनीत कपाही ने आभार जताते हुए कहा, 'अवीवा में हम केवल पारंपरिक बीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हम जीवन बीमा को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं जहां जहां हमारा ध्यान रोकथाम, स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर है। अपने ग्राहकों को प्रोएक्टिव सॉल्यूशंस, वेलनेस रिसोर्स और पर्सनलाइज्ड गाइडेंस के माध्यम से सशक्त करते हुए हम उन्हें ज्यादा स्वस्थ एवं प्रसन्न जीवन जीने में मदद करना चाहते हैं। लगातार सातवें साल भारत के सबसे भरोसेमंद प्राइवेट लाइफ इंश्योरेंस ब्रांड के रूप में चुना जाना इस बात की पुष्टि करता है कि हमारे प्रयास वास्तव में ग्राहकों की जरूरतों व अपेक्षाओं के अनुरूप हैं।' अवीवा लाइफ इंश्योरेंस गारंटीड सेविंग्स प्लान, टर्म प्लान, इन्वेस्टमेंट सॉल्यूशंस एवं रिटायरमेंट प्लान समेत लाइफ इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स के व्यापक पोर्टफोलियो के साथ लगातार भरोसे की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। कंपनी ने हाल ही में अवीवा सिग्नेचर 3डी टर्म प्लान-प्लेटिनम लॉन्च किया है, जो एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग प्योर रिस्क लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। इसे व्यापक वित्तीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस प्लान से न केवल प्रोटेक्शन सुनिश्चित किया जाता है, बल्कि इसमें एक प्रिवेंटिव वेलनेस पैकेज भी है। इससे पॉलिसीधारकों के लिए अपने परिवार का वित्तीय भविष्य सुनिश्चित करने के साथ-साथ अपनी वेल-बीइंग को मैंटेन करना भी संभव होता है।

## क्या अब बदलनी होगी डायबिटीज़ की परिभाषा? वैज्ञानिक डॉ. एस. कुमार के शोध पर आधारित प्रेस वार्ता में डॉ. वरुण का बड़ा खुलासा

**लखनऊ।** डायबिटीज़ को लेकर चिकित्सा क्षेत्र की पारंपरिक सोच को चुनौती देने वाला अहम बयान सामने आया। एप्रोप्रिएट डाइट थेरेपी सेंटर के बैनर तले आयोजित इस संवाद में डायबिटीज़ मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी गई, जिसे भारत गौरव सम्मान प्राप्त वैज्ञानिक डॉ. एस. कुमार ने आरंभ किया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. वरुण ने अपने संबोधन में डायबिटीज़ को लाइलाज रोग मानने की धारणा को खारिज करते हुए कहा, डायबिटीज़ कोई बीमारी नहीं, बल्कि एक जीवनशैली जनित शुगर यूटिलाइज़ेशन डिसऑर्डर है, जिसे बिना दवा और बिना इंसुलिन के, सिर्फ सटीक जांच और उचित खानपान द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है।

डायबिटीज़ की खोज से लेकर आज तक एक वैज्ञानिक यात्राः

डॉ. वरुण ने डायबिटीज़ के विकास क्रम को रेखांकित करते हुए बताया:

1. 1921 में सर फ्रेडरिक बैंटिंग और चार्ल्स बेस्ट ने इंसुलिन की खोज की।



2. 1936 में हेराल्ड हिंसवर्थ ने डायबिटीज़ को टाइप-1 (इंसुलिन न बनने वाली) और टाइप-2 (इंसुलिन बनने के बावजूद उपयोग न हो पाने वाली) में वर्गीकृत किया।

3. 1970 में जेफरी फ्लायर और हेरोल्ड ओलेफस्की ने इंसुलिन रेसिस्टेंस के पीछे सेल्युलर रिसेप्टर डिफेक्ट को प्रमुख कारण बताया।

डॉ. एस. कुमार ने इन सभी शोधों का गहन अध्ययन कर यह चौंकाने वाला निष्कर्ष निकाला 90% मरीज ऐसे हैं जिन्हें डायबिटीज़ का गलत डायग्नोसिस केवल बढ़े हुए शुगर लेवल के आधार पर कर दिया जाता है, जबकि उनके शरीर में इंसुलिन की मात्रा सामान्य होती है।

डॉ. एस. कुमार के अनुसार अधिकांश मरीजों में ब्लड शुगर बढ़ने का कारण इंसुलिन का न बनना नहीं, बल्कि रक्त में उपस्थित शर्करा का उपयोग न हो पाना है। यही कारण है कि सन् 1921 से पहले Hypoinsulinemia (यानी इंसुलिन की कमी) का युग था, किन्तु आज के इस रसोईघर में छिपा असली अपराधीः कुकिंग ऑयल डॉ. कुमार ने अपने शोध में यह स्पष्ट किया कि रसोईघर में उपयोग होने वाला बीजों से निकला रिफाइंड तेल (जैसे सोयाबीन, सूरजमुखी आदि) सबसे बड़ा दोषी है जो रिसेप्टर्स को नुकसान पहुँचाता है और इंसुलिन रेसिस्टेंस का प्रमुख कारण बनता है। रसोई में उपयोग किए जाने वाले बीजों से बने तेल (ऋद्धद्धद्धद्धह्र ह्वद्बद्य) जब गर्म किए जाते हैं तो उनसे धुआं निकलता है, जो ट्रांस फैटी एसिड्स,तथ्ड्स, और 30 से अधिक हानिकारक रसायनों को जन्म देता है। ये पदार्थः

इंसुलिन रिसेप्टर्स को नष्ट कर देते हैं


कोशिकाओं में शुगर के प्रवेश को रोकते हैं

इंसुलिन रेसिस्टेंस उत्पन्न करते हैं

पैंक्रियाज़ के बीटा सेल्स को क्षतिग्रस्त करते हैं

डायबिटीज़ की शुरुआत रसोईघर से होती है इसका समाधान भी वहीं से होना चाहिए। डॉ. वरुण

## देवू ने मंगाली इंडस्ट्रीज के साथ साझेदारी में भारतीय बाजार में लुब्रिकेंट्स की रेंज लॉन्च की




**नई दिल्ली।** वैश्विक इंजीनियरिंग ब्रांड देवू ने मंगलवार को भारत में ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में प्रवेश करते हुए अपनी प्रीमियम श्रेणी के उत्पाद लॉन्च किए। यह लॉन्च मंगाली इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रणनीतिक लाइसेंसिंग साझेदारी के तहत किया गया है। नई दिल्ली स्थित होटल ली मेरिडियन में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी ने टू-व्हीलर, पैसेंजर कार, वाणिज्यिक और कृषि वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले लुब्रिकेंट्स की रेंज पेश की। इस अवसर पर ऑटोमोबाइल और लुब्रिकेंट उद्योग से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। देवू लुब्रिकेंट्स के निदेशक (रणनीति एवं विकास) विनीत सिंह ने कहा कि कंपनी नवाचार, भरोसे और प्रदर्शन की प्रतीक रही है। उन्होंने कहा, ''मंगाली इंडस्ट्रीज के साथ यह गठबंधन भारत जैसे गतिशील बाजार के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का संकेत है।'' इस अवसर पर कोरियाई कंपनी पोस्को के उपमहाप्रबंधक सांग-ह्वान ओह ने भी उपस्थित होकर देवू के गुणवत्ता मानकों और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों पर खरे उतरते हैं और स्थानीय मांग के अनुसार तैयार किए गए हैं। कंपनी का कहना है कि उसका उद्देश्य भारतीय बाजार में उच्च प्रदर्शन वाले, भरोसेमंद और पर्यावरण के अनुकूल लुब्रिकेंट्स उपलब्ध कराना है।

# महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए युवक की हत्या

अवधनामा ब्यूरो



## शनिवार को ही प्रदेश से कमाकर घर लौटा था मुन्ना

मृतक के भाई के अनुसार मुन्ना शनिवार को ही प्रदेश से कमाकर लौटा था। सीमा नामक महिला, जो तीन बच्चों की मां है, पहले से ही मुन्ना से प्रेम संबंध में थी। महिला ने कथित तौर पर मुन्ना से शादी के नाम पर 20 हजार रुपए की मांग की थी, जिसे वह पूरी नहीं कर पाया। रविवार की शाम महिला ने अपने पति की मदद से मुन्ना को बुलाया और फिर बगीचे में ले जाकर डंडों से हमला किया। बाद में यह झूठी सूचना दी गई कि मुन्ना शराब के नशे में बेहोश पड़ा है।

- रिश्तेदारी में शादीशुदा महिला से था अवैध संबंध, पति ने देख लिया
- चचेरे जीजा के बहनोई, बहन समेत सात लोगों पर हत्या का मुकदमा

**कुशीनगर।** रवींद्रनगर धुस थाना क्षेत्र में एक घरेलू कार्यक्रम के दौरान जुटे रिश्तेदारों बीच विवाद हो गया। नाराज घरवालों ने युवक की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक को घर की एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद स्थिति बिगड़ गई। घरवालों की पिटाई से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटखौली निवासी मुन्ना पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। यह वारदात रात करीब 11 बजे गणेशीपटी मार्ग के पास एक बगीचे में हुई।

जानकारी के अनुसार चचेरे जीजा की शादीशुदा बहन के साथ साले मुन्ना को रविवार की रात घर वाले खेत में आपत्तिजनक हालत में देख लिया। नाराज घर वालों ने 27 वर्षीय मुन्ना की लाठी से पीटकर घायल कर दिया। थोड़ी देर बाद युवक की मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी नथुनी उर्फ चइती पुत्र नन्दलाल प्रसाद निवासी बलूचहां थाना कोतवाली पडरौना मौके से फरार हो गए। हत्या की खबर मिलते ही दोनों गांव के लोगों भीड़ जुट गई। देर रात को पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस इस मामले में साले के भाई की तहरीर पर जीजा के बहनोई, बहन समेत सात लोगों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। एहतिहात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

अभिषेक कुमार अजेय, सीओ सदर पडरौना ने कहा मुन्ना का संबंध रिश्तेदारी की एक महिला से था। आरोपी नथुनी ने पत्नी को मुन्ना के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखकर गुस्से में आकर डंडे से वार कर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने मुख्य आरोपी नथुनी उर्फ चड़ती और उसकी पत्नी सीमा को हिरासत में ले लिया है।

# शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद को लेकर मारपीट, दो मरे



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** शादी समारोह के दौरान मामूली विवाद को लेकर मारपीट हो गई थी। घटना में दो युवकों को गंभीर चोटे आई थी। इलाज के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक मौसेरे भाई थे। विवाद शादी समारोह के दौरान तंदूर पर रोटी लेने को लेकर शुरू हुआ। इसके बाद समारोह से लौटते समय आरोपियों ने दोनों भाइयों को बीच रास्ते घेरकर पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मारपीट के दौरान दो अन्य युवक भी घायल हुए हैं। घटना जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर गौरीगंज थाना क्षेत्र के सराय हृदयशाह गांव में शनिवार रात की है। पुलिस ने एक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 8 नामजद और 5 अज्ञात समेत 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एएसपी हरेंद्र कुमार ने बताया- नामजद में से 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक अभी पढ़ाई कर रहे थे। गौरीगंज थाना क्षेत्र के राजगढ़ अंतर्गत पूरे लोधन गांव निवासी शिव बहादुर ने बताया- वे दिल्ली में प्राइवेट जॉब करते हैं। शनिवार रात करीब 10 बजे बेटा आशीष (17) और साढ़े शिवरतन का बेटा रवि उर्फ कल्लू (18) एक शादी में शामिल होने के लिए सराय मौसी के घर हृदयशाह के सरैया मजरे में गया था। समारोह में रात 10.30 बजे खाना खाने के दौरान तंदूर पर रोटी लेने के लिए दोनों का गांव के ही रहने वाले दूल्हे के चचेरे भाई रोहित और उसके दोस्तों दीपक, संदीप, शिवा, मलिक और 5 अज्ञात लोगों से विवाद हो गया।

## अज्ञात कारण से लगी आग, दो भैंस, तीन बकरियां मरी

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सुकरौली अंतर्गत वार्ड नं.12 शास्त्री नगर बढ़या बुजुर्ग में रविवार की रात अज्ञात कारणों से लगी आग में दो भैंस और तीन बकरियां झुलसकर दम घुटने से मर गईं। बताया जाता है कि वार्ड निवासी निर्मला देवी पत्नी विशुन पटेल अपने पति की मृत्यु के बाद परिवार के भरण-पोषण हेतु भैंस और बकरी पालन कर रहीं थीं। रविवार की रात लगभग आठ बजे उन्होंने घारी में दोनों भैंसों और तीनों बकरियों को बांधकर दरवाजा बंद कर दिया था। परिवार के साथ भोजन कर छत पर सोने चली गईं। भोर में लगभग तीन बजे जब वह नीचे आईं तो घारी से धुआं निकलता देख शोर मचाया। स्वजन जब दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो देखा कि सभी पशु मृत पड़े थे। सूचना पर वार्ड के सभासद अर्जुन पटेल मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी राजस्व निरीक्षक एवं पशु चिकित्साधिकारी को दी। दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किए। पशुपालक निर्मला देवी ने बताया कि इस घटना में उन्हें लगभग दो लाख रुपए की क्षति हुई है। मृत पशुओं में एक भैंस और एक बकरी गर्भवती थीं।

## जिले में प्रभारी मंत्री का दौरा कल

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह कल सात मई को जिले में आएंगे। वे इस दिन प्रशासनिक समीक्षा बैठक, निरीक्षण के साथ अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सात मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे कस्तूरबा गांधी विद्यालय हाटा, का निरीक्षण कर 12:45 बजे अग्निशमन केंद्र हाटा, दोपहर एक बजे से तीन बजे तक हाटा में वक्फ संशोधन के संबंध में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**जामो अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली अंतंगत देवनगर चौराहे के पास उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक दलित युवक का शव पेड़ से लटका मिला। सोमवार की सुबह ग्राम जगेसरगंज निवासी गया प्रसाद सरोज पुत्र मातादीन का शव देवनगर चौराहे के पास पेड़ से लटकता पाया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है। सूचना पर जगदीशपुर व जामों पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों का आरोप है कि बिना फॉरेंसिक टीम बुलाए ही शव को उतार लिया गया, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। परिजनों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई है। मौके पर जुटी भीड़ को देखते हुए एहतियातन कई थानों की फोर्स मौके पर तैनात की गई है।

## आसमान में छाए बादल, छिटपुट हुई बूंदाबांदी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पिछले एक सप्ताह से मौसम का रंग लगातार बदल रहा है। कभी आसमान में बादल तो कभी तेज धूप देखने को मिल रही है। किसान रबी की फसल को पूरी तरह निपटा चुके हैं। इस समय कंबाइन मशीन से गेहूं की फसल काटने वाले किसान मशीन से भूसा बनाने में जुटे हुए हैं। सोमवार को आसमान में कई बार बादल दिखाई दिए। दोपहर के समय छिट-पुट बूंदाबांदी भी हुई। मौसम का रंग बदलने से गर्मी से लोगों को राहत मिली हुई है। पिछले एक सप्ताह पहले तापमान में भारी बढ़ोतरी ही हुई थी। इस समय तापमान गिरावट हुई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया है आर्द्रता 38 प्रतिशत रही। हवाएं 16 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चली।

# शुरू हुआ अम्बेडकर पार्क के सौंदर्यीकरण का अवशेष काम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर में संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर प्रतिमा स्थल के सौन्दर्यीकरण का अवशेष काम रविवार को शुरू हुआ। 14अप्रैल के बाद ठेकेदार काम बंद करके चला गया था। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर छतरी का निर्माण कराया था। पार्क की खराब स्थिति में सुधार के लिए उन्होंने अप्रैल के प्रथम सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू कराया था। सौन्दर्यीकरण के काम पर जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से 11लाख रुपए का बजट खर्च करने की घोषणा की गई है। 14अप्रैल को अम्बेडकर जयंती समारोह के बाद ठेकेदार काम बंद करके चला गया था। अम्बेडकर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के निर्देश पर कार्यदाई संस्था के ठेकेदार ने शनिवार से काम शुरू कर दिया है। नगर पंचायत के ईओ अभिनव यादव की ओर से सौंदर्यीकरण के सम्बन्ध में छः महीने पहले प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होंने कोई काम शुरू नहीं कराया। अम्बेडकर सेवा समिति की ओर से इसकी जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष को दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा है कि बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा और पार्क के सौन्दर्यीकरण में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी।

# नगर निकायों में संचालित योजनाओं व निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



- नगरों को साफ सफाई एवं कूड़ा प्रबंध की व्यवस्था तत्काल कराने का दिया निर्देश

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम नगर में लगे अवैध होर्डिंग, यूनीपोल, हाउसहोल्ड प्रॉपर्टी टैक्स, पार्किंग, एडवरटाइजमेंट के माध्यम से प्राप्त राजस्व के बारे में सभी नगर निकायों के ईओ से पूछताछ की गई। तत्पश्चात उन्होंने नगर निकायों से उत्पन्न होने वाले कूड़े एवं उसके निस्तारण के कारगार उपायों, कूड़ा निस्तारण, सहित पर्यटन के दृष्टिकोण से नगरीय क्षेत्रों में बनाया गया तालाबों, ओपन जिम, पार्क आदि के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित किया कि सभी नगरीय क्षेत्रों में अवैध होल्डिंग को हटाने का साप्ताहिक अभियान चलाएं। साथ ही हाउसहोल्ड प्रॉपर्टी टैक्स का सर्वे भी करें जिससे कि राजस्व आय की भी प्राप्ति हों।

नगरीय क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले कूड़े का समुचित व्यवस्था करें यथा आवश्यक आरआरसी सेंटर का उपयोग करें अगर कहीं भूमि नहीं उपलब्ध है तो उसकी भी कार्ययोजना बनाकर उसे सम्मिलित करें। साथ ही प्रत्येक नगर क्षेत्र को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास करें जिसके अंतर्गत तालाबों, ओपन जिम पार्क आदि का नव निर्माण करें। इसके लिए सभी क्षेत्रों में सर्वप्रथम भूमि का चिन्हांकन करें तत्पश्चात पर्यटन विकास कार्यों को अंजाम दें 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड फंड से नगर क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न कार्य कराए एवं नगरीय क्षेत्रों को विकास करने हेतु कार्ययोजना बनाकर निकायों में विकास के नए आयाम गढ़े। राजस्व की प्राप्ति के साथ साथ नगरीय क्षेत्रों में मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पार्कों में मिया वाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराए।

नगर विकास के अंतर्गत उपलब्ध फंड का सदुपयोग करें एवं नगर निकायों को स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध और विकसित बनाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए कम्युनिटी टॉयलेट आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, समस्त नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक ने छात्रा पूर्णिमा की हौंसला अफजाई की



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में टापटेन की सूची में तीसरे स्थान पर रही प्रतिभाशाली छात्रा पूर्णिमा यादव को रविवार को विधायक महाराजी प्रजापति ने सम्मानित किया। विधायक ने पूर्णिमा यादव को माला पहनाई। साइकिल और पैसे देकर उसकी हौसला अफजाई की। विधायक की ओर से अरुण प्रजापति ने अग्रसेन बालिका इंटर कालेज के प्रबंधक डा अजय अग्रहरि को भी माला पहनाकर सम्मान बढ़ाया। डेढपसार निवासी पूर्णिमा यादव के पिता राम अधीन यादव , विकास खंड अमेठी में रोजगार सेवक हैं।मां गृहिणी हैं। पूर्णिमा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। रविवार को विधायक महाराजी प्रजापति अपने कार्यालय की टीम के साथ डेढपसार पहुंची और छात्रा के माता-पिता को बधाई देते हुए पूर्णिमा का हौंसला बढ़ाया। विधायक ने कहा कि पूर्णिमा की उच्च शिक्षा में हर सम्भव सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रुदल यादव, अरुण प्रजापति, हरी लाल प्रजापति, हरीराम यादव एडवोकेट, अशोक कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रार्थी की भूमि पर अवैध कब्जा, तत्काल न्याय की मांग

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** प्रार्थी व उसके भाई फरीद अहमद ने एक किता प्लाट टाउन एरिया महराजगंज, परगना सेमरौता, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली को प्लाट के स्वामी वासुदेव सिंह चौहान पुत्र सुन्दर सिंह चौहान निवासी ग्राम सिकन्दरपुर परगना सेमरौता, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली से जरिए पंजीकृत बैनामा कय किया था जो बही संख्या 1 जिल्द संख्या-76 पृष्ठ 321 से 332 कमांक 553 पर सबरजिस्ट्रार महराजगंज जिला रायबरेली मे 1999 मे दर्ज है उक्त प्लाट पर कय किये जाने के समय से प्रार्थी आदि का शान्तिपूर्ण कब्जा व दखल चला आ रहा था उक्त प्लाट समय के अनुसार कीमती हो गयी है जिस कारण उस पर कुछ अराजकतत्वो एवं भू-माफियो की नजर काफी समय से थी और उसी के अनुक्रम में विपक्षी अश्वनी सिंह, आशुतोष पुत्रगण विजयपाल सिंह, सुशील सिंह, लाखन सिंह, महेश सिंह पुत्रगण स्व. राम सुमेर सिंह, प्रेमा सिंह पत्नी राम सुमेर सिंह बिना किसी स्वत्व व अधिकार के प्रार्थी आदि के उक्त प्लाट पर जबरन जे0सी0बी0 मशीन लगाकर कब्जा करने का प्रयास कर रहे है और कहते हैं कि प्रशासन और पुलिस हमारी जेब मे है और हम कब्जा करके दिखायेगें। प्रार्थी ने पुलिस व प्रशासन से काफी मदद की गुहार की लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर प्रार्थी ने न्यायालय की शरण लेते हुए एक स्थायी निषेधाज्ञा का वाद फरीद अहमद आदि बनाम आशुतोष सिंह आदि उपरोक्त लोगो के विरूद्ध दिनांक 03.05.2025 को न्यायालय श्रीमान सिविल जज जू0डि0 रायबरेली के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमे विपक्षीगण की ओर से पहले से कैबिएट दाखिल है ऐसे में विपक्षीगण को उपरोक्त वाद की जानकारी को गयी परन्तु इन सबके बावजूद को कानून एवं पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक प्रक्रिया को धता बताते हुए विपक्षीगण फिर से उक्त प्लाट पर जे0सी0बी0 मशीन लगाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने लगे जिस पर प्रार्थी के भाई फरीद अहमद ने अपने पुत्र के माध्यम से कमिश्नर महोदय लखनऊ, आई0जी0 महोदय लखनऊ, श्रीमानजी को, एवं जिलाधिकारी महोदय रायबरेली को मोबाइल के माध्यम से प्रार्थना पत्र आदि देकर न्याय की गुहार लगायी परन्तु इन सबके बावजूद विपक्षीगण के विरूद्ध कोई भी कानूनी कार्यवाही नही की गयी है और न ही अब तक अवैध कब्जे को प्रशासन द्वारा रूकवाये जाने का प्रयास ही किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि अराजक और भूमाफिया लोगो के सामने प्रशासन असहाय हो चुका है और न्यायालय में मुकदमा दायर होने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। प्रार्थना है कि मामले का संज्ञान लेकर तत्काल अवैध कब्जा रूकवाये जाने एवं माननीय न्यायालय के समक्ष लम्बित वाद के प्रति सम्मान बनाये रखने हेतु उचित आदेश पारित करने की कृपा करे।

## सांसद ने देवरिया बेलडांड मार्ग का किया निरीक्षण



**देवरिया।** प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में 'डबल इंजन' की सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। लंबे समय के इंतजार के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से तैयार देवरिया बेलडाड़ मार्ग देवतुल्य जनता के सुलभ आवागमन के लिए तैयार है। उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया बेलडांड मार्ग के निरीक्षण के दौरान कहीं ।सदर सांसद ने सोमवार को देवरिया बेलडाड़ मार्ग का विभागीय अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सड़क अपनी पूर्णता की ओर है, बस किनारे की पट्टियों पर काम होने वाला है। उल्लेखनीय है कि सांसद शशांक मणि ने इससे पहले इस सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर लखनऊ में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के उच्च अधिकारी से मुलाकात कर कार्य को तेज करने की बात कही थी, उसके बाद देवरिया में स्थानीय अधिकारियों से हर हफ्ते रिपोर्ट देने को कहा था, जिसका नतीजा है कि सड़क का निर्माण पूरा हो सका। निरीक्षण के दौरान निशी रंजन तिवारी, ब्लॉक प्रमुख पिंटू जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, मंडल अध्यक्ष अरविंद चौहान, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजन सोनकर, भाजपा विजय प्रताप मणि, दिवाकर मिश्र, लकी पांडेय, ओमकार राव, आरईएस विभाग के इंजीनियर और भाजपा के कई कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## 7 मई को एक देश एक चुनाव पर कार्यशाला



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सदर सांसद ने पुरवा स्थित कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मिलकर 7 मई को देवरिया क्लब में होने वाले एक देश एक चुनाव की कार्यशाला सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव को लेकर भाजपा सरकार संवेदनशील है और जगह जगह कार्यशालाएं आयोजित कर आम जनता की राय ली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच बहुत विराट है और इसी कारण एक देश एक चुनाव जैसे बड़े फैसले लेने के लिए देश की आम जनता की राय ली जा रही है। उन्होंने सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों से अपने दायित्वों के निर्वहन की अपील करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन करने की अपील की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, मंत्री अरविंद पांडे बबुना, आनंद शाही, निर्मला गौतम, गिरिजेश मणि त्रिपाठी, निशिरंजन तिवारी, रामाशीष प्रसाद, दिवाकर मिश्रा, संजय सिंह सैंथवार, अंबुज शाही, मारकंडे गिरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीवानी न्यायालय स्थित लॉकअप का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,



रायबरेली राज कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा दीवानी न्यायालय स्थित लॉकअप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी बृजपाल वर्मा से लॉकअप में निरुद्ध बन्दियों के बाबत जानकारी ली गयी। इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा लॉकअप में बन्दियों के मध्य जाकर लॉकअप में साफ-सफाई का जायजा लिया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लॉकअप में पर्याप्त साफ-सफाई नहीं पाये जाने पर सम्बन्धित को उचित साफ-सफाई हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये। दौरान निरीक्षण लॉकअप में 54 पुरुष व 02 महिला बन्दी की निरुद्धि बताई गयी। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बताया गया कि लॉकअप में एकझास फैन लगवाएं जाने की आवश्यकता है जिससे बंदियों को स्वस्थ सांस लेने में समस्या का सामना करना पड़े। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात कुछ सुरक्षाकर्मी उचित वेश-भूषा में नहीं पाये जाने पर उनको निर्धारित पोशाक में रहने हेतु निर्देशित किया गया। लॉकअप में बन्दियों से सम्बन्धित रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी बृजपाल वर्मा के द्वारा बताया गया न्यायालय में पेशी के लिए जनपद रायबरेली, जनपद अमेठी व महिला बन्दियो को तीन अलग-अलग वाहनों में लाया जाता है।

# एसडीएम के निर्देश पर दो स्टाम्प विक्रेताओं का लाइसेंस निरस्त

अवधनामा ब्यूरो

- 10 रूपये के स्टाम्प को 30 रुपए में बेचने पर हुई कार्रवाई

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने बताया कि दरोगा गोड पुत्र सुन्दर गोड निवासी सपहा तहसील कसया जनपद कुशीनगर द्वारा समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के समक्ष प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र 3 मई को तहसील स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा 10 रूपये मूल्य का स्टाम्प 30 रूपये लेकर जनता को विक्रय किया जा रहा है से आवेदन पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण की जांच तहसीलदार कसया से कराते हुए तहसीलदार कसया की आख्या दिनांक 03.05.2025 के अनुसार सु स्नेहलता प्रजापति व श्रीमती रीमा प्रशिक्षु लेखपाल को तहसील परिसर में स्थित स्टाम्प विक्रेता अब्दुल गफ्फार अंसारी पुत्र वकील अंसारी, एवं प्रेमनाथ जायसवाल के पास स्टाम्प क्रय हेतु भेजा गया। रीमा द्वारा से 10 रूपये मूल्य का स्टाम्प क्रय किया गया। 10 रूपये मूल्य के स्टाम्प के सापेक्ष उक्त स्टेम विक्रेता द्वारा 20 रूपये लिया गया जिसका भुगतान यूपीआई के माध्यम से प्राप्त किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में लेखपाल की लिखित आख्या स्वतंत्र साक्षी देवानन्द पाण्डेय का बयान एवं लेखपालगण के साथ उपस्थित राजस्व निरीक्षक साखोपार की आख्या एवं यूपीआई के माध्यम से किए गए भुगतान की रसीद सहित उपजिलाधिकारी कसया द्वारा अपने पत्र दिनांक 03 मई 2025 द्वारा जनहित के दृष्टिगत उक्त दिनों स्टाम्प विक्रेता की लाईसेंस निरस्त किए जाने हेतु आख्य संस्तुति सहित प्रेषित किया गया है।

अपर जिलाधिकारी ने स्टाम्प विक्रेता अब्दुल गफ्फार अंसारी स्टाम्प विक्रेता तहसील कंपाउंड कसया, निवासी शिवपुर डीह, पो0 सखवनिया, तहसील व थाना कसया, एवं प्रेमनाथ जायसवाल, स्टाम्प विक्रेता तहसील कंपाउंड कसया, निवासी ग्राम कसया, तप्पा मैनपुर, पो0 कसया तहसील/थाना कसया की उक्त कृत्य भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अंतर्गत स्टाम्प विक्रय लाईसेंस हेतु दिए गए प्राविधानों के विपरित है। उपरोक्त के क्रम में उपजिलाधिकारी कसया के रिपोर्ट पर जनहित के दृष्टिगत उक्त स्टाम्प विक्री लाईसेंस संख्या 65 एवं 09 बिक्री स्थान तहसील कम्पाउण्ड कसया तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया जाता है तथा निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बन्ध में अपना लिखित स्पष्टीकरण एक सप्ताह में प्रस्तुत करें।

## नौजवानों को नया इतिहास लिखना चाहिए: मक़सूद

**देवरिया।** भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के नेउरहां गांव स्थित मां जगत जननी धाम के तत्वावधान में रविवार की देर शाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान तमाम रचनाकारों ने अपनी रचनाएं पेशकर वाहवाही बटोरी। इस दौरान कवि व शायर मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने अपनी रचना-नए सवेरा में नया सूरज निकलना चाहिए, खुश्क चमन में नई कलियां भी खिलना चाहिए।एक नया भारत बनाने का इरादा मन में हो, नौजवानों को नया इतिहास लिखना चाहिए प्रस्तुत कर देश के विकास के लिए नौजवानों का आह्वान किया। इसके अलावा जियाउल्लाह अंसारी ने कौमी एकता पर रचना पढा। जबकि रंगीला हिंदुस्तानी ने धार्मिक व सामाजिक गीत,विनीत मिश्र अंकित ने देवी गीत, हृदयानन्द विशाल ने कंजूस की कहानी, वेदप्रकाश मिश्र ने समाजिक बुराई, सुबाष यादव ने देशभक्ति गीत व प्रमोद चौधरी ने ग़ज़ल प्रस्तुत किया।

## समतामूलक समाज के संस्थापक थे बाबा साहबः पवन

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा भारतरत्न बाबा



साहब डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने अनुसूचित वर्ग के प्रबुद्धजन से मुलाकात किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने रामनाथ देवरिया निवासी रेलवे से रिटायर्ड डॉ बाबूराम को अंगवस्त्र और सरकार की विकास पुस्तिका भेंट कर सम्मानित किया। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि बाबा साहब न्याय एवं समतामूलक समाज के स्थापना के लिए सदैव प्रयासरत रहे, उनके महान व्यक्तित्व एवं जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार बाबा साहब के सपने को साकार करते हुए अंत्योदय वर्ग के उत्थान के लिये संकल्पित है। इस अवसर पर राजेश कुमार, अरुण मिश्र, अशोक कुमार, राजन धर द्विवेदी, सुमन्त चतुर्वेदी, नित्यानंद पाण्डेय उपस्थित रहे।

# शाहजहांपुर जनपद में स्वास्थ्य विभाग की दयनीय स्थिति

■ CHC नगरिया जलालाबाद में मौके पर उपस्थित नहीं रहते कर्मचारी

अवधनामा संवाददाता




**शाहजहांपुर।** यूपी के शाहजहांपुर में स्वास्थ्य विभाग की पोल खोलने वाली तस्वीर सामने आई है जहां सड़क हादसे में घायलों को लेकर पहुंचने पर स्वास्थ्य कर्मी नजर नहीं आए। जलालाबाद स्थित नगरिया CHC की दयनीय स्थिति यह है कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायलों का इलाज तो दूर जब उन्हें रेफर करने का नंबर आया तो मौके स्टॉफ भी नहीं था और एक घंटे इंतजार करने के वावजूद एंबुलेंस नहीं आई। जिसके चलते चार घायलों में एक घायल ने तड़प तड़प कर दम तोड़ दिया। CHC की अगर बात की जाए तो यहां मोबाइल की रोशनी में दो वार्ड वॉय नजर आए। चारों घायल घंटो CHC में तड़पते रहे लेकिन मौके से चिकित्सा अधीक्षक और संबंधित स्टाफ नदारद मिला। एक वार्ड वॉय ने जैसे तैसे मरहम पट्टी करने का प्रयास किया लेकिन वह ना काफी था। घायलों को जलालाबाद की नगरिया CHC से शाहजहांपुर रेफर करने के लिए मौके पर कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था। घटना की सूचना मिलने पर घायलों के नाते रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस के लिए 108 और 112 पर फोन लगाया गया,लेकिन घंटो एंबुलेंस का इंतजार करने पर भी जब एंबुलेंस नहीं पहुंची तो,किसी तरह प्राइवेट एक गाड़ी से दो घायलों को रिश्तेदार शाहजहांपुर के लिए लेकर रवाना हुए। थाना जलालाबाद क्षेत्र के कोलाघाट पुल के पास दो बाइक आमने-सामने टकरा गई थी जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे जिनको रोड पर पड़ा देख रहा हीरो ने जलालाबाद के नगरिया सीएचसी मैं भर्ती कराया जिसमें एक घायल बालक राम ने स्वास्थ्य विभाग के लापरवाही के चलते दम तोड़ दिया और घायल धीरेंद्र निवासी पचदेवरा हरदोई नरेंद्र निवासी सगाई थाना मिर्जापुर और सतपाल को शाहजहांपुर प्राइवेट गाड़ी से भेजा गया जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित CHC/PCH के कमोबेश यही हालात हैं जब उपरोक्त मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारी सीएचसी पर सभी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं एंबुलेंस आने में थोड़ा वक्त लगा और प्राइवेट वाहन से तीन घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया फिर भी अगर कोई ऐसी घटना हुई है तो उसकी जांच की जाएगी और अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक्सरे वार्ड की पुष्प राठौर पर करणी सेना ने लगाए आरोप

**तिलहर/शाहजहांपुर।** करणी सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने एक्सरे वार्ड की महिला कर्मचारी पुष्पा राठौर पर बदतमीजी से बात करने के साथ ही और भी गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। करणी सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर ओम वीर सिंह राठौर ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में महिला कर्मचारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2 मई 2025 को अपने पुत्र का एक्सरा कराने गया था। वहां पर कार्यरत पुष्पा राठौर अन्य लोगों से बदतमीजी से बात कर रही थी। जब मैने उन्हें मन किया तो वे उसी भाषा में मुझसे भी बात करने लगी। इस मामले मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक्सरे वार्ड में कार्यरत महिला कर्मी पुष्पा राठौर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे सबसे आखिर में पर्चा लेकर आए थे। उन्हें पहले एक्सरा कराना चाहिए था लेकिन उन्होंने अपनी पॉवर दिखाने के साथ अपना परिचय दिया और काफी गर्मी से बात की जबकि उनकी बात शांति से सुन कर एक्सरा किया इस बारे में आप उस समय मौजूद मरीजों से जानकारी ले सकते हैं, यहां सबके नंबर लिखे हैं।

# तिलहर में तैनात डॉक्टर नाजनीन परवीन पर

■ अवैध धन वसूली करने का मांगने का आरोप




**तिलहर/शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर में तैनात डॉक्टरों पर वैसे तो अक्सर सुविधा शुल्क के रूप में अवैध धन वसूली के आरोप लगते ही रहते है लेकिन सबसे अधिक मरीजों से अवैध वसूली मामले में ड्यूटी समय में महिला डॉक्टर नाजनीन परवीन पर अवैध धन वसूली किए जाने की चर्चा आम रहने लगी है।

परवीन नामक महिला मरीज ने महिला डॉक्टर नाजनीन परवीन पर अवैध धनवासुली किए जाने का साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग कर अस्पताल से बहार निकलवाने की धमकी भी दिए जाने का आरोप लगाते हुए चिकित्सा अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मोहल्ला इमली निवासिनी महिला मरीज परवीन ने चिकित्सा अधीक्षक को लिखित रूप से बताया कि तीस अप्रैल दो हजार पच्चीस को वो ओ पी डी समय में पर्चा बनवा कर महिला डॉक्टर नाजनीन परवीन के पास दिखने गई। उन्होंने सरकारी पर्चे पर कुछ दवाएं लिख कर एक और सादे पेपर पर बाहर की दबाईयां लिख कर दो सौ रुपए की मांग की जिसका साधारण यूबी विरोध करने पर वे बुरी तरह आग बबूला हो कर अभद्र व्यवहार कर गार्ड से धक्के देकर अस्पताल के बाहर निकवाए जाने की धमकी देने लगी। इस दौरान उन्होंने जी भड़के मेरी बेइज्जती की।

इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमेंद्र राठौर ने बताया कि तमाम शिकायतें मौखिक रूप से मिल रही है जिसके संबंध में उन्हें कई बार चेतावनी दी गई है परंतु आपके इस लिखित शिकायती पत्र पर जांच कर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## नेट/जे आर एफ की परीक्षा की उत्तीर्ण



**सुलतानपुर।** गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर के गणित विभाग के छात्र नीरज विश्वकर्मा सुपुत्र राजकुमार विश्वकर्मा ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (सी.एस. आई.आर.) की नेट/ जे.आर.एफ .2025 की परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर 164 रैंक प्राप्त करते हुए जे.आर.एफ. की पात्रता प्राप्त की है। नीरज ने महाविद्यालय से एम.एस-सी.गणित की परीक्षा वर्ष 2024 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। छात्र की इस गौरवशाली उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ.ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी,प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अंग्रेज सिंह, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जयशनाथ मिश्र, विभाग के प्राध्यापक रवि शंकर शुक्ल व डॉ.शिशिर श्रीवास्तव और महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों तथा कर्मचारीगणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बस स्टेशन पर पकड़े गए असलहाधारी, अवंतिका फ़ूड मॉल के सामने रोकी गयी गाड़ी



**सुल्तानपुर।** नगर के बस स्टेशन पर अवंतिका फूड मॉल के पास एक लग्जरी कार पकड़ी गई। बिना नंबर की कार पर सवार कई लोगों को पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में नगर कोतवाली के करीब लेकर गई।बताया जाता है की गाड़ी सफेद रंग की है। जिसमें अवैध असलहा लेकर चलने की भी सूचना है। असलहों का लाइसेंस नहीं मिलने पर पुलिस ने कोतवाली के बाहर सभी को रोका हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों से लाइसेंस भी मंगवाया हुआ है। जिसको लेकर लोगों में अफरा तफरी का माहौल है। नगर कोतवाली के बाहर गहमागहमी का माहौल है। बताया जाता है कि उक्त वाहन में पुलिस को मौके पर अशलहो का लाइसेंस नहीं मिला। वहां मौजूद एक महिला ने मिडीया कर्मियों को बर्गलाने का प्रयास किया। वहीं साथ मे मौजूद एक व्यक्ति के खुद को सत्ता धारी दल का सक्रिय सदस्य बताते हुए कैमरे से मुँह मोड़ लिया।

## सपा विधान सभा इसौली की मासिक बैठक संपन्न



**इसौली,सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी विधान सभा इसौली की मासिक बैठक विधान सभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव की अध्यक्षता में विरधौरा मोड़ हीरानगर विकासखण्ड बल्दीराय में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधान सभा अध्यक्ष द्वारा संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया और इसी के साथ पी डी ए के जननायक राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अनवरत एवं अथक प्रयासों के चलते जातीय जनगणना कराने की घोषणा हुई, इसके बारे में भी आम जनमानस के बीच में चर्चा करने की जिम्मेदारी संगठन के पदाधिकारियों को दी गई। महासचिव रियाज़ अहमद द्वारा मतदाता सूची में नाम बढ़ाने पर विशेष जोर दिया, बैठक का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष बल्दीराय बृजेश यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर तनवीर खान,अजय कुमार राम लखन मौर्य राम देव यादव, बद्रीनाथ यादव, रंजीत यादव, अनुराग यादव राम नारायण विस्कर्मा रमेश यादव रविशंकर यादव सिराज अहमद उर्फ़ बाबा, सत्यदेव यादव, हृदय राम यादव, मनुराम यादव, अकबर अली, आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के लिए किया जा रहा प्रयास लाया रंगः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के नौ विकास खण्डों के 1025 स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक निवेश निधि (सी0आई0एफ0) धनराशि रु0 15 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपए की प्राप्ति हुई। जिलाधिकारी के प्रयासों के परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद फिरोजाबाद के 9 विकास खण्डों के 1025 स्वयं सहायता समूह को सामुदायिक निवेश निधि सीआईएफ की (धनराशि रु0 15,37,50, 000) 15 करोड़ 37 लाख 50 हजार रुपए धनराशि प्राप्त हुई है, इस धनराशि से ग्रामीण क्षेत्रों की समूहों से आच्छादित महिलाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के नेतृत्व में यह प्रयास किया जा रहा है कि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने, जिलाधिकारी का यह निरंतर प्रयास है कि समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों को बनाने में आर्थिक तंगी का सामना न करना पड़े, समूह की महिलाओं के द्वारा कांच की चूड़ियां, कांच के कंगन, कांच के खिलौने, कांच की मूर्तियां आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है, इसके अलावा इनके द्वारा गोवंश के गोबर से दीपक, मूर्तियां, माला आदि बनाए जा रही हैं, जिलाधिकारी का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं समूहों से जुड़े जिससे उनकी आत्मनिर्भरता तो बड़े ही, साथ ही वह अपने परिवार के लिए एक मजबूत स्तंभ भी बन सकें।

## न्यूज़ कलर एण्ड स्कैच ड्रॉइंग कम्पटीशन स्थगित

**फिरोजाबाद।** 11 मई 2025 को प्रस्तावित कलर एण्ड स्कैच ड्रॉइंग कम्पटीषन होने जा रहा था वह अपरिहार्य कारणोंवश स्थगित कर दिया गया है यह जानकारी न्यूज प्रबन्धक द्वारा दी गयी है।

न्यूज से प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 मई 2025 दिन रविवार को एक कलर एण्ड स्कैच ड्रॉइंग कम्पटीशन का आयोजन नगर के किड्स कॉर्नर हैप्पी सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में प्रस्तावित था। न्यूज प्रबन्धक ने बताया कि कलर एण्ड स्कैच ड्रॉइंग कम्पटीशन किन्ही अपरिहार्य कारणोंवश अभी निरस्त अर्थात स्थगित कर दिया गया है। उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित सभी विद्यालयों को अवगत करा दिया गया है जिन छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था वह अपने-अपने विद्यालयों में रजिस्ट्रेशन स्लिप देकर रजिस्ट्रेशन फीस वापिस प्राप्त कर लें। प्रबन्धक ने छात्र-छात्राओं एवं सम्बन्धित विद्यालय को हुयी असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

# सामाजिक सरोकार मेरा पहला उद्देश्य, खेलो को बढ़ावा देने का होगा प्रयासः नितिन

■ सिंह मेडिकल को मिला इनफील्ड मोटरसाइकिल का प्रथम पुरुस्कार

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** जनपद में आम जनमानस को सस्ती दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई कम्पनी गलिम्स हेल्थ केयर की डिस्ट्रीब्यूटर बंसल ड्रग एजेंसी के प्रोप्राइटर नितिन बंसल ने कम्पनी के वार्षिक सम्मेलन के अवसर पर बताया कि हम लोग चार वर्ष से लगातार इस तरह का काम करा रहे हैं जिसमें समाजिक सरोकार हेतु हर वर्ष हम लोग कुछ न कुछ अवश्य करते हैं। इस वर्ष हम लोगो ने खेल को बढ़ावा देने का निर्णय लिया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के धावक संजीव कुमार सिंह को सम्मानित करते हुए उनकी दौड़ में काम आने वाले उन्हें शूज़ भेंट किए गए। इस अवसर पर कम्पनी के एमडी अनुराग रॉय व उनकी पत्नि शिवांगी रॉय तथा मेरी पत्नि ज्योति बंसल व बेटा कृष्णा भी उपस्थित रहा। हरियाली रिज़ॉर्ट में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में दवा के बिक्री में सबसे अव्वल रहे सिंह मेडिकल को इनफील्ड मोटरसाइकिल व द्वितीय स्थान पर रहे मिर्ज़ा मेडिकल को 70 इंच का टीवी दिया गया है। संस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच-बीच में सैकड़ो प्रोत्साहन इनाम भी वितरित किए गए। बहराइच में इस तरह के इकलौते कार्यक्रम के कारण लोंगो को साल भर इस कार्यक्रम का इन्तेज़ार रहता है। बंसल ड्रग एजेन्सी ने हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग दो दर्जन ऐसे पत्रकारों को सम्मानित किया जो अपनी फील्ड में बेहतर कार्य कर रहे हैं।

# निःशुल्क कैंसर चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ जिले के नियो हॉस्पिटल पर लगा चिकित्सकों का जमावड़ा




**बहराइच।** कैंसर की बीमारी शहर प्रदेश और देश में बहुत तेज़ी से फैल रही है और जो ग़रीब ज़रूरतमंद कैंसर रोग से पीड़ित है तथा पैसा ना होने के कारण अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है उनके उपचार और कैंसर रोग को रोकने और उसके उपचार के लिए बहराइच शहर के चांदपुरा चौराहे के पास नियो हॉस्पिटल के द्वारा बहराइच के आम नागरिकों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के साथ साथ निःशुल्क कैंसर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया निःशुल्क कैंसर शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि रितु शाही राज्य मंत्री सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि कुदरत उल्ला ख़ान अध्यक्ष इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के कर कमलों द्वारा किया गया शिविर में प्रदेश और देश के वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ एन ए सिद्दीकी के साथ डॉ एस ए जावेद एम डी जनरल फिजिशियन डॉ मो. खालिद उमर ख़ान जनरल फिजिशियन द्वारा मुंह गले, फेफड़े, पेट, स्तन, लिवर हड्डियों, सर्वाइकल, प्रोस्टेट, अंडकोष, ब्रेन, स्पाइन, बच्चेदानी, त्वचा, ल्यूकीमिया लिमफोमा, मायलोमा जैसे बच्चों एवं बड़ों के समस्त कैंसर का मुफ्त इलाज किया और दवाएं निःशुल्क प्रदान कीं शिविर के आयोजन में सभी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रितु शाही ने कहा कि बीमारी से डरे नहीं बल्कि डटकर उसका मुकाबला करें और अपने खान पान पर ध्यान दें सिगरेट मसाला गुटका और पॉलिथीन का त्याग करें ताकि आपका शरीर मज़बूत और स्वस्थ रहे और अपने परिवार बच्चों और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें आज जो यह कैंप लगाया गया है इस शिविर के सभी डॉक्टरों और आयोजक राशिद जमील ख़ान का आभार व्यक्त करती हूं कि इन सभी लोगों ने देश के समस्त नागरिकों को स्वस्थ रखने के लिए और कैंसर जैसी बीमारी से बचाव और उसके निशुल्क उपचार के लिए जो कार्य किया है वह सराहनीय है आप लोगों को जब भी जहां भी मेरी आवश्यकता हो मैं हमेशा आप लोगों का सहयोग करने के लिए तैयार हूं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जो पिछले 15 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर के माध्यम से लोगों की जान बचाने का काम कर रहे हैं और अब तक खुद 57 बार रक्तदान कर चुके हैं और जो ग़रीब ज़रूरतमंद ग़रीबी के कारण अपना इलाज नहीं करा पा रहे थे और एक लंबे समय से बड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे उनके इलाज के लिए इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी के माध्यम से और उससे जुड़े हुए लोगों की मदद से कई लोगों का सफल इलाज करा कर उनकी जान बचाने का बेमिसाल काम करने वाले कुदरत उल्ला ख़ान ने अपनी बात रखते हुए कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और यह जीवन जो हमको मिला है यह दूसरों की मदद करने के लिए मिला है क्योंकि अपने लिए तो जानवर जीतें मगर अपनों के लिए और समाज के लिए जीने वाला ही इंसान कहलाता है शिविर में बहराइच और उसके आसपास के क्षेत्र से सैकड़ो कैंसर पीड़ितों ने अपना निशुल्क इलाज कराया कार्यक्रम के आयोजक राशिद जमील ख़ान ने अंत में सभी अतिथियों डॉक्टरों पत्रकारों और समाजसेवियों का शुक्रिया अदा किया, कैंसर शिविर में कैंसर पीड़ितों के साथ-साथ बड़ी संख्या में शहर की गणमान्य हस्तियों में पत्रकार समाजसेवी, चिकित्सक, अधिवक्ता मौजूद रहे और सभी ने कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी राशिद जमील ख़ान, डॉ एन ए सिद्दीकी, डॉ एस ए जावेद, डॉ मो.खालिद उमर खान के देश हित में किए गए इस कार्य की जमकर प्रशंसा की।

# हज ट्रेनिंग कैम्प में दी गयीं जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** हज 2025 के लिये जाने वाले पुरुष और महिलाओं को हज के रीत-रिवाज की जानकारी देने के लिये साहित्यिक व सामाजिक संस्था बज़्मे फ़रोगे अदब की तरफ से हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन मस्जिद आयशा मोमिन नगर लालपुर मण्डी पर किया गया जिसमें हज पर जाने वालों के लिए हज से संबंधित कई जानकारियां दी गई ।

हज सऊदी अरब के मक्का शहर में मिना के मैदान मुज़दलिफ़ा और अराफ़ात के दरमियान किया जाता है। हज की सारी रस्में चांद की 8 तारीख से चांद की 12 तारीख तक होती है पहले दिन हाजियों को मिना के मैदान में खेमों में ठहराया जाता है दूसरे दिन अराफ़ात के मैदान में शाम तक हाजी लोग ठहरते हैं और गुनाहों से तौबा करते हैं।अपनी जिंदगी की खुशहाली और अपने देश के लिये अम्न चौन की दुआ करते है। तीसरे दिन काबा की परिक्रमा करते हैं। चौथे और पांचवें दिन जमरात पर कंकरियां मारकर हज की रस्में पूरी करते हैं।

हज की रस्मों की सही आदायगी करने की की जानकारी के लिये बज़्मे फ़रोगे अदब के सौजन्य से कैम्प का सफ़ल आयोजन किया गया। हज पर जाने वालौं का स्वागत किया गया और हज गाइड बुक, मैडीकल किट, इत्र, तस्वीह, आदि सामान सप्रेम भेंट किया गया। हाजी असलब अदीबि ने ट्रेनिंग दी और मौलाना आमल मुस्तफ़ा याकूबी ने हज की बारीकियां समझाई। ट्रेनिंग में हज पर जाने वालौं में रऊफ अहमद, जहीर, मुश्ताक़ खान, मौहम्मद फ़्हीम,अख्तर अली,खलील अहमद, मुबारक खान, अब्दुल जब्बार, अब्दुल वाहिद, मोहम्मद ज़ैद, रियाजउद्दीन, महिलाओं में अस्मा, यास्मीन बेगम, आयशा बेगम, रवीना बानो, सन्जीदा बेगम आदि उपस्थित रहे। मौलाना सहीमुद्दीन साहब, डा0जफ़र अहमद, हाजी अनवर, हाजी राहत, मुसद्दस हुसैन आदि की उपस्थित सराहनीय रही।

## करंट से गौ वंश की मौत

**टूंडला।** नगर के स्टेशन रोड डॉ. घोष की कोठी के सामने सारस्वत एंक्लेब मार्ग पर एक बंद पड़ी दुकान के शटर में आ रहे करंट से एक निराश्रित गौ वंश की करंट लगने से मौत हो गई। गौ वंश की मौत पर आसपास के निवासियों व राहगीरों ने विद्युत विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि नगर में आए दिन विद्युत करंट से गौ वंशो की मौत हो रही है, लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही विभागीय कर्मचारी कानों में रुई डालकर बैठे हुए हैं, विद्युत कर्मचारी जनता का फेन तक उठाना जरूरी नहीं समझते कई बार शिकायत करने के बावजूद कर्मचारी कोई सुनवाई नहीं करते नगर में कई जगह विद्युत पोलों पर तार झूल रहे हैं,व विद्युत पोलो में करंट दौड़ रहा है, जिससे कभी भी इस तरह जन हानि भी हो सकती है। वहीं अपने आप को गौ सेवा में तत्पर रहने के बड़े बड़े दावे करने वाले नगर के गौ संगठन पदाधिकारी निराश्रित गौ वंश की मौत पर गौ वंश के घंटो पड़े रहने के बावजूद कहीं नजर नहीं आए जिससे उनका केवल फेटो खिंचा कर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना दर्शाता है।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, बॉसी सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : 714/2025-26 दिनॉक : 05 मई, 2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक-एस0एस0ए0/ निर्माण/1975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड बांसी के निम्नलिखित विद्यालयों की नीलामी की जानी है-

| क्रम संख्या | नीलामी वाले विद्यालय का नाम | भवन के प्रकार | नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 चेतिया द्वितीय | 01 मूल भवन | 75000 |
| 2 | कम्पो0 विद्यालय बरांव नानकार | 01 मूल भवन | 74000 |
| 3 | कम्पो0 रेहरा | 01 मूल भवन, 05अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 275000 |
| 4 | प्रा0वि0 रुद्रपुर | 02 मूल भवन, 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 150000 |
| 5 | कम्पो0 उ0मा0वि0कन्या नरकटहा | 01 मूल भवन | 121000 |
| 6 | कम्पो0 उ0मा0वि0 तेलौराघाट | 01 मूल भवन | 65000 |
| 7 | प्रा0वि0 गोनहाडीह | 01 मूल भवन, 02 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 143000 |
| 8 | कम्पो0 विद्यालय अजगरा | 01 मूल भवन | 77000 |
| 9 | प्रा0वि0 बडहरघाट | 01 मूल भवन | 78000 |
| 10 | प्रा0वि0 नेउरी | 01 मूल भवन | 71000 |
| 11 | पू0मा0 वि0 अत्तरमू नानकार | 01 मूल भवन | 135000 |
| 12 | प्रा0वि0 नवइला | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 20000 |
| 13 | प्रा0वि0 नवइला | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 22000 |
| 14 | प्रा0वि0 पिपरहीया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 17000 |
| 15 | प्रा0वि0 पिपरहीया | 01 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष | 16000 |

उक्त नीलामी दिनांक 13.05.2025 को दिन में 01 बजे ब्लाक संसाधन केन्द्र बॉसी पर होगी, नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत नगद जमा करने के उपरान्त ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/संस्था के पक्ष में नीलामी की जायेगी। जिसे 03 दिनों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिनों में मलवा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी बी0आर0सी0 बॉसी पर चस्पा है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**बांसी, सिद्धार्थनगर।**



## कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या।

पत्रांकः 08/अ0वि0 प्रा0अयो0/सम्पत्ति अनु0/2025-26 दिनांक : 05.05.2025

**आवश्यक सूचना**

समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कु0 सिन्धुजा त्रिपाठी पुत्री स्व0 शिवम त्रिपाठी निवासी- परिक्रमा मार्ग खोजनपुर भारतीय स्टेट बैंक के बगल, तहसील-सदर, परगना-हवेली अवध जनपद-अयोध्या द्वारा भवन संख्या-मिनी.एल.आई.जी- 43 के आवंटी स्व0 शिवम त्रिपाठी पुत्र स्व0 सूर्य नारायण त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 23.12.2021 के उपरान्त सम्बन्ध प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण किये जाने हेतु विकास प्राधिकरण, अयोध्या से अनुरोध किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्र. | मृतक का नाम व पता | योजना का नाम एवं का विवरण | सम्बन्ध प्रमाण पत्र के अनुसार उत्तराधिकारी का नाम व पता |
|---|---|---|---|
| 1. | स्व0 शिवम त्रिपाठी पुत्र स्व0 सूर्य नारायण त्रिपाठी, निवासी-परिक्रमा मार्ग खोजनपुर भारतीय स्टेट बैंक के बगल, तहसील-सदर, परगना-हवेली अवध जनपद-अयोध्या | भवन संख्या-मिनी. एल.आई.जी-43 कोशलपुरी कालोनी फेज-2 तहसील-सदर, परगना-हवेली अवध जनपद-अयोध्या | 1. श्री वेदान्त त्रिपाठी पुत्र स्व0 शिवम त्रिपाठी व कु0 सिन्धुजा त्रिपाठी पुत्री स्व0 शिवम त्रिपाठी निवासी-परिक्रमा मार्ग खोजनपुर भारतीय स्टेट बैंक के बगल, तहसील-सदर, परगना-हवेली अवध जनपद-अयोध्या |

उपरोक्त विवरण के सम्बन्ध प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण किया जाना है। यदि किसी हितबद्ध व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो समाचार में प्रकाशित तिथि से 30 दिन के अन्दर अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या को सूचित करने का कष्ट करें। अन्यथा निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा व नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति,**
**अयोध्या विकास प्राधिकरण**
**अयोध्या।**

# मौदहा में सिलेंडर विस्फोट से छह घर जले

**लाखों का नुकसान, पीड़ितों ने मांगी राहत**

हिफजुर्रहमान



**मौदहा (हमीरपुर)** जिले के मौदहा कस्बे में रविवार सुबह एक भीषण हादसे में सिलेंडर फटने से छह घर जलकर राख हो गए। यह घटना मुहल्ला नई बस्ती, उपरौस वार्ड नंबर 14 में सुबह करीब 10:30 बजे हुई, जब मुहम्मद यासीन पुत्र मुन्ना के घर में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास के पांच अन्य घरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ।

प्रभावित परिवार और नुकसानः आग की चपेट में आए परिवारों में मुहम्मद यासीन पुत्र मुन्ना, शबाना बानो पत्नी शरीफ, मुहम्मद ताहिर पुत्र मुन्ना, सितारा बानो पत्नी अब्दुल वहीद, सन्नो पत्नी इमामुद्दीन और गायत्री प्रजापति पत्नी राकेश कुमार शामिल हैं। सभी परिवारों की गृहस्थी, जिसमें कपड़े, बर्तन, नकदी, फर्नीचर, और अन्य जरूरी सामान शामिल थे, जलकर खाक हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, प्रत्येक परिवार को 5 से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ितों का कहना है कि इस हादसे ने उनकी जिंदगी को पूरी तरह तबाह कर दिया।

**प्रशासनिक कार्रवाईः** घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, तहसील प्रशासन और लेखपाल मौके पर पहुंचे। हल्का लेखपाल ने नुकसान का जायजा लिया और प्रारंभिक जांच पूरी कर ली। सोमवार के दिन पीड़ितों ने सांसद हमीरपुर-महोबा के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र सौंपकर तत्काल राहत राशि, पुनर्वास, और नए सिलेंडर की मांग की है। खास बात यह है कि सासंद स्वयं पीड़ितों के साथ जाकर जिलाधिकारी से मिले। प्रशासन ने राहत प्रक्रिया शुरू करने और पीड़ितों को अस्थायी आश्रय प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

**पीड़ितों का दर्दः** मुहम्मद यासीन ने रोते हुए कहा, सब कुछ मिनटों में खत्म हो गया। अब हमारे पास न खाने को है, न रहने को छत। गायत्री प्रजापति ने बताया, हमारे बच्चों के कपड़े, किताबें, सब जल गया। सरकार हमारी मदद करे, वरना हम सड़क पर आ जाएंगे। शबाना बानो ने कहा, हमारी जमा-पूंजी तक जल गई। अब हम क्या करें? स्थानीय लोग भी इस हादसे से स्तब्ध हैं और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**सुरक्षा पर सवालः** इस हादसे ने सिलेंडर सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था की कमी, और संकरी गलियों में आपातकालीन सेवाओं की पहुंच को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सिलेंडर की गुणवत्ता और उपयोग की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। साथ ही, अग्निशमन सेवाओं को और सुदृढ़ करने की जरूरत पर बल दिया गया है। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन और सरकार से तत्काल आर्थिक सहायता, पुनर्वास, और सुरक्षित सिलेंडर उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वे इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए शीघ्र राहत सुनिश्चित करें, ताकि वे अपने जीवन को फिर से शुरू कर सकें। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर सासंद अजेंद्र सिंह राजपूत के साथ उन के ब्लाक प्रतिनिधि शादाब हुसैन बिट्टू तथा सभासद अतीक भी मौजूद रहे।

### हादसे का कारण और स्थानीय स्थिति

प्रारंभिक जांच में सिलेंडर लीकेज को आग का कारण माना जा रहा है, हालांकि विस्तृत जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी भयावह थी कि उसे बुझाने में घंटों लग गए। अग्निशमन विभाग की टीम को मौके पर पहुंचने में देरी हुई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। क्षेत्र में संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को पहुंचने में भी परेशानी हुई।

# आईएमए इटावा की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

**हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी के दुबे बने आई एम इटावा ब्रांच के अध्यक्ष**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** आई एम ए के द्वारा आई एम ए भवन पक्का तालाब पर नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आई एम ए स्टेट प्रेसिडेंट डॉ पी के अग्रवाल गेस्ट ऑफ़ ऑनर प्रोफेसर पीके जैन वाइस चांसलर सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी तथा स्पेशल गेस्ट डॉ एसपीएस चौहान पूर्व प्रेसिडेंट आई एम ए स्टेट यू पी रहे।

नई कार्यकारिणी में इटावा के विख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी के दुबे को आई एम इटावा ब्रांच के अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण कराई गई, उनके साथ में शहर के जाने-माने रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर हिमांशु यादव को सचिव तथा डॉ रमाकांत रावत निदेशक सिया देवी मेमोरियल हॉस्पिटल को कोषाध्यक्ष की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सभी आई एम ए सदस्यों तथा आए हुए मेहमानों ने नई कार्यकारिणी के सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई दी। आई एम ए स्टेट प्रेसिडेंट डीआर पीके अग्रवाल ने प्रैक्टिस में आने वाली विभिन्न समस्याओं का जिक्र किया तथा आई एम ए के द्वारा किए गए विभिन्न कार्यो की चर्चा की, जिसमें फायर प्रिवेंशन मेडिकल पॉल्यूशन की समस्या तथा मेडिकल प्रैक्टिस में आने वाली विभिन्न समस्याओं कि उन्होंने चर्चा की। नए अध्यक्ष और सचिव तथा नई कार्यकारिणी को बहुत-बहुत बधाई दी द्वसैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर पीके जैन ने डॉ डी के दुबे तथा उनकी नव गठित टीम को बधाई दी और आशा की की नई टीम नए विचारों के साथ आई एम ए को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। इस अवसर पर इटावा ब्रांच के सभी पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित भी किया गया तथा उनके योगदान को याद किया गया। समारोह का संचालन आई एम ए इटावा के पूर्व सचिव/वरिष्ठ शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डी के सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर एमएम पालीवाल आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ एस सी गुप्ता डॉक्टर वीके गुप्ता डॉक्टर अभिताभ श्रीवास्तव डॉक्टर आई के शर्मा डॉ संजीव यादव तथा अन्य आई एम ए सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी के सदस्यों को बधाइयां।

# अनपरा परियोजना को मिला प्रशंसा पत्र



**परियोजना प्रमुख जे.पी कटियार ने गिनाईं उलब्धियां**

अवधनामा संवाददाता

**अनपरा/सोनभद्र।** अनपरा तापीय परियोजना के अतिथि गृह में आज सोमवार को प्रेसवार्ता करते हुए परियोजना प्रमुख जे.पी कटियार ने अनपरा तापीय परियोजना की उपलब्धियों को गिनते हुए कहा कि डॉ. रूपेश कुमार (आई.ए.एस) प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. द्वारा अनपरा परियोजना को वित्तीय वर्ष 2024-25 विभिन्न उपलब्धियों के लिए प्रशंसा पत्र मिला। प्रशंसा पत्र में अनपरा परियोजना के सभी अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों को इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए, प्रबंधक निदेशक द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि अनपरा तापीय परियोजना के अनपरा-द ताप विद्युत गृह (2×500 मे.वा.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में इकाईयों के संचालन में ताप विद्युत गृह द्वारा सर्वश्रेष्ठ सहायक संयंत्र खपत 6.01 प्रतिशत (मा.यू.पी.ई.आर.सी.मानक 6.25 प्रतिशत के सापेक्ष) प्राप्त किया है जो कि उत्तर प्रदेश के सभी तापीय परियोजनाओं में सर्वश्रेष्ठ है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की ताप विद्युत गृह द्वारा सर्वश्रेष्ठ हीटरेट 2303 कि. कै/यूनिट प्राप्त किया है जो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सभी तापीय परियोजनाओं (सबकिटिकल इकाईयों) में सर्वश्रेष्ठ है। और अनपरा तापीय परियोजना के अनपरा - ब ताप विद्युत गृह (2×500 मे.वा.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में इकाईयों के संचालन में ताप विद्युत गृह द्वारा सर्वश्रेष्ठ विशिष्ट तेल खपत 0.242 मि.ली./यूनिट (मा.यू.पी.ई. आर.सी. मानक 0.50 मि.ली./ यूनिट के सापेक्ष) प्राप्त किया है जो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सभी तापीय परियोजनाओं में सर्वश्रेष्ठ है। इसके साथ ही इकाई सं-04 का बिना किसी ट्रिपिंग के निरंतर संचालन दर्शाता है कि ताप विद्युत गृह टीम की संचालन क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं अनुशासन अत्यंत उच्च स्तरीय है। यह उपलब्धि ताप विद्युत गृह टीम की कड़ी मेहनत, नियोजित रख-रखाव, और उत्कृष्ट प्रबंधन प्रणाली का प्रतिफल है। प्रेसवार्ता के दौरान जे.पी कटियार सीजीएम, डी.एन यादव जीएम, मधु मुखरैया जीएम, निखिल चतुर्वेदी जीएम, विजय बहादुर जीएम, कर्मेंद्र सिंह डीजीएम, महेंद्र सिंहडीजीएम, अरुण प्रताप कुशवाहा डीजीएम, अनिल कुमार, रमेश कुमार, सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक 05 मई 2025 सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5. नगर पंचायत घोरावल में 2. नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2. नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 7, नगर पंचायत रेनुकूट में 1. नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 2. समस्त निकायों में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# नारायण कालेज ने किया युपीएससी-2024 में चयनित छात्रा युक्ति पाण्डे का सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायण कॉलेज के सभागार में इटावा जिले की होनाहार छात्रा, यू.पी.ए.सी-2024, में चयनित युक्ति पान्डे का गर्व एवं हर्ष के साथ सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में नारायण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्?यूशन की निर्देशिका डा.श्रेता तिवारी, नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड-आटेस के प्रधानाध्यापकचार्य डा.धर्मेंद्र शर्मा, हायर एजुकेशन के प्रधानाचार्य योगेश दुबे ने इटावा जिले का पूरे देश में नाम रोशन करने वाली, यूपीएसी-2024 में चयनित छात्रा युक्ति पाडे को विशाल पुष्प माला पहना कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। युक्ति पान्डे का सम्मान नारायण कॉलेस ऑफ़ साइंस एण्ड आट्र्स के छात्र-छात्राओं के मध्य, प्रेरणा एवं कौतुहल का विषय बना रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि युकित पाण्डे न सिर्फ नारायण कालेज ऑफ साइंस एण्ड आटेस के छात्र-छात्राओं के लिये प्रेणा स्त्रोत हैं बल्कि पूरे इटावा जिले के लिये प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने ने न सिर्फ अपने माता-पिता का सपना साकार किया है अपितु यूपीएससी. में चायनित होने की तैय्यारी करने वाले अन्य छात्र-छात्राओं के हौसलों को भो

एक नई उड़ान दी है। उन्होंने आगे कहा कि %युक्ति पांडे से प्रेणा लेते छोटे शहरों के छात्र- छात्राओं को भी बड़े लक्ष्य बनाकर सफलता की ओर %अगृसर होना चाहिए। अंत में उन्होंने युक्ति पाण्डे के उनके ÷उज्जवल भविष्य की अपार शुभकामनाएं दी। नारयण ग्रुप की निर्देशिका डा.स्रेता तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि युक्तिका पाण्डे का चयन विशेष रूप से के लिये एक छात्र छात्राओ के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। छात्राओ को उनसे सीख लेकर कठिन परिश्रम के द्वारा समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी रहना चाहिये। नारायण कॉलेज का विशाल टेगोर ओडिटोरियम तालियो की गड़गड़ाहट से तब गुजू उठा जब मंच पर युक्ति पान्डे ने माइक हाथ मे लेते हुए, छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया उन्होने कहा कि लक्ष्य कोई भी छोटा था बड़ा नह होता। हमें चाहिये की हम स्वयं के प्रति ईमानदार एवं उत्तरदायी हो जाये। यदि स्वयं पर नियंत्रण के साथ कठिन परिश्रम करें और अपने विचारों को लक्ष्य पाने की और केंद्रित रखें तो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने आगे कहा की उनके लिये उनके माता पिता के सपने प्रेणा स्रोत थे। उन्होंने उनके सपनो को पूरा करने के लिये अपना लक्ष्य, यूपीएससी में चयन होना बनाया जिसके लिये उन्होंने अपने गुरुजनों के माध्यम से सही विषयों का चयन किया एवं स्वयं को इसकी तैय्यारी के लिये समर्पित कर दिया। इसका परिणाम ये हुआ कि आज मेरे माता पिता के सपने साकार÷हो गये है। इन्होंने कहा कि अब मेरा लक्ष्य देश की सेवा करना है। उन्होंने आगे कहा कि छात्राओं के लिये समाज में समान अवसर हैं बस उनके इस इरादे में ढूढ़ता होनी चाहियें। उन्हें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने अंत में नारायण कॉलेज परिवार को धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सिद्धार्थ बाल शिक्षा प्रसार समिति ने कराए 6 सामूहिक विवाह



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सिद्धार्थ बाल शिक्षा प्रसार समिति इटावा द्वारा संचालित सिद्धार्थ सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह कोकिला उत्सव गार्डन निकट 28 बटालियन पीएसी में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि श्याम सुंदर चौरसिया ओम श्री पागल बाबा भरथना व उमेश गुप्ता जी सी ए जसवंतनगर, भंते जी नन्द रतन महाथैरो, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, केपी सिंह शाक्य प्रबंधक पंचशील, तुलाराम शाक्य अध्यापक, विशुन सिंह कुशवाहा अध्यापक, रामधन शाक्य, विमलेश ज्वेलर्स, विवेक शाक्य युवा शाक्य संगठन, निर्मल बौद्ध ने बेटियों को आशीर्वाद उनके सुखमय जीवन जीने की प्रकृति से कामना की जिसमें समिति के पदाधिकारी प्रबंधक कुसुमा शाक्य, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर शाक्य, लज्जाराम शाक्य, दीपक शाक्य, ऋषिकांत शाक्य, इंद्रशेखर, रवि शाक्य, भूपेश शाक्य, शिशुपाल शाक्य, मृदुल शाक्य आदि उपस्थित रहे। संचालन अजय शाक्य एडवोकेट ने किया।

### एसएमजीआई में एम.बी.ए.का रहा शानदार परिणाम



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के अन्तर्गत संचालित सर मदनलाल इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (सम्बद्व ए.के.टी.यू., लखनऊ) में अध्ययनरत् एम.बी.ए तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने शानदार परीक्षा परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है। संस्था के डायरेक्टर डा0 उमा शंकर शर्मा एवं प्राचार्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह ही ए.के.टी.यू., लखनऊ द्वारा घोषित एम.बी.ए.तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम इस बार भी शत-प्रतिशत रहा है। एम.बी.ए.तृतीय सेमेस्टर में निधी पाण्डेय ने 79.16 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, इशिका जैन ने 74.75 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सागरिका ने 73.83 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, सचिन पाल ने 73.16 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं दीक्षा सिंह ने 71.84 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा0विवेक यादव ने संस्थान के छात्रों के इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा0उमाशंकर शर्मा एवं इन्स्टीट्यूट एवम् विभागाध्यक्षा श्रीमती नीतू सक्सेना सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हिस्ट्रीशीटर 2.5 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिसोलर पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर रोहित शर्मा (32 वर्ष) को 2 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजे के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त, जो ग्राम परेहटा, थाना सिसोलर, हमीरपुर का निवासी है, को पुलिस ने रविवार को धर दबोचा।थाना सिसोलर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा संख्या 48/2025, धारा 8/20 NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया। रोहित शर्मा का आपराधिक इतिहास लंबा है, जिसमें चोरी, अपहरण, गुंडा एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे 8 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जयकुमार सिंह, हेड कांस्टेबल लवलेस कुमार, कांस्टेबल नवीन कुमार और कांस्टेबल भगवान सिंह शामिल थे। पुलिस का यह अभियान अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार जारी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए प्रचार वैन रवाना, जनता को किया जागरूक



**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, जो 10 मई 2025 को आयोजित होगी, के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर ने प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में रविवार को नोडल अधिकारी लोक अदालत श्री अनिल कुमार खरवार और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार पांडेय ने जनपद न्यायालय परिसर से प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वैन ने बस स्टैंड, कालपी चौराहा, सिटी फॉरेस्ट, जिला अस्पताल, दीक्षित तिराहा, रमेडी, लक्ष्मीबाई तिराहा, सुमेरपुर सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आम जनता को लोक अदालत के महत्व और लाभों के बारे में जागरूक किया। इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को लोक अदालत में अपने विवादों के निपटारे के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि यह आयोजन सफल हो सके।

### शिविर में 1122 मरीजों का हुआ सफल परीक्षण

**शिकोहाबाद।** कल्याणं करोति मथुरा द्वारा संचालित श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान मथुरा एवं श्याम स्टील लिमिटेड कोलकता के तत्वाधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का अयोजन हरिशंकर फार्म हाउस मैनपुरी रोड पर किया गया। जिसमें 1122 मरीजो ने पंजीकरण कराया। वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों का सफल परिक्षण किया। इस दौरान 33 मोतियाबिन्द के मरीजो को निःशुल्क ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

### वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग के लिये होगा सहायक : भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यकम नगर पालिका सभागार रॉबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुयी संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे जी व विशिष्ठ अतिथि के रुप मे नगर पालिका अध्यक्ष रॉबर्ट्सगंज रूबी प्रसाद जी मौजूद रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा अनवर अली व संचालन वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के सह संयोजक अल्ताफ कादरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि भूपेश जी ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 कमजोर वर्ग एवं मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रुप से मजबूत करने मे सहायक साबित होगा आगे कहा कि वक्फ इस्लामी कानून के अंतर्गत स्थापित एक अपरिवर्तनीय धर्मार्थ निधि है, जिसे भारत में वक्फ अधिनियम, 1995 के तहत मान्यता प्राप्त और विनियमित किया जाता है। वक्फ बोर्ड और उनके द्वारा नियंत्रित सम्पत्तियाँ भारत में इस्लामिक जीवन के महत्वपूर्ण अंग हैं, क्योंकि वे अनगिनत मस्जिदों, धार्मिक और परोपकारी संस्थानों के संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि 2018 की केंद्रीय वक्फ परिषद रिपोर्ट के अनुसार भारत में 8 लाख एकड़ से अधिक वक्फ संपत्ति है, जिसकी अनुमानित कीमत रू0 10 लाख करोड़ से अधिक है। यू0पी0ए0 सरकार द्वारा प्रस्तुत वक्फ संशोधन अधिनियम, 2013 ने वक्फ बोर्ड की शक्तियों का विस्तार करके मनमाने ढंग से भूमि अधिग्रहण को सक्षम करके सम्पत्ति के अधिकारों को कमजोर कर दिया। इसमें पारदर्शिता की कमी और हितधारकों की चिंताओं को नजर अंदाज करने के साथ ही बिना किसी नियम कानून के फैसले किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ठ अतिथि रूबी प्रसाद जी ने कहा कि जैसे-राज्य-वित्तपोषित सर्वेक्षण और वक्फ संपत्ति पर प्रतिबंध राज्य सरकार के अधिकार और गैर-मुस्लिम दान को शामिल करने की सीमाएँ, वक्फ परिषद की बढ़ी शक्तियाँ और वक्फ संपत्ति पर लेनदेन पर प्रतिबंध, राज्यों पर बोझ और मनमाने भूमि दावे, यू0पी0ए0 सरकार द्वारा 2014 के विधेयक में वक्फ बोर्ड को और अधिक व्यापक शक्ति देने का प्रस्ताव किया गया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में फिटनेस का जश्न

**विंध्य क्लब की 7-दिवसीय वॉक/रन चैलेंज रही अभूतपूर्व सफलता**

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल टाउनशिप में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर नया जोश देखने को मिला, जब विंध्य क्लब द्वारा आयोजित 7-दिवसीय वॉक/रन चैलेंज में 121 लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कर्मचारियों और उनके परिवारजनों सहित इन प्रतिभागियों ने रोजाना कम से कम 2 किलोमीटर चलने या दौड़ने का लक्ष्य अपनाया। इस पहल की सबसे बड़ी उपलब्धि रही कि 80 प्रतिभागियों ने सातों दिन नियमित रूप से चलकर या दौड़कर इस चुनौती को पूरा किया। सामूहिक रूप से उन्होंने 4,430 किलोमीटर की दूरी और 772 घंटे की मेहनत से यह दिखा दिया कि फिट रहना केवल व्यक्तिगत लक्ष्य नहीं, बल्कि सामुदायिक प्रयास भी हो सकता है। 4 मई 2025 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकरी निदेशक (विंध्याचल), डॉ. बीसी चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), सुमन कुमार सिंह अपर महाप्रबंधक (प्रचालन) तथा संदीप कोहली अपर महाप्रबंधक (ईएमडी) उपस्थित रहे।

इन सभी ने प्रतिभागियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ न केवल स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि पूरे टाउनशिप में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार भी करती हैं। विंध्य क्लब की यह पहल इस बात का प्रमाण है कि जब समुदाय साथ आता है, तो फिटनेस एक उत्सव बन जाता है।

# डॉ. अखिलेश पटेल द्वारा रीढ़ के हड्डी का सफल ऑपरेशन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** नेशनल हॉस्पिटल धर्मशाला रोड, राबर्ट्सगंज सोनभद्र में मरीज साहिद पुत्र अल्ताफ अली उम्र 16 वर्ष ग्राम दूबेपुर पोस्ट-पवनी जिला सोनभद्र का निवासी है, जो दिनांक-23.04.2025 को शाम के समय पहाड़ पर से गिर गया था, तत्काल मरीज को लेकर जिला अस्पताल लोढ़ी गये फिर वहों पर इनके मरीज का इलाज हुआ, लेकिन मरीज को कोई आराम न मिलने के कारण मरीज को नेशनल हॉस्पिटल राबर्ट्सगंज सोनभद्र के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 अखिलेश पटेल जी से चिकित्सीय परामर्श किये वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ0 अखिलेश पटेल ने मरीज की बिमारी का निश्चित रूप से इलाज हो जायेगा। हड्डी रोग चिकित्सक डॉ0 अखिलेश पटेल ने मरीज को देखने के बाद आश्वासन देते हुये कहा की मरीज की रीढ़ की हड्डी टूट गयी है और दोनों पैर काम करना बंद कर दिया है और बताया की मरीज का D11 (डी0 इलेवन) फैक्चर के साथ-साथ पैराप्लेजिया हो गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की मेगा बैठक

**बाढ़-सूखे से निपटने की रणनीति तैयार**

हिफजुर्रहमान



**हमीरपुर।** संभावित बाढ़ और सूखे की चुनौतियों से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में बाढ़ और सूखे से निपटने की फूलप्रूफ रणनीति पर गहन चर्चा हुई, जिसमें सभी संबंधित विभागों को तत्काल तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के सख्त निर्देशः नावों का चिन्हांकन और उनकी मजबूती की जांच तुरंत शुरू करें। खराब नावों को ठीक कराएं और नाविकों व ग्राम प्रधानों के मोबाइल नंबर संकलित करें।

**रसद और राहत सामग्रीः** जिला पूर्ति अधिकारी को राशन, डीजल, पेट्रोल और गैस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण की पहले से तैयारी। स्वास्थ्य और पशुपालनः स्वास्थ्य विभाग को जरूरी दवाइयों का स्टॉक तैयार करने और पशुपालन विभाग को पशुओं के टीकाकरण, चारे व भूसे की व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश।

**विद्युत और सड़कः** जलभराव वाले क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था और बाढ़ प्रभावित सड़कों की मरम्मत का प्लान तैयार करें।

**रेड जोन पर विशेष फोकसः** बाढ़ के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष कार्ययोजना और गोताखोरों का चिन्हांकन। चेतावनी तंत्र और बाढ़ चौकियांः सूचना तंत्र को मजबूत करें, बाढ़ चौकियों को दुरुस्त करें और ऊंचे स्थानों का चिन्हांकन करें।

**लू और पेयजल पर जोरः** जिलाधिकारी ने भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ की अनिवार्य व्यवस्था और टैंकरों की कमी को दूर करने का आदेश। नहरों में टेल तक पानी और तालाबों को नियमित भरने पर जोर। अन्ना पशु आश्रय स्थलों में भूसा, पानी और छाया की पुख्ता व्यवस्था के लिए कहा गया। अवैध कब्जों पर सख्तीः टैंकरों और हैंडपंपों पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं होगा। सभी का सार्वजनिक उपयोग सुनिश्चित हो। बैठक में सीडीओ, एडीएम (वित्त, राजस्व, न्यायिक), अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, एसडीएम, अधिशासी अभियंता (मौदहा बांध, विद्युत, पीडब्ल्यूडी), डीपीआरओ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी और नगरीय निकायों के अधिकारी मौजूद रहे।

**हमीरपुर अब तैयारः** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने आपदा प्रबंधन की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। यह बैठक आपदा से निपटने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती को धूमधाम से मनाएगी रेलवे समिति

**टूंडला।** आगामी 31मई को होल्कर समाज की महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती को रेलवे समिति टूंडला बड़ी धूमधाम से मनाएगी। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए समिति की बैठक एमडी पब्लिक स्कूल लाइनपार में आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष कर्षण लोको नियंत्रक देवकीनंदन ने बताया कि आगामी एक दो गोष्ठी कर मातेश्वरी की जयंती को अंतिम रूप दे दिया जायेगा। समिति सदस्य सुनील बघेल ने कहा कि आगामी 300 वीं जयंती हेतु जो भी मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि समिति द्वारा चिन्हित किए जायेंगे उन्हें शीघ्र ही आमंत्रण पत्र पहुंचाने का काम समिति द्वारा किया जायेगा। बैठक में समिति के सदस्य रोहित, पवन, यसपाल, मदन लाल, मुकेश, राजेश, गौरवपाल, जयंती प्रसाद, रामनन्दन सिंह, गुड्डू बघेल, मनोज, दुर्वेश, रविन्द्र बघेल, प्रशांत, श्रीकान्त, रजनीश, सचिन, विजयपाल, नेमसिंह आदि मौजूद रहे।

# 'समय से भुगतान न करने वाली गन्ना मिलों पर देरी करने पर कार्रवाई के निर्देश'

- चीनी मिलों के कार्यदिवस बढ़ाकर 155 करने के निर्देश
- 9.81 लाख लोगों को मिला प्रत्यक्ष रोजगार: सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने समय से भुगतान न करने वाली गन्ना मिलों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा है कि चीनी मिलों को गन्ना खरीद के लिए कमांड एरिया का निर्धारण उनके गन्ना मूल्य भुगतान के रिकॉर्ड के आधार पर किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जो मिलें भुगतान में देरी या हीलाहवाली करें, उनके खिलाफ सख्ती होगी। मुख्यमंत्री सोमवार को चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे। विभागीय अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के जरिये गन्ना मूल्य भुगतान, उत्पादकता, आधारभूत संरचना, रोजगार और भावी योजनाओं की जानकारी दी गई। सीएम ने कहा कि बेहतर गन्ना पैदावार के लिए किसानों को उन्नत किस्म के बीज समय पर उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके), चीनी मिलों और गन्ना समितियों को मिलकर कार्य करना होगा। खेतों का दौरा कर फसल को देखें। किसान गोष्ठियों में मंत्रियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने गन्ना समितियों को और सशक्त करने की आवश्यकता भी जताई। मुख्यमंत्री ने चीनी मिलों के मौजूदा 142 कार्यदिवसों को बढ़ाकर 155 दिन करने की जरूरत बताई। कोऑपरेटिव व फेडरेशन की चीनी मिलों की गहन समीक्षा के निर्देश भी दिए। इन मिलों की उत्पादन क्षमता के साथ-साथ वहां कार्यरत कार्मिकों की योग्यता का भी आकलन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 285994 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ है, जो 1995-2017 के 2,13,520 करोड़ रुपये की तुलना में 72474 करोड़ रुपये अधिक है। वर्ष 2024-25 में निर्धारित 34466.22 करोड़ में से 83.8 प्रतिशत यानी 28873.55 करोड़ का भुगतान 2 मई तक संपन्न हो चुका है। इसी तरह वर्ष 2016-17 में गन्ना क्षेत्रफल 20.54 लाख हेक्टेयर था, जो 2024-25 में बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी अवधि में उत्पादकता भी 72.38 टन प्रति हेक्टेयर से बढ़कर 84.10 टन प्रति हेक्टेयर तक पहुंची है। राज्य में 45 जिलों में संचालित 122 चीनी मिलें, 236 खांडसारी इकाइयां, 8707 कोल्हू इकाइयां, 65 कोजेन इकाइयां और 44 डिस्टिलरी इकाइयां चल रही हैं। इन इकाइयों से प्रत्यक्ष रूप से 9.81 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2023-24 में 102 डिस्टिलरियों से 150.39 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ है। निजी निवेश से 6771.87 करोड़ रुपये की लागत से अतिरिक्त 105.65 करोड़ लीटर उत्पादन क्षमता स्थापित की जा रही है।

## चचा अमजद हैदर मेदांता के आईसीयू में भर्ती



**लखनऊ।** लखनऊ की मोहब्बत भरी सरज़मीन पर तहज़ीब, शायरी और पत्रकारिता का रूहानी नाम वरिष्ठ पत्रकार व एडवाइज़र एडिटर ग्रुप अमजद हैदर आज मेदांता अस्पताल के आईसीयू में ज़िंदगी की सबसे अहम लड़ाई लड़ रहे हैं। हाल ही में हार्ट अटैक के बाद उन्हें भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने बायपास सर्जरी की तैयारी की थी, मगर फेफड़ों में पानी और तेज़ खांसी के कारण सर्जरी आज स्थगित कर दी गई है। यह अब कल संभावित है। चचा अमजद हैदर केवल एक नाम नहीं, बल्कि एक अहसास हैं—जो कलम से सच्चाई लिखते हैं, ज़मीनी स्तर पर मज़लूमों के हमदर्द बनते हैं, और हर दर्दमंद के लिए रहनुमा साबित होते हैं। उनके अज़ीज़ों, चाहने वालों और तमाम शुभचिंतकों से अपील है कि वे उनकी जल्द सेहत-ए-कामिल और सफल सर्जरी के लिए दुआ करें।

# अस्थमा से नहीं होनी चाहिए एक भी मौत

- फिर भी हर साल मर रहे दो लाख लोग
- एलर्जी की वजह से अधिक होता है अस्थमा

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** अस्थमा को लेकर लोगों में जागरूकता की भारी कमी है, जिसके चलते पूरी दुनिया में 4 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। मरने वालों में 50 फीसदी लोग भारत के होते हैं। यानी कि करीब दो लाख लोग प्रतिवर्ष भारत में अस्थमा से अपनी जान गंवा देते हैं। जबकि अस्थमा से एक भी मौत नहीं होनी चाहिए, फिर भी लोग मर रहे हैं।

इतना ही नहीं, अस्थमा के चलते जीवन की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ रहा है। अस्थमा पीड़ित बच्चों को स्कूल और बड़े लोगों को अपना काम तक छोड़ना पड़ता है। इस बीमारी से सबसे अधिक समस्या महिलाओं को उठानी पड़ती है, इससे आप समस्या का अंदाजा स्वत~ लगा सकते हैं। यह कहना है किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय स्थित पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश का। उन्होंने यह बातें विश्व अस्थमा दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का निदान समय रहते बीमारी की जानकारी होना है।

उन्होंने बताया कि दुनियाभर में इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या इसकी गंभीरता बताने के लिए काफी है। पूरी दुनिया में 26.2 करोड़ लोग अस्थमा से प्रभावित हैं, वहीं पूरी दुनिया में प्रतिवर्ष लगभग 4.55 लाख लोगों की इस बीमारी से मौत हो जाती है। वहीं भारत में करीब 2 लाख लोगों की मौत इस बीमारी से होती है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि इस बीमारी की रोकथाम को लेकर किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। यूपी में करीब 50 लाख लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, इस बीमारी की चपेट में करीब 10 प्रतिशत बच्चे भी हैं। डॉ. वेद के मुताबिक इनहेलेशन उपचार तक पहुंच सभी अस्थमा रोगियों की आवश्यकता है, तो आइए हम सभी मिलकर प्रत्येक अस्थमा रोगी को खुलकर सांस लेने में मदद करें। उन्होंने बताया कि दमा को अगर हराना है, सांसों को बचाना है, तो इन्हेलर अपनाना है।

डॉ. वेद प्रकाश ने बताया कि अस्थमा एलर्जी की वजह से अधिक होता है, जनसंख्या में एक तिहाई लोग जीवन में कभी न कभी एलर्जी का शिकार होते हैं। बड़े शहरों में हवा की गुणवत्ता खराब होते ही इसका सबसे बुरा असर अस्थमा पीड़ितों पर ही पड़ता है। ऐसे में हमें पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए।

# अवध क्षेत्र में अवधी लोकनृत्य गीत की बहार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** दीपांजलि संस्था के द्वारा पांच मई को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में अवधी लोकगीत और लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव रामलाल वर्मा को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनलाल गंज के ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला सहित विनीता तिवारी एवं चक्रवीर सिंह को आमंत्रित किया गया था।

इस कार्यक्रम की मनमोहन शुरुआत रिंकी सिंह और किरन के द्वारा पेश देवी गीत तोहरी शरण हम अवनि हैं जगदम्बे मइया के साथ हुई। इस क्रम में सोहर गीत के बाद मेला गीत बैल गाडी मा हमका बिठाय के पिया मेलवा घुमाय दा सुनाया गया। विवाह गीत, चैती, खेमटा, नकट, चौमासा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कलाकारों ने मोरे राजा छतरिया छवावो की रस के बूंद पड़ी पेश किया। इसमें ग्रामीण अंचल की झलक नृत्य के माध्यम से प्रभावी रूप में दर्शायी गई।

किसानी गीत खेत मा झूमे गेहुँवा के डाली जइसे लागे, सोनवा के बाली, सासू पनिया कैसे जाऊँ रसीने दोऊ नैना पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कजरी कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आई ननदी ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में योगिता, श्रीयांशी, कंचन, अंजू, मानसी, अश्वनी, शैलेन्द्र शर्मा ने सुंदर नृत्य संयोजन पेश किये। प्रियंका सिंह ने ढोलक, महेश पाल ने की-बोर्ड, अनादि खरे ने हा हारमोनियम और शैलेन्द्र सिंह अनिल ने साइड रिदम पर संगीत दी। इसके साथ ही विनीता और नीलम पाण्डेय ने भी गायन में अपने स्वर दिये। कार्यक्रम का निर्देशन मोहित कपूर के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के समापन की घोषणा एवं आभार ज्ञापन संस्था की अध्यक्ष मंगेश लता द्वारा किया गया।

## पर्यटन मंत्री डॉ. भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का करेंगे निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कल 06 मई, 2025 को अपराह्न 04 बजे भारत रत्न डा0 भीमराव आम्बेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र ऐशबाग का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। वह मौके पर परियोजना संबंधी कार्यों की समीक्षा तथा अन्य समस्याओं जैसे अनाधिकृत कब्जे को हटाकर निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के संबंध में बैठक भी करेंगे। इस संबंध में विशेष सचिव संस्कृति रवीन्द्र कुमार-प् द्वारा प्रमुख सचिव संस्कृति, पुलिस आयुक्त लखनऊ, जिलाधिकारी लखनऊ, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, निदेशक संस्कृति उप्र तथा कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंध निदेशक सी एण्ड डीएस तथा प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल उप्र लखनऊ को पत्र भेजकर ससमय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

# टीएमयू फार्मेसी में वैभव मिस्टर तो प्रगति मिस फेयरवेल बने

अवधनामा ब्यूरो



- तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फार्मेसी कॉलेज की फेयरवेल पार्टी- स्वस्ति गमनम में हुनर पर दिए गए करीब दो दर्जन से अधिक टाइटल्स

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज की फेयरवेल पार्टी स्वस्ति गमनम में बी फार्म के वैभव डंगवाल को मिस्टर फेयरवेल और डी फार्म की प्रगति को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस और मिस्टर फेयरवेल को स्मृति चिन्ह देकर और सैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। बी फार्मा फर्स्ट् ईयर के नाटक को स्पॉट लाइट, चेतन शर्मा को मास्टर माइंड, कार्तिकेय को इवेंट मस्टेरो, साधना को एनर्जी क्वीन, गोविंद को मिनिमल मैजिकल, आसिफ को द सिलबस् किलर, प्रतिभा को वाइस वेस्पर, फ़ैज़ान को द सिलेंट गाइड, अकबर को चार्मिंग सौल, जिया को वल्यूड लीडर, अमन शर्मा को द व्हाइब क्रियाटोर, मयंक को द लेजेंड इक्नॉन, रिया को सोशल बटरफ्लाई, नवनीत को द देसी स्लाएर, खुशी को एलिजेंस एम्बौड्डीड, साक्षी सिंह को शिम्मेर स्परक्ल, जतिन चौहान को मिस्टर आयरन जेंटल मैन, जैद को कैप्टन ऑफ द शिप, गर्वित गुप्ता को मिस्टर फैशन अलकेमिस्ट, सैफुल को मिस्टर कूल, संदीप को मिस्टर पर्सनालिटी और शवाज़ को मिस्टर रिसोर्सफुल के टाइटल्स से नवाजा गया। इससे पूर्व फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टीएमयू के ऑडी में फेयरवेल पार्टी स्वस्ति गमनम का शुभारम्भ किया।

## प्रशिक्षण हेतु लक्ष्य किये गये निर्धारित

**लखनऊ।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिलों में स्थापित राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्रों एवं सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा जिलों के लिए लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। इन केन्द्रो पर युवक/युवतियों व कृषकों खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र प्रशिक्षण दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रभावी कार्ययोजना व रूपरेखा तैयार कर इच्छित नवयुवकों, नवयुवतियों व किसानों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण दिलाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण कार्यों की लगातार निगरानी भी जाय और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने के प्रभावी प्रयास किए जाएं। प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी फूड प्रोसेसिंग का कार्य कर अपनी आमदनी बढ़ा सकेंगे प्रशिक्षित लोग अपनी यूनिट लगाकर अनुदान व अन्य सुविधाओं का लाभ भी ले सकेंगे।

# भाकपा (माले) का धरना-प्रदर्शन सात मई को

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ज्वलंत जन समस्याओं को लेकर सात मई को लखनऊ समेत मंडलायुक्त कार्यालयों पर प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन करेगी। अभिव्यक्ति की आजादी, लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले, दलितों, महिलाओं व अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, बुल्डोजर न्याय, माइक्रो फाइनेंस के कर्जे, फर्जी बिजली बिल, बिजली के निजीकरण आदि सवालों पर यह कार्यक्रम होगा। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आजमगढ़, बनारस, मिर्जापुर (विंध्याचल), प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर, गोंडा (देवीपाटन), फैजाबाद (अयोध्या), बस्ती, बरेली, झांसी, चित्रकूट, मुरादाबाद व कानपुर मंडल मुख्यालयों पर प्रदर्शन होंगे। मथुरा आदि कुछ अन्य जगहों पर जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम किया जाएगा। माले नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश नफरती हिंसा का केंद्र बनता जा रहा है। बनारस से लेकर अलीगढ़ तक हाल में हुई घटनाएं गवाह हैं। असहमति की आवाज पर पहरा लगा दिया गया है और दमन किया जा रहा है। लोकगायिका नेहा सिंह राठौर व प्रोफेसर माद्री काकोटी का प्रकरण उदाहरण है। महिलाओं, दलितों, अल्पसंख्यकों और समाज के कमजोर वर्गों को हिंसा का निशाना बनाया जा रहा है। सरकार का बुलडोजर न्याय गरीबों को उजाड़ व विस्थापित कर रहा है। माइक्रोफाइनेंस के कर्ज जाल में फंसकर लोग आत्महत्या कर रहे हैं। फर्जी बिजली बिल से लोग परेशान हैं। मनरेगा में कटौती ग्रामीण गरीबों के लिए चिंता का विषय है। स्कीम वर्करों को राज्य कर्मचारी का दर्जा देना लंबित है। सर्वोपरि, हर स्तर पर संवैधानिक अधिकारों व लोकतंत्र को सीमित किया जा रहा है।

## खादी ग्रामोद्योग विभाग देगा आधुनिक पापकार्न मेकिंग मशीन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित निःशुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछड़े वर्ग के पापकार्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगरों एवं इस उद्योग में रुचि रखने वाले अन्य परम्परागत कारीगरों को आधुनिक पापकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। जनपद लखनऊ में पापकार्न उत्पादन एवं बिक्री कार्य करने वाले पिछड़े वर्ग के भुर्जी समाज के इच्छुक व्यक्तियों एवं अन्य जातियों के परम्परागत कारीगरों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, ग्राम प्रधान द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि अभिलेखों के साथ योजना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कार्यालय, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ में 20 मई 2025 तक जमा की जा सकती है।

# भाजपा ने आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की

अवधनामा ब्यूरो




- मुस्लिम तुष्टिकरण और हिन्दुओं का जातिगत विभाजन ही विपक्ष का एक मात्र एजेंडा: संगठन मंत्री

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को वाराणसी में क्षेत्रीय कार्यालय पर विभिन्न बैठको के माध्यम से संवाद करते हुए आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। वाराणसी जिला व महानगर के अनुसूचित वर्ग के जिला व मंडल पदाधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में मंत्रणा की तथा काशी क्षेत्र के 16 जिलो के 337 मंडल अध्यक्षों की बैठक में प्रभावी मंडल कार्यसमितियों के गठन का मंत्र दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने हमेशा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के आर्थिक, सामाजिक उत्थान तथा राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए काम किया। यही कारण है कि देश के सर्वोच्च पदों पर अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया। भाजपा ने अनुसूचित वर्ग के आरक्षण सहित बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर द्वारा प्रदत्त सभी संवैधानिक अधिकारों को सदैव मजबूती देने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण कर रहे है। मोदी ने सफाई कर्मियों के पैर धुलाकर उनका अभिनंदन किया और विश्व को यह संदेश दिया कि भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों में कोई भी व्यक्ति और कोई भी कार्य छोटा नहीं है। श्रद्धेय अटल ने देश में सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत करके सभी को अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करते हुए बाबा साहेब के स्वप्न को साकार करने का काम किया। कोरोना काल में कोई भी गरीब, वंचित व्यक्ति भूखा ना रहे इसलिए सभी को निःशुल्क राशन की व्यवस्था की गई।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण और हिन्दुओं का जातिगत विभाजन ही विपक्ष का एक मात्र एजेंडा है। अखिलेश यादव तथा राहुल गांधी अपने परिवार की राजनैतिक विरासत को बचाने के लिए लगातार देश में जातिगत आधार पर टकराव पैदा करके देश को कमजोर करने का काम कर रहे है। भाजपा का विरोध करते हुए विपक्ष के नेता देश के विरोध में इतना आगे बढ़ जाते है कि उनके वक्तव्यों को देश के शत्रु अपने हित में प्रयोग कर लेते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब का विरोध किया और अनुसूचित वर्ग का वोट बैंक के रूप में उपयोग किया। कांग्रेस ने बाबा साहेब का अन्तिम संस्कार भी दिल्ली में नहीं होने दिया। अपने स्वार्थ में सबसे अधिक संविधान का संशोधन करने वाली कांग्रेस ने अनुसूचित वर्ग के अधिकारो को प्रभावित करने का काम किया। कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 का प्रयोग करके अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण सहित सभी संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने का काम किया। अखिलेश यादव के शासन काल में उत्तर प्रदेश दलित उत्पीड़न का केन्द्र बन गया था। दलितों के घर, खेत, खलिहान पर कब्जे किये गए और उनके खिलाफ झूठे मुकदमें लगवाकर उन्हें प्रताड़ित किया गया।

## अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम के लिये दो करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में चारा और चारागाह विकास के तहत अतिरिक्त चारा कार्यक्रम के लिए वर्तमान वितीय वर्ष में 02 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है।इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अतिरिक्त चारा कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।

शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग योजना के मार्गदर्शन सिद्धान्तों गाइडलाइन्स के अनुरूप करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाणपत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। योजनान्तर्गत सब्सिडी की धनराशि लाभार्थी के बैंक/डाकघर खाते में उपलब्ध करायी जाएगी। किसी भी दशा में सब्सिडी का भुगतान नगद नहीं किया जाएगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है।

# अजय राय ने भारतीय सेना का अपमान किया: भूपेंद्र सिंह चौधरी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए आरोप लगाया कि अजय राय ने भारतीय सेना का अपमान किया है, जिससे कांग्रेस की दूषित मानसिकता देश के सामने उजागर हुई है। चौधरी ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के गोबर को लेकर दिए गए उपहास भरे बयान पर भी तीव्र प्रतिक्रिया जाहिर की है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा राफेल विमान को लेकर दिये गये बयान और विमान की प्रतिकृति पर नीबू-मिर्च लगाकर प्रदर्शित करने को लेकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन का आधिकारिक स्टैण्ड है कि हम सरकार के साथ है, जबकि उनके नेता अपने बयानों से भारतीय सेना को लक्षित करके सेना का मनोबल गिराने के लिए लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी एक दिन पूर्व ही राफेल ने उत्तर प्रदेश से उड़ान भरकर पाकिस्तान को सख्त संदेश दिया और आज उसी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का मजाक उड़ा दिया। उन्होंने कहा कांग्रेस का इतिहास देश विरोधी बयानों से भरा पड़ा है। अजय राय का बयान इस बात का सबूत है कि कांग्रेस भाजपा का विरोध करते-करते भारत और भारतीय सेना के विरोध पर उतर आई है। चौधरी ने विपक्षी नेताओं पर पाकिस्तान का चहेता बनने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज कांग्रेस व सपा सहित इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान पाकिस्तान में खूब पंसद किये जा रहे हैं। राजनैतिक महत्वाकाक्षाएं कांग्रेस को राष्ट्र विरोधी बयान देने के लिए प्रेरित कर रही है। देश जानना चाहता है कि आखिर वह कौन से लोग है, वह कौन सी एजेन्सियां व वह कौन से देश है जिन्हें खुश करने के लिए कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेता देश विरोधी बयान दे रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा और देश की जनता राष्ट्रविरोधी ताकतों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। देश की सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाब देगी और देश की जनता राष्ट्र विरोधी राजनैतिक दलों का सफाया करेगी। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर सनातन संस्कृति का लगातार अनादर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति गो आधारित है और प्रत्येक सनातनी गाय को मां के समान सम्मान देता है।

# गणित ओलम्पियाड में सी.एम.एस. छात्र को 'स्टार परफार्मर अवार्ड'

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र मोहम्मद हुसैन काजमी ने क्रेस्ट गणित ओलम्पियाड में 'स्टार परफार्मर अवार्ड' अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। ओलम्पियाड का आयोजन सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड एक्जाम इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (क्रेस्ट) के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना ने बताया कि इस ओलम्पियाड में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी गणित ज्ञान व तार्किक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर स्टार परफार्मर होने का गौरव हासिल किया और साबित कर दिया कि आगे चलकर यह छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए स्टार मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री खन्ना ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। सी.एम.एस. अपने छात्रों को गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान तथा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# अवध क्षेत्र में अवधी लोकनृत्य गीत की बहार

- विनीता और नीलम पाण्डेय ने भी गायन में अपने स्वर दिये




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दीपांजलि संस्था के द्वारा पांच मई को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में अवधी लोकगीत और लोकनृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव रामलाल वर्मा को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहनलाल गंज के ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला सहित विनीता तिवारी एवं चक्रवीर सिंह को आमंत्रित किया गया था।

इस कार्यक्रम की मनमोहन शुरुआत रिंकी सिंह और किरन के द्वारा पेश देवी गीत तोहरी शरण हम अवनि हैं जगदम्बे मइया के साथ हुई। इस क्रम में सोहर गीत के बाद मेला गीत बैल गाडी मा हमका बिठाय के पिया मेलवा घुमाय दा सुनाया गया। विवाह गीत, चैती, खेमटा, नकट, चौमासा के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए कलाकारों ने मोरे राजा छतरिया छवावो की रस के बूंद पड़ी पेश किया। इसमें ग्रामीण अंचल की झलक नृत्य के माध्यम से प्रभावी रूप में दर्शायी गई।

किसानी गीत खेत मा झूमे गेहुँवा के डाली जइसे लागे, सोनवा के बाली, सासू पनिया कैसे जाऊँ रसीने दोऊ नैना पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कजरी कइसे खेलन जइबू सावन में कजरिया, बदरिया घिर आई ननदी ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में योगिता, श्रीयांशी, कंचन, अंजू, मानसी, अश्वनी, शैलेन्द्र शर्मा ने सुंदर नृत्य संयोजन पेश किये। प्रियंका सिंह ने ढोलक, महेश पाल ने की-बोर्ड, अनादि खरे ने हा हारमोनियम और शैलेन्द्र सिंह अनिल ने साइड रिदम पर संगीत दी। इसके साथ ही विनीता और नीलम पाण्डेय ने भी गायन में अपने स्वर दिये। कार्यक्रम का निर्देशन मोहित कपूर के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के समापन की घोषणा एवं आभार ज्ञापन संस्था की अध्यक्ष मंगेश लता द्वारा किया गया।